मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 235

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com

जयपुर, सोमवार, 20 जुलाई, 2026

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित


12

# सात साल का इंतजार खत्म! सिंधू ने जापान ओपन जीतकर रचा इतिहास, बनीं पहली भारतीय चैंपियन

### अकाने यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**टोक्यो।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने आखिरकार अपने लंबे खिताबी इंतजार को खत्म करते हुए जापान ओपन 2026 का महिला एकल खिताब जीत लिया। टोक्यो में खेले गए बीडब्ल्यूएफ सुपर-750 टूर्नामेंट के फाइनल में सिंधु ने मेजबान जापान की विश्व नंबर-तीन अकाने यामागुची को सीधे गेमों में 21-17, 21-17 से हराकर इतिहास रच दिया। करीब 50 मिनट तक चले मुकाबले में सिंधू ने शुरुआत से अंत तक आक्रामक खेल दिखाया और यामागुची को वापसी का मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ वे जापान ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं।

सिंधू के लिए यह जीत कई मायनों में खास रही। उन्होंने दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद पहली बार कोई बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब अपने नाम किया। वहीं अगर सुपर-750 या उससे बड़े स्तर के टूर्नामेंट की बात करें तो सिंधू ने करीब सात साल बाद कोई बड़ा खिताब जीता है। उनका पिछला बड़ा खिताब 2019 विश्व चैंपियनशिप था, जिसमें उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।



### पहले गेम में 17-17 के बाद लगातार चार अंक

फाइनल का पहला गेम काफी रोमांचक रहा। एक समय स्कोर 17-17 से बराबर था, लेकिन इसके बाद सिंधु ने आक्रामक खेल दिखाते हुए लगातार चार अंक जीते और गेम 21-17 से अपने नाम कर लिया। निर्णायक क्षणों में उन्होंने यामागुची को कोई मौका नहीं दिया।

### पूरे टूर्नामेंट में दिखी पुरानी सिंधू

इस पूरे टूर्नामेंट में सिंधू ने शानदार लय दिखाई। उन्होंने सभी मुकाबले सीधे गेमों में जीते और विश्व की शीर्ष खिलाड़ियों को हराते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। फाइनल में भी उन्होंने अपनी पुरानी रणनीति और धैर्य के साथ खेलते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

### यामागुची पर बढ़ाई बढ़त

सिंधू और अकाने यामागुची के बीच यह 30वीं भिड़ंत थी। इस जीत के बाद भारतीय स्टार ने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले कुछ वर्षों में कई यादगार मुकाबले हुए हैं, लेकिन इस बार सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापानी स्टार को उनके घरेलू दर्शकों के सामने मात दी।

# जम्मू के पुंछ-किश्तवाड़ में बादल फटे, 16 लोगों की मौत

- नगालैंड में भी हुई लैंडस्लाइड, 8 की गई जान
- पुंछ में बाढ़ और भूस्खलन ने मचाई तबाही
- कई लापता, बढ़ सकता है मौतों का आंकड़ा
- एक रात की बारिश ने उजाड़ दिए कई घर



राजौरी में मची भारी तबाही।



लैंडस्लाइड होने पर दबी कई गाड़ियां।

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ और किश्तवाड़ में शनिवार रात बादल फट गए। बाढ़-लैंडस्लाइड में अब तक 16 लोगों की मौत हो गई है। पुंछ के सुरनकोट में लैंडस्लाइड से एक मकान मलबे में दब गया। उस वक्त घर में 8 लोग थे।

इनमें 2 साल के बच्चे समेत 5 लोगों के शव बरामद किए गए। वहीं किश्तवाड़ के सुर्नू इलाके में बादल फटने से लोगों के घरों और खेतों को नुकसान पहुंचा। राजौरी में भी भारी बारिश के बाद धारहाल नदी का जलस्तर बढ़ गया। करीब 200 से 250 गाड़ियां बह गईं। उधर, उत्तराखंड में शनिवार को लैंडस्लाइड के बाद केदारनाथ यात्रा के रूट पर घोड़े-खच्चरों की सेवाएं रोक दी गईं और कैलाश-मानसरोवर यात्रियों का एक जत्था भी रुक गया। इधर नगालैंड के मोन इलाके में हुई लैंडस्लाइड के बाद एनडीआरएफ की टीमों ने मलबे से 8 शव निकाले हैं, जबकि कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है।

### चिनाब नदी का बढ़ा जलस्तर, सलाल बांध के कई गेट खोले

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से चिनाब नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण रियासी जिले के सलाल बांध के कई स्पिलवे गेट खोल दिए गए हैं। जलाशय के जलस्तर को नियंत्रित करने और जलविद्युत परियोजना के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पानी को नियंत्रित तरीके से छोड़ा जा रहा है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और जनता से सतर्क रहने और आधिकारिक सलाह का पालन करने की अपील की है।



जम्मू-कश्मीर के अखनूर में उफनती चिनाब नदी में एक व्यक्ति टायर पर लेटकर एक मोटी लकड़ी को पकड़कर नदी में बहता नजर आया।

### उत्तराखंड में बिजली गिरने से 2 की मौत, भूस्खलन से 84 सड़कें बंद

उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच हरिद्वार जिले में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। राज्यभर में भूस्खलन के कारण 84 सड़कें बंद हो गई हैं, जिनमें दो राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल हैं। मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। 20 जुलाई के लिए देहरादून, हरिद्वार और टिहरी जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि नैनीताल, उत्तरकाशी और पौड़ी में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

### उपराज्यपाल ने तुरंत राहत सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बारिश और अचानक आई बाढ़ से प्रभावित जिलों की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत और मदद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सिन्हा ने कहा कि उन्होंने डिप्टी कमिश्नरों और सीनियर अधिकारियों को सभी प्रभावित परिवारों को तुरंत मदद देने के निर्देश दिए हैं और यह पक्का किया है कि इमरजेंसी टीमें किसी भी स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार रहें। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने भी लोगों से शांत रहने और ऑफिशियल अपडेट्स फॉलो करने की अपील की है।

**प्रशासन की अपील**

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहें तथा मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करें। भारी बारिश के कारण जिले के कई इलाकों में हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## मानसून फिर एक्टिव अब होगी झमाझम

### विराटनगर और भरतपुर में हुई एक इंच बारिश

**जयपुर।** मानसून एक बार फिर एक्टिव होगा। इससे प्रदेश में झमाझम बारिश देखने को मिल सकती है। रविवार को जयपुर सहित करीब 10 शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। विराटनगर और भरतपुर में एक इंच बारिश दर्ज की गई। जयपुर में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। प्रदेश के चार शहरों का दिन का पारा 40 डिग्री के पार रहा। 41.6 डिग्री के साथ चूरू का दिन और 31.8 डिग्री के साथ श्रीगंगानगर की रात सबसे गर्म रही।

जानकारी के अनुसार चूरू के अलावा श्रीगंगानगर, बीकानेर और फतेहपुर का पारा 40 डिग्री और श्रीगंगानगर के अलावा जयपुर, फलौदी, बीकानेर की रात का पारा 30 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। कोटपूतली-बहरोड़ के विराट नगर में 27 और भरतपुर के रूपवास में 24 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा चित्तौड़गढ़, माउंट आबू, दौसा, धौलपुर, करौली सहित अन्य स्थानों पर बारिश हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में राज्य के कुछ भागों में मानसून सक्रिय होने की संभावना है। पूर्वी भारत के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र कमजोर होकर परिसंचरण तंत्र में परिवर्तित हो चुका है। मानसून ट्रफ लाइन अमृतसर, करनाल व रांची से होकर गुजर रही है। पूर्वी राजस्थान के कई भागों में कमजोर मानसून परिस्थितियां आगामी 2 दिन जारी रह सकती हैं। हालांकि कोटा, भरतपुर, जयपुर, अजमेर संभाग के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियों में 20-21 जुलाई से बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। 22-23 जुलाई से कोटा, जयपुर, भरतपुर, अजमेर व उदयपुर संभाग के कुछ और भागों में भी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी हो सकती है। 22 से 28 जुलाई के दौरान पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भी बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं।

### संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में गिर रहा प्रतिशत

# प्रदेश में 30.63 फीसदी बच्चे अस्पतालों में नहीं ले रहे जन्म

### पांच प्रतिशत से ज्यादा बच्चे तीसरी या चौथी संतान बने

**मनीष गोधा**



**जयपुर।** संस्थागत प्रसव यानी अस्पतालों या चिकित्सा संस्थानों में प्रसव को बढ़ावा देने के तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद अभी प्रदेश में 30 प्रतिशत बच्चे अस्पतालों के बाहर यानी घरों में पैदा हो रहे हैं। यही नहीं जनसंख्या वृद्धि रोकने के प्रयासों के बावजूद पिछले वर्ष पांच प्रतिशत से ज्यादा बच्चे तीसरी या चौथी संतान के रूप में पैदा हुए हैं।

प्रदेश में जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रीकरण की हाल ही जारी वर्ष 2025 की सरकारी रिपोर्ट में यह स्थिति सामने आई है। यह रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2025 में जन्म की कुल घटनाओं में से 13 लाख 75 हजार 389 संस्थागत जन्म एवं 6 लाख 07 हजार 330 गैर संस्थागत जन्म हुए। यानी कुल पंजीकृत प्रसव में से 69.37 प्रतिशत संस्थागत यानी अस्पतालों में थे, जबकि 30.63 प्रतिशत गैर संस्थागत यानी घरों में थे। हालांकि वर्ष 2024 के मुकाबले संस्थागत जन्म में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में 13 लाख 45 हजार 967 गैर संस्थागत जन्म और 6 लाख 25 हजार 648 गैर संस्थागत जन्म दर्ज किए गए थे। गैर संस्थागत प्रसव के मामले ग्रामीण क्षेत्रों में ही ज्यादा सामने आ रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में नौ प्रतिशत प्रसव अप्रशिक्षित दाइयों ने कराए हैं, जबकि शहरी क्षेत्र में ऐसे मामले सिर्फ 1.3 प्रतिशत हैं। रिपोर्ट में गैर संस्थागत प्रसव के इतने मामले होने का कोई स्पष्ट कारण नहीं दिया गया है।

### 'हम दो हमारे दो' अभी पूरी तरह लागू नहीं

जनसंख्या नियंत्रण के लिए दिया गया नारा हम दो हमारे दो प्रदेश में अभी पूरी तरह लागू नहीं हो पाया है। रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2025 में पांच प्रतिशत से ज्यादा बच्चे तीसरी या चौथी संतान के रूप में पैदा हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्रथम प्रसव 56.69 प्रतिशत, द्वितीय प्रसव 37.81 प्रतिशत, तृतीय प्रसव 5.25 प्रतिशत तथा इसी प्रकार चतुर्थ एवं अधिक प्रसव 0.25 प्रतिशत रहे।

### 19 वर्ष से कम आयु की माताओं ने 45 हजार से ज्यादा प्रसव किए

स्वास्थ्य सूचकांकों के अनुसार 19 वर्ष से कम आयु में मां बनना सुरक्षित नहीं है, लेकिन प्रदेश में बाल विवाह या छोटी उम्र में विवाह की प्रथा अभी जारी है और यही कारण है कि रिपोर्ट के अनुसार 19 वर्ष से कम आयु की महिलाओं ने 43 हजार 516 बच्चों को पहले बच्चे के रूप में जन्म दिया। वहीं सबसे अधिक 6 लाख 08 हजार 188 बच्चों को 20-24 वर्ष की आयु वाली महिलाओं ने जन्म दिया। आयु वर्ग 25-29 में 3 लाख 52 हजार 141 बच्चे प्रथम प्रसव के रूप में दर्ज हुए। वहीं 45 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग में 311 प्रथम प्रसव दर्ज हुए।

### बढ़ा लिंगानुपात

रिपोर्ट में एक सुखद परिणाम लिंगानुपात में सुधार के रूप में सामने आया है। वर्ष 2025 में पंजीकृत जन्मों का लिंगानुपात प्रति हजार पुरुषों पर 905 महिला के जन्मों का रहा है, जो कि वर्ष 2024 में प्रति हजार पुरुषों पर 903 महिलाओं का रहा था।

### जन्म दर घटी, मृत्यु दर बढ़ी

रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में प्रदेश में जन्म दर घटी है, जबकि मृत्यु दर बढ़ी है। पंजीकृत घटनाओं के आधार पर वर्ष 2025 में जन्म दर 22.56 प्रति हजार थी, जबकि वर्ष 2024 में 23.17 प्रति हजार रही थी। इसी तरह वर्ष 2025 में मृत्यु दर 5.82 प्रति हजार थी, जो वर्ष 2024 में 5.57 प्रति हजार रही थी।

### 73 प्रतिशत मौतें गैर संस्थागत

प्रदेश में मौतों के मामले में कुछ बेहतर स्थिति यह है कि ज्यादातर मौतें अस्पताल के बाहर यानी गैर संस्थागत रही हैं, हालांकि इसका एक छिपा हुआ पहलू यह भी है कि बहुत से ऐसे लोग जिन्हें उपचार की जरूरत रही होगी, वे शायद उपचार के अभाव में मौत का शिकार हुए हों, क्योंकि रिपोर्ट इस पहलू को स्पष्ट नहीं कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार मृत्यु की कुल घटनाओं में से 1 लाख 36 हजार 692 संस्थागत मृत्यु एवं 3 लाख 74 हजार 703 गैर संस्थागत मृत्यु दर्ज की गई। प्रतिशत के रूप में देखें तो कुल मृत्यु में से संस्थागत मृत्यु 26.73 प्रतिशत एवं गैर संस्थागत मृत्य 73.27 प्रतिशत रही।

### ग्रामीण क्षेत्रो में ज्यादा मौतें

रिपोर्ट बताती है कि पंजीकृत मौतों से ज्यादा मौतें ग्रामीण क्षेत्रों में हुई हैं। वर्ष 2025 में 3 लाख 11 हजार 666 मृत्यु ग्रामीण क्षेत्र में एवं 1 लाख 99 हजार 729 मृत्यु शहरी क्षेत्र में पंजीकृत की गईं। कुल मृत्यु में से ग्रामीण क्षेत्र में मृत्यु का प्रतिशत 60.94 रहा एवं शहरी क्षेत्र में 39.06 प्रतिशत रहा। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शहरी क्षेत्रों में गांवों के मुकाबले चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता रही है।

### अधिक मौतें 70 वर्ष से कम आयु में

पंजीकृत मौतों के मामले में एक चिंताजनक पहलू यह भी सामने आया है कि मरने वालों में 70 वर्ष से कम आयु वालों की संख्या ज्यादा रही है। रिपोर्ट के अनुसार कुल पंजीकृत मौतों में से 2 लाख 14 हजार 724 मृत्यु 70 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग में दर्ज हुई है, यानी करीब 2.90 लाख मौतें 70 वर्ष से कम आयु में हुई हैं।

### प्रमुख आंकड़े : जन्म पंजीकरण

**वर्ष 2025 में कुल पंजीकृत जन्म :** 19 लाख 82 हजार 719
**जन्म का पंजीकरण :** 98.52 प्रतिशत
**कुल जन्म में लड़के :** 10 लाख 40 हजार 906
**लड़कियां :** 9 लाख 41 हजार 686
**ट्रांसजेंडर :** 127
**ग्रामीण क्षेत्र में जन्म :** 9 लाख 68 हजार 136
**शहरी क्षेत्र में जन्म :** 10 लाख 14 हजार 583

### मृत्यु पंजीकरण

**वर्ष 2025 में प्रदेश में कुल पंजीकृत मृत्यु :** 5 लाख 11 हजार 395
**मृत्यु का पंजीकरण :** 98.63 प्रतिशत
**पुरुष मृत्यु :** 3 लाख 06 हजार 200
**महिला मृत्यु :** 2 लाख 05 हजार 155
ट्रांसजेंडर मृत्यु - 40

### महिला थाने में एएसआई की हार्ट अटैक से मौत

**दौसा (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** दौसा के महिला थाने में तैनात एएसआई की शनिवार रात ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। एएसआई गिरधारी लाल मीणा (56) थाने में ड्यूटी ऑफिसर की जिम्मेदारी निभा रहे थे। महिला थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया देर रात गिरधारी लाल की तबीयत बिगड़ गई। सांस लेने में तकलीफ और बेचैनी होने लगी। इसके बाद वे अचेत हो गए। साथी पुलिसकर्मियों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, 40 पार्टियां हुईं शामिल

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मानसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को संसद भवन के एनेक्सी बिल्डिंग में सर्वदलीय बैठक हुई। तीन घंटे चली मीटिंग की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। मीटिंग में कांग्रेस, सपा, टीएमसी, डीएमके सहित 40 दलों के 58 नेता शामिल हुए। हालांकि बैठक के बीच विपक्ष ने सांकेतिक वॉकआउट किया। विपक्ष इस बात से नाराज था कि सरकार ने टीएमसी के बागी 20 सांसदों के गुट को बैठक में क्यों बुलाया, जबकि स्पीकर ओम बिरला ने उनके गुट को अभी तक मान्यता नहीं दी है।

ऑल पार्टी मीटिंग के बाद लोकसभा बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की मीटिंग हुई। इसमें बिलों पर चर्चा के लिए समय तय किया गया। किरेन रिजिजू ने बताया कि




बीएसी की बैठक के मुताबिक एफसीआरए संशोधन बिल पर 4 घंटे चर्चा होगी। इसके अलावा आयकर संशोधन बिल के लिए 4 घंटे, जजों की संख्या से जुड़े बिल के लिए 4 घंटे, जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन बिल के लिए 4 घंटे, वंदेमातरम से जुड़े बिल के लिए 4 घंटे और एमएसएमई बिल पर चर्चा के लिए 5 घंटे तय किए गए हैं। गौरतलब है कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। सोमवार को अमित शाह राज्यसभा में वंदे मातरम से जुड़ा बिल पेश करेंगे। साथ ही राज्यसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक सोमवार दोपहर 1 बजे होगी।

### मोदी कर सकते हैं मीडिया को संबोधित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले सोमवार सुबह 10:15 बजे संसद भवन के हंस द्वार पर मीडिया को संबोधित कर सकते हैं। लोकसभा सचिवालय के बुलेटिन के अनुसार केंद्र सरकार इस सत्र में विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 और विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 लोकसभा में पेश कर सकती है।

### पीएम ने एक्स पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से लिखे गए आर्टिकल को किया साझा

# पारंपरिक भारतीय शिल्प कौशल आर्थिक विकास में निभा सकती है अहम भूमिका : मोदी

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि इनोवेशन और वैश्विक साझेदारियों के जरिए पारंपरिक भारतीय शिल्प कौशल आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभा सकती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से लिखे गए आर्टिकल को साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल



स्थानीय शिल्पों को बाजार तक पहुंच हासिल करने, स्थायी आजीविका सृजित करने, विरासत को संरक्षित करने और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने में मदद कर रही है।


Weaving a fabric of enterprise on the loom of traditional skills

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि चेन्नई स्थित 'वस्त्रकला' इस बात का उदाहरण है कि फ्रांस जैसे देशों के साथ सहयोग भारतीय कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने में कैसे मदद कर सकता है। उन्होंने बताया कि हाल ही पेरिस में आयोजित एक निवेशकों की बैठक के दौरान भारत में फ्रांस के राजदूत ने 'वस्त्रकला' का जिक्र किया था। यह भारत-फ्रांस की साझेदारी का एक अनूठा उदाहरण है, जिसने फ्रांस की हाउट कूचर यानी उच्चस्तरीय फैशन कला को भारत की सदियों पुरानी कढ़ाई परंपरा के साथ जोड़ा है। भारत लौटने के बाद वित्त मंत्री चेन्नई के निकट तिरुवल्लूर जिले के गुडापक्कम स्थित वस्त्रकला की कार्यशाला गई थीं।

# कोलकाता में खुला देश का पहला अनोखा डिजिटल भाषा संग्रहालय 'शब्दलोक'

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया उद्घाटन

**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कोलकाता में राष्ट्रीय पुस्तकालय (नेशनल लाइब्रेरी) परिसर में 'म्यूजियम ऑफ वर्ड' (शब्द संग्रहालय) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की भाषा उसकी विरासत को संभालती है और उसकी संस्कृति को समझने का जरिया बनती है। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में नेशनल लाइब्रेरी द्वारा विकसित यह भारत का पहला भाषा संग्रहालय है, जिसे 'शब्दलोक' के नाम से भी जाना जाता है।

सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि अपनी मातृभाषा सीखने के साथ-साथ हर छात्र को कम से कम एक और भारतीय भाषा जरूर सीखनी



चाहिए, ताकि वे देश की सांस्कृतिक विविधता को और बेहतर तरीके से समझ सकें। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा हमारी विरासत को आगे बढ़ाती है, और भाषाओं के माध्यम से ही आप किसी देश की संस्कृति को समझ सकते हैं।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


**राजस्व वसूली की थमी रफ्तार :** जयपुर आरटीओ प्रथम 12वें स्थान पर खिसका, दौसा बना अव्वल

# पहली तिमाही में परिवहन विभाग लक्ष्य से 364 करोड़ पीछे

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** परिवहन विभाग की पहली तिमाही की राजस्व रिपोर्ट ने विभाग की कार्यशैली और आरटीओ कार्यालयों की कार्यक्षमता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्ष 2026-27 के पहले तीन महीनों में विभाग निर्धारित लक्ष्य का 85 प्रतिशत भी हासिल नहीं कर सका। जून तक विभाग को 2,062.08 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाना था, लेकिन वसूली केवल 1,738.05 करोड़ रुपए ही हो सकी।




यानी विभाग 364 करोड़ रुपए के लक्ष्य से पीछे रह गया और उपलब्धि 84.29 प्रतिशत पर सिमट गई। राजस्व वसूली में आई इस गिरावट ने साफ संकेत दिए हैं कि टैक्स वसूली, प्रवर्तन कार्रवाई और बकाया राजस्व वसूली के मामलों में फील्ड स्तर पर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। यदि यही स्थिति बनी रही तो विभाग के लिए इस वर्ष निर्धारित 11 हजार करोड़ रुपए का महत्वाकांक्षी राजस्व लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं होगा। परिवहन विभाग की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के कई आरटीओ कार्यालय लक्ष्य के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके। कर चोरी, बकाया टैक्स की वसूली में ढिलाई, बिना टैक्स और बिना फिटनेस वाले वाहनों के खिलाफ सीमित कार्रवाई तथा प्रवर्तन अभियानों की सुस्त रफ्तार का सीधा असर विभाग की आय पर पड़ा है। पहली तिमाही की रैंकिंग में दौसा आरटीओ ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 62.45 करोड़ रुपए की वसूली की और 90.79 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। अलवर दूसरे और अजमेर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं पिछले वर्ष प्रदेश में अग्रणी रहने वाला जयपुर आरटीओ द्वितीय इस बार चौथे स्थान पर पहुंच गया। सबसे अधिक झटका जयपुर आरटीओ प्रथम को लगा, जो 289.60 करोड़ रुपए की वसूली के बावजूद लक्ष्य के मुकाबले केवल 78.61 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर सका और प्रदेश में 12वें स्थान पर खिसक गया। राजधानी के प्रमुख आरटीओ का यह प्रदर्शन विभाग के लिए चिंता का विषय माना जा रहा है।

### 11 हजार करोड़ का लक्ष्य, शुरुआत ही कमजोर

**वित्तीय वर्ष** 2026-27 के लिए परिवहन विभाग ने 11 हजार करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य तय किया है, लेकिन पहली तिमाही के आंकड़ों ने साफ कर दिया है कि यदि टैक्स वसूली, बकाया कर की रिकवरी और प्रवर्तन कार्रवाई में तेजी नहीं लाई गई तो सालाना लक्ष्य हासिल करना मुश्किल हो सकता है। जानकारों का कहना है कि विभाग की आय का बड़ा हिस्सा मोटर वाहन कर, पंजीकरण शुल्क, परमिट, फिटनेस शुल्क और प्रवर्तन कार्रवाई से आता है। यदि इन सभी क्षेत्रों में लगातार अभियान नहीं चलाए जाएं तो राजस्व लक्ष्य प्रभावित होना स्वाभाविक है।

### अब फील्ड अधिकारियों की बढ़ेगी जवाबदेही

**राजस्व में** आई कमी के बाद परिवहन विभाग अब दूसरी तिमाही में विशेष अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है। सभी आरटीओ कार्यालयों को बकाया टैक्स वसूली, बिना टैक्स और बिना फिटनेस वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने, ई-डिटेक्शन बढ़ाने तथा नियमित प्रवर्तन अभियान चलाने के निर्देश दिए जा सकते हैं। कमजोर प्रदर्शन वाले कार्यालयों की अलग से समीक्षा भी होगी। अधिकारियों का मानना है कि यदि आगामी महीनों में प्रवर्तन और टैक्स वसूली की रफ्तार बढ़ाई गई तो पहली तिमाही की कमी की भरपाई की जा सकती है। हालांकि इसके लिए फील्ड स्तर पर सख्त निगरानी और जवाबदेही तय करना जरूरी होगा।

## रिमझिम गिरे सावन का आयोजन 26 को

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** सावन के पावन महीने का स्वागत इस बार सुरों की मधुर फुहार के साथ किया जाएगा। स्वर साधना ग्रुप की ओर से 26 जुलाई को जयपुर के गोपालपुरा बायपास रोड स्थित एक होटल में रिमझिम गिरे सावन संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर के ख्याति प्राप्त गायक और गायिकाएं सावन और वर्षा ऋतु पर आधारित सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धि अनंता की मैनेजिंग डायरेक्टर खुशबू शेखावत और प्रमोद वर्मा कुमावत क्षत्रिय महासभा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर सभी सिंगर्स को एक-एक पौधा देकर पर्यावरण सुरक्षा में भागीदार बनाया जाएगा।



## डॉ. विवेक शर्मा को किया सम्मानित

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** वैदिक औषधीय पादप केंद्र जयपुर में राजस्थान महिला किसान संवाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जयपुर के वरिष्ठ शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक शर्मा को उनके द्वारा पर्यावरण एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर लिखे लेख एवं समाज में जन चेतना फैलाने के लिए सम्मानित किया गया।

जयपुर-सीकर हाईवे पर हादसों पर लगेगा ब्रेक

# वीकेआई-14 नंबर से रानोली तक 23 सीसीटीवी कैमरे रखेंगे नजर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के सबसे व्यस्त और दुर्घटना संभावित मार्गों में शामिल जयपुर-सीकर हाईवे (एनएच-52) पर अब सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। शहर के 14 नंबर विश्वकर्मा से रानोली और पलसाना तक हाईवे पर 23 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें सबसे अधिक 13 कैमरे गोविंदगढ़ और पलसाना के बीच स्थापित होंगे, जहां पिछले कुछ महीनों में कई भीषण सड़क हादसे हो चुके हैं। कैमरों के जरिए तेज रफ्तार, गलत दिशा में वाहन चलाने, खतरनाक ओवरटेक, मोबाइल पर बात करते हुए ड्राइविंग और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाएगी।

जयपुर से सीकर, झुंझुनूं, चूरू और बीकानेर की ओर जाने वाले इस हाईवे पर प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। औद्योगिक गतिविधियों, धार्मिक यात्राओं और मालवाहक वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर हादसों का कारण बन रही है। यही वजह है कि पुलिस और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने संयुक्त रूप से इस मार्ग की निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार हाल ही किए गए सर्वे में जयपुर-सीकर हाईवे के कई स्थानों को दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया।

इनमें बाइपास, कट पॉइंट, टोल प्लाजा के आसपास और सर्विस रोड से मुख्य मार्ग पर मिलने वाले स्थान प्रमुख हैं। सर्वे के बाद तय किया गया कि इन स्थानों पर हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जो कंट्रोल रूम से सीधे जुड़े रहेंगे। किसी भी वाहन चालक द्वारा नियमों का उल्लंघन किए जाने पर तत्काल उसकी पहचान कर कार्रवाई की जा सकेगी। जयपुर-सीकर हाईवे जयपुर को शेखावाटी क्षेत्र से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इसी मार्ग से बड़ी संख्या में यात्री, निजी बसें, ट्रक और व्यावसायिक वाहन गुजरते हैं। सड़क चौड़ी होने के कारण कई चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं और कई स्थानों पर अनधिकृत कट तथा गलत दिशा में प्रवेश भी दुर्घटनाओं का कारण बनती है। ऐसे में सीसीटीवी आधारित निगरानी व्यवस्था सड़क सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



### मॉडल सफल रहा तो अन्य हाईवे पर भी होगा प्रयोग

**अधिकारियों का** मानना है कि जयपुर-सीकर हाईवे पर कैमरे लगाने का यह मॉडल सफल रहा तो भविष्य में इसे जयपुर-अजमेर, जयपुर-दिल्ली और जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी लागू किया जा सकता है। सड़क सुरक्षा को लेकर बढ़ती तकनीकी निगरानी और सख्त प्रवर्तन से उम्मीद की जा रही है कि जयपुर-सीकर हाईवे पर होने वाले हादसों में कमी आएगी और यात्रियों का सफर पहले से अधिक सुरक्षित हो सकेगा।

### पिछले पांच महीनों में हो चुके कई दर्दनाक हादसे

**पिछले पांच** महीनों में इस हाईवे पर कई दर्दनाक हादसे हुए हैं। अप्रेल, 2026 में पलसाना क्षेत्र में एक ओवरलोड ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई थी। फरवरी में रिंगस के पास एक स्कूल बस की चपेट में आने से दो युवकों की जान चली गई। जून में ओवरस्पीड और ओवरटेकिंग के कारण हुए हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा पलसाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवकों की मौत और कई अन्य लोगों के घायल होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। इन हादसों ने पुलिस और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी थी। एनएचआई अधिकारियों का कहना है कि कैमरे केवल रिकॉर्डिंग तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि रियल टाइम मॉनिटरिंग की सुविधा से भी लैस होंगे। कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी रखी जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर निकटतम पुलिस टीम को तुरंत मौके पर भेजा जाएगा। इससे दुर्घटना की स्थिति में राहत और बचाव कार्य भी तेजी से शुरू किया जा सकेगा। इसके साथ ही हाईवे के सभी चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर, स्पीड लिमिट संकेतक और दिशा सूचक बोर्ड भी लगाए जाएंगे। रात के समय दृश्यता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त रिफ्लेक्टिव साइन लगाए जाएंगे, ताकि वाहन चालक पहले से सतर्क होकर गति नियंत्रित कर सकें। प्रशासन का मानना है कि इंजीनियरिंग सुधार और तकनीकी निगरानी के संयुक्त प्रयास से दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी।

## 18 मातृ मृत्यु के बाद सरकार की नींद खुली!



- मुख्य सचिव श्रीनिवास ने संभाली कमान
- अस्पतालों को दी सख्त चेतावनी
- अब प्रोटोकॉल से नहीं चले तो देना होगा जवाब

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में हाल के दिनों में सामने आई मातृ मृत्यु की घटनाओं और लगातार उठ रहे सवालों के बीच आखिरकार पूरा प्रशासन हरकत में आ गया है। रविवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने खुद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेशभर के मेडिकल कॉलेजों, सीएमएचओ और आरसीएच अधिकारियों की क्लास ली। साफ संदेश दिया गया कि अब लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी और हर अस्पताल को स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल की सख्ती से पालना करनी होगी। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रत्येक उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला की नामवार सूची तैयार कर उसे संबंधित एएनएम और सीएचओ से मैप किया जाए। जिन महिलाओं का हीमोग्लोबिन 6 ग्राम या उससे कम है या जो गंभीर जोखिम में हैं, उनकी हर तीसरे दिन निगरानी सुनिश्चित की जाए। प्रसव के बाद पहले 24 घंटे गहन निगरानी और समय पर रेफरल की व्यवस्था अनिवार्य करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में लेबर रूम प्रोटोकॉल, संक्रमण नियंत्रण, एनेस्थीसिया, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, कोल्ड चेन और रेफरल सिस्टम तक की समीक्षा की गई। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने सुरक्षित प्रसव के लिए पहले से प्रसव योजना तैयार करने और ममता कार्ड में पूरी जानकारी दर्ज करने पर जोर दिया।

बैठक में आयुक्त चिकित्सा शिक्षा बाबूलाल गोयल, प्राचार्य एसएमएस मेडिकल कॉलेज डॉ. दीपक माहेश्वरी, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी. शुभमंगला, निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### सवाल जो अब भी बाकी हैं...

- अगर यही निगरानी पहले होती तो क्या मातृ मृत्यु टाली जा सकती थीं?
- प्रोटोकॉल पहले से मौजूद थे, फिर पालन क्यों नहीं हुआ?
- हर तीसरे दिन निगरानी और 24 घंटे ऑब्जर्वेशन के आदेश अब क्यों?
- क्या जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी या सिर्फ बैठकें होती रहेंगी?

जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जनसंपर्क बढ़ाने का किया आह्वान

# भाजपा जयपुर शहर की संगठनात्मक बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपु।** भाजपा जयपुर शहर की संगठनात्मक बैठक रविवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अमित गोयल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के साथ हुआ। इसमें संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की गई। अमित गोयल ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों से बूथों को मजबूत बनाने, घर-घर जनसंपर्क बढ़ाने तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने



आगामी कार्यक्रमों को समयबद्ध और अनुशासित ढंग से सफल बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक को सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित, सेवा और सुशासन की विचारधारा पर कार्य करती है तथा कार्यकर्ताओं को आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ काम करना चाहिए। बैठक में विधायक बालमुकुंदाचार्य, रवि नैयर, नवरतन नराणिया, रेखा राठौड़, राजेश तांबी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

## एबीएनपी के समारोह में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने नव मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारीलाल नाटाणी के नेतृत्व में रविवार को शपथ ग्रहण की। यह कार्यक्रम मानसरोवर में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद नाटाणी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारी लाल नाटाणी के नेतृत्व में उपाध्यक्ष सुधीर नाटाणी, महामंत्री गोविंद नाटाणी, कोषाध्यक्ष कपिल नाटाणी, संगठन मंत्री गोविंद सहाय नाटाणी, प्रचार मंत्री नीरज नाटाणी, कार्यालय मंत्री राहुल नाटाणी सहित 21 कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ली। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष दीनदयाल नाटाणी, ताराचंद नाटाणी, गोपाल लाल नाटाणी, पूर्व महामंत्री विनोद नाटाणी सहित समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

जगतपुरा-बस्सी लिंक रोड काम कागजों में सिमटा

# जेडीए की सुस्त चाल से आमजन की राह में रोड़ा

- 15 किमी रोड के लिए 8 गांवों की 190 हेक्टेयर जमीन होनी थी अधिग्रहीत




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए की सुस्त चाल के चलते आमजन की राह को आसान नहीं बनाया जा सका है। जगतपुरा-बस्सी लिंक रोड का काम अब कागजों में सिमट कर रह गया है। 15 किमी की इस रोड के लिए जेडीए को 8 गांवों की 190 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत करनी थी, लेकिन शुरुआती तेज रफ्तार के बाद जेडीए की काम की गति अब बंद हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार 2021-22 के बजट में कांग्रेस सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर-दिल्ली रेलवे लाइन से लगते रिंग रोड से बस्सी तक करीब 15 किमी जगतपुरा-बस्सी लिंक रोड की घोषणा की थी। इसके लिए 50 करोड़ के बजट का प्रावधान किया था। यह सड़क करीब 200 फीट चौड़ी बननी थी। सड़क बनाने के लिए काश्तकार या भू मालिक से सहमति प्राप्त कर या भूमि अवाप्त करनी थी। इसके लिए भू मालिक को इकॉलॉजिकल क्षेत्र में 50, केवल आवासीय में 30, आवासीय व वाणिज्यिक में 20 प्लस 5 और वाणिज्यिक में 15 प्रतिशत जमीन देने का प्रावधान किया गया है। सड़क बनाने लिए जेडीए ने किसान या भू मालिक की सहमति के साथ भूमि अधिग्रहण को लेकर काम भी शुरू कर दिया था, लेकिन सरकार बदलते ही आमजन को राहत देने वाले काम को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

### आमजन को मिलेगी जाम से राहत, सीधे आगरा रोड से होगी कनेक्टिविटी

**जगतपुरा-बस्सी** लिंक रोड बनने के बाद आमजन को जाम से राहत मिलेगी। साथ ही जगतपुरा और उसके आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों को सीधे आगरा रोड से कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे उनका समय के साथ ईंधन खर्च भी बचेगा। यह रोड बस्सी आरओबी वाली सड़क से जुड़ेगी। वर्तमान में अगर जगतपुरा और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को बस्सी जाना हो तो उसे लंबा चक्कर काटना पड़ता है। हालांकि जगतपुरा से रिंग रोड तक सड़क बनी हुई है।

इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव (आईडब्ल्यूटीसी) सीजन-3 का शुभारंभ

# कम चर्चित लेकिन आकर्षक पर्यटन स्थलों को भी बढ़ावा देने की जरूरत : दिया कुमारी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** वेडिंग और पर्यटन उद्योग के बदलते स्वरूप, वैश्विक अवसरों तथा उभरती तकनीकों पर मंथन करने और दुनियाभर के पर्यटन बोर्डों, होटल इंडस्ट्री, वेडिंग प्लानर, इवेंट प्रोफेशनल्स एवं संबंधित हितधारकों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव (आईडब्ल्यूटीसी) सीजन-3 का शुभारंभ रविवार को हुआ। आईडब्ल्यूटीसी के डायरेक्टर



अरशद हुसैन ने बताया कि कॉन्क्लेव का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी एवं आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री, कुंडला दुर्गेश ने किया। जर्नल मैनेजर, फेयरमाउंट होटल जयपुर, रजत सेठी और डॉ. अजय जैन अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉन्क्लेव में फोरम के प्रेसिडेंट हितेश शर्मा, वाइस प्रेजिडेंट अजय चौहान, सचिव भुवनेश अग्रवाल और पूर्व प्रेसिडेंट मोहित माहेश्वरी के साथ देश-विदेश से आए 600 से अधिक प्रतिनिधि वेडिंग, पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग के भविष्य, डेस्टिनेशन वेडिंग्स, नवाचार, वैश्विक सहयोग और नए व्यावसायिक अवसरों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान की पर्यटन क्षमता का कोई मुकाबला नहीं है। राज्य में पर्यटन और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन वर्तमान में कई आयोजन नवंबर से अप्रेल के बीच ही केंद्रित रहते हैं। इसी अवधि में पर्यटन सीजन भी चरम पर होता है, जिससे एक साथ अधिक दबाव बनता है। उन्होंने कहा कि जयपुर, उदयपुर और जोधपुर के अलावा भी राजस्थान में कई शानदार पर्यटन स्थल हैं। जिनमें बीकानेर, जैसलमेर, पुष्कर, शेखावाटी, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, भरतपुर, सवाई माधोपुर, कुंभलगढ़, राजसमंद, बूंदी और कोटा जैसे स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कम चर्चित लेकिन बेहद आकर्षक पर्यटन स्थलों को भी समान रूप से बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

### इन्होंने भी रखे विचार

**आंध्र प्रदेश** पर्यटन मंत्री कुंडला दुर्गेश ने कहा कि आंध्र प्रदेश पर्यटन को आईडब्ल्यूटीसी का आधिकारिक भागीदार बनने पर गर्व है। हमारा उद्देश्य राज्य के समुद्री तटों, आध्यात्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक वेडिंग एवं पर्यटन उद्योग से जोड़ना है। कॉन्क्लेव में ऋतुराज खन्ना ने इंडस्ट्री ने हमें क्या दिया है, विषय पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वेडिंग इंडस्ट्री केवल भव्य आयोजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को जोड़ने, नए व्यावसायिक अवसर सृजित करने और दीर्घकालिक साझेदारियां विकसित करने का सशक्त माध्यम बन चुकी है। अंतरराष्ट्रीय पैनल ग्लोबल वेडिंग चैलेंजेज में कैप्टन बाली, न्गुएन ट्रुंग हियू (वियतनाम), जीन ल्यूक बेनहेम (फ्रांस) और इस्लाम चौधरी ने विभिन्न देशों में डेस्टिनेशन वेडिंग्स की चुनौतियों, बदलते बाजार और वैश्विक साझेदारी की संभावनाओं पर चर्चा की। सुनीत आर्या ने यूएसए में इंडियन वेडिंग मार्किट विषय पर अमेरिका में भारतीय वेडिंग बाजार के विस्तार और भारतीय डेस्टिनेशन वेडिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता पर प्रस्तुति दी।

### बारात रही आयोजन का प्रमुख आकर्षण

**आयोजन के** प्रमुख आकर्षण बारात और वेड-वाह ब्राइडल स्टाइल वॉक रहा, जिसमें दूल्हे और बारातियों को छोड़ सभी गतिविधियां रियल थीं और वेड-वाह ब्राइडल स्टाइल वॉक जिसमें मिस राजस्थान और मिसेज राजस्थान की मॉडल्स ने डिजाइन ब्रिडेल ड्रेसज को शोकस किया। इस सेगमेंट के डिरेटर निमिषा और योगेश मिश्रा रहे। मेकअप जस्सी छाबरा का और कोरियोग्राफर सुधीर राजोरा रहीं तथा शो की शो स्टॉपर मिस ओशन इंडिया हिना ठाकुर रहीं।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube



विराट सत्संग में श्रद्धालुओं ने भक्ति, ध्यान और सकारात्मक जीवन-दृष्टि के विविध आयामों को किया आत्मसात

# सोशल मीडिया पर भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का मजाक बनाना निंदनीय

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आध्यात्मिक गुरु व मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' ने भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण के जीवन के उदाहरणों के माध्यम से भक्ति, ध्यान व सकारात्मक ऊर्जा के सूत्र बताए। अवसर था महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में रविवार को आयोजित विराट सत्संग का। आध्यात्मिकता के दिव्य स्पंदनों से ओतप्रोत इस विराट सत्संग में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भक्ति, ध्यान और सकारात्मक जीवन-दृष्टि के विविध आयामों को आत्मसात किया तथा आत्मिक शांति, नवीन ऊर्जा और जीवन-दर्शन का अनुभव किया।

अपने प्रेरक उद्बोधन में डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' ने कहा कि यह अत्यंत खेद और पीड़ा का विषय है कि श्रीराम और श्रीकृष्ण के देश में लोग ना तो श्रीराम के बारे में सही से जानते हैं और ना ही श्रीकृष्ण के बारे में। सोशल मीडिया पर ऐसे-ऐसे कुत्सित विचार वाले वीडियो हैं, जो श्रीराम और श्रीकृष्ण का मजाक बनाते हैं, जो



घोर निंदनीय है। उन्होंने वाल्मिकी रामायण से अनेक उद्धरणों को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करते हुए रामराज्य की संकल्पना पर प्रकाश डाला। श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से उन्होंने स्पष्ट किया कि सच्ची भक्ति केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं होती, बल्कि सत्य, करुणा, धैर्य, अनुशासन और समर्पण को जीवन के प्रत्येक कर्म में उतारने का नाम भक्ति है। गुरुजी ने अवसाद, तनाव और असफलता जैसी जीवन की चुनौतियों से मुक्ति के व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक उपाय बताए। विराट सत्संग में उन्होंने श्रद्धालुओं के व्यक्तिगत व आध्यात्मिक प्रश्नों के जवाब देकर उनका समाधान भी किया।

### संगीतमय भजनों की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

आश्रम की सुर साधक मंडली ने ख्याति, आस्तिक व करण ने 'गुरुजी' द्वारा रचित व संगीतमय भजनों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संपूर्ण आयोजन के दौरान महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम श्रद्धा, भक्ति और सकारात्मक आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित रहा। इस अवसर पर विधायक कालीचरण सराफ, पुरुषोत्तम तुलसियान, शशि तुलसियान, अध्यक्ष, अतिक्रमण निरोधक समिति अध्यक्ष मनोज मुद्गल, आरएएस पंकज ओझा, मुन्नादास महाराज, डॉ. संजय बियानी, भाजपा नेता मुकेश पारीक, शिक्षाविद ऋतु रावत, उद्योगपति योगेश रुस्ला, रंगमंच कलाकार रुचि रुस्ला, फिल्म अभिनेत्री शशि शर्मा, डीन पूर्णिमा यूनिवर्सिटी राकेश गुप्ता, डॉ. गौरव, डॉ. कनक शर्मा, विक्रम मालवीय आदि उपस्थित रहे।

## 'आपदाओं में राष्ट्रीयकृत बैंकों ने जमा पूंजी को दी सुरक्षा'



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश बैंक एम्पलाइज यूनियन ने तारक भवन में रामगोपाल शर्मा की अध्यक्षता में 57वां बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस समारोह का आयोजन किया। समारोह में आरपीबीयू महासचिव महेश मिश्रा, सहकार नेता सूरजभान सिंह आमेरा, सचिव महेश शर्मा, महिला विंग की संयोजिका मेघा मलिक, राहुल पांडे, आरजी शर्मा ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विभिन्न सार्वजनिक बैंक, सहकारी बैंकों के कार्मिक, किसान, आमजन व ग्राहकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए महेश मिश्रा ने कहा कि 19 जुलाई 1969 को 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण एक ऐतिहासिक फैसला था। इसके बाद ही बैंकिंग सेवा गांव-गांव और किसान-मजदूर तक पहुंची। सार्वजनिक व सरकारी बैंकों में जमाएं सुरक्षित है। सहकार नेता सूरजभान सिंह आमेरा ने बताया कि राष्ट्रीयकृत और सहकारी बैंकों ने ही कोरोना काल, नोटबंदी और पीएमसी-यस बैंक जैसी आपदाओं में आम जनता की जमा राशि को सुरक्षा दी। आज भी किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन, जनधन खाते, फसली ऋण और ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ केवल सार्वजनिक और सहकारी बैंक ही जमीनी स्तर तक पहुंचा रहे हैं। इसलिए राष्ट्रीयकरण आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना 57 साल पहले था। आयोजन सभा ने प्रस्ताव पारित कर बैंक निजीकरण को तुरंत रद्द करने की मांग की और राष्ट्रीयकरण को बचाने की शपथ ली गई।

# मानसून की बेरूखी रसोई का बिगाड़ रही जायका, गृहिणियां परेशान

सभी सब्जियों के भाव तेज, सबसे अधिक धनिया-अदरक के दामों ने पकड़ी रफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मानसून में बरसात की देरी रसोई का स्वाद बिगाड़ रही है। सभी सब्जियों के भाव लगातार तेजी बढ़ रहे हैं, जिससे गृहिणियों को सब्जी के बनाने के लिए सोचना पड़ रहा है। सबसे अधिक हरे धनिए व अदरक के भावों ने रफ्तार पकड़ी है। आम आदमी के लिए हरा धनिया खरीदना मुश्किल हो रहा है। मुहाना सब्जी मंडी में यह 150 रुपए प्रतिकिलो है, लेकिन आम आदमी के घर में यह 400 रुपए प्रतिकिलो पड़ रहा है। इस सप्ताह भिंडी के दामों में भी तेजी दर्ज की गई, जबकि हरी मिर्च के भाव में गिरावट आने से उपभोक्ताओं को राहत मिली है। व्यापारियों के अनुसार मौसम और आवक के आधार पर कीमतों में बदलाव हो रहा है। थोक भावों की बात करें तो मंडी में भिंडी का भाव 30 से 40 रुपए प्रति किलो बिक रही है। वहीं हरी मिर्च 14 से 22 रुपए प्रति किलो मिल रही है।



### फिलहाल लहसुन-प्याज और आलू के भाव स्थिर

मुहाना आलू आढ़तिया संघ के अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा के अनुसार लहसुन 50 से 150 रुपए प्रति किलो, प्याज 18 से 28 रुपए और आलू 4 से 9 रुपए प्रति किलो के भाव पर बिक रहा है। व्यापारियों का कहना है कि फिलहाल इन तीनों जिंसों के भाव में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। जयपुर फल-सब्जी थोक विक्रेता संघ के उपाध्यक्ष इमरान कुरैशी ने बताया कि स्थानीय और बाहरी मंडियों से आवक में बदलाव के कारण कई सब्जियों के दाम घटे-बढ़े हैं। आने वाले दिनों में आवक बढ़ने पर कीमतों में और नरमी आने की संभावना है।

बारीक मिर्च 30 से 32 रुपए प्रति किलो, शिमला मिर्च 60 से 70 रुपए व मटर 120 से 125 रुपए प्रति किलो बिक रही है। टमाटर हाइब्रिड 24 से 26 रुपए व देसी टमाटर 20 से 24 रुपए प्रति किलो के भाव में उपलब्ध है। थोक भाव के अनुसार मुहाना मंडी में अन्य सब्जियों में लौकी 18 से 20 रुपए, तुरई 15 से 20 रुपए, बैंगन 15 से 30 रुपए, करेला 35 से 40 रुपए, टिंडा 40 से 70 रुपए, खीरा 14 से 35 रुपए और कद्दू 10 से 12 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। कम बरसात के चलते अदरक की पैदावार पर पूरा असर पड़ने वाला है। इस कारण अदरक की आवक बहुत कम हो रही है। मंडी में नई अदरक ना के बराबर आ रही है। इस कारण बाजार में अदरक के भाव अत्यधिक होने लगे हैं। थोक भाव में अदरक 70 से 130 रुपए में बिक रही है। वहीं नीबू के भाव स्थिर बने हुए हैं। मुहाना मंडी में नींबू 50 से 52 रुपए प्रति किलो के भाव पर बिक रहे हैं। इधर, लहसुन के दाम फिलहाल स्थिर बने हुए हैं।

### इनका कहना है...

बरसात का सब्जियों के उत्पादन पर प्रभाव पड़ता ही है। इस बार मानसून की बेरूखी के कारण सब्जियों का उत्पादन कम हो रहा है। भिंडी के भाव इसी कारण आसमान पर रहे हैं। अदरक के भाव आवक कम होने के कारण बढ़ रहे हैं। जल्द ही भावों के कम होने की संभावना है।

**शिवशंकर शर्मा, अध्यक्ष, मुहाना आलू आढ़तिया संघ**

## 'वैदिक वैज्ञानिक चिंतन और मानवीय कार्यों से होगी सनातन की रक्षा'

ओमाश्रय सेवाधाम में अथर्ववेद पारायण यज्ञ की पूर्णाहुति



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** शिव विहार कॉलोनी, मुहाना स्थित ओमाश्रय सेवाधाम में आठ दिवसीय अथर्ववेद पारायण यज्ञ की पूर्णाहुति रविवार को श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ हुई। इस अवसर पर धाम परिसर में आध्यात्मिक चेतना और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला, जहां समाज के हर वर्ग ने अपनी भागीदारी निभाई। जयपुर और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला में आहुतियां दीं। इस मौके पर वैदिक चिंतक एवं ओमाश्रय के संस्थापक यशपाल यश ने कहा कि ज्ञान-शून्य कर्म और कर्म-शून्य ज्ञान की दुविधा को मिटाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ओमाश्रय सेवाधाम इसी दुविधा को दूर करने के लिए 'निराश्रित जन सेवा', 'यज्ञ' और 'संस्कारित पीढ़ी निर्माण' की त्रिवेणी के माध्यम से निरंतर सनातन की वास्तविक स्थापना में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि सनातन की स्थापना और रक्षा किसी दिखावे, आडंबर, प्रदर्शन या रूढ़िवादिता को बढ़ावा देने से नहीं हो सकती, बल्कि इसके लिए हमें वैदिक वैज्ञानिक चिंतन और मानवीय सेवा कार्यों को अपनाना होगा। यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी साइंस देहरादून के विद्यार्थियों अग्रिमा खंडेलवाल, सात्विक इंदीरिया, रुद्राक्ष गुप्ता, दिव्यांशी गुंसाई ने सनातन मूल्यों व मानव सेवा के इस अभियान से जुड़कर प्रेरणा ली। इन प्रशिक्षणार्थियों को न्यायाधीश डॉ. चंद्रिका प्रसाद शर्मा, पूर्व आरएएस अधिकारी द्वारिका प्रसाद गुप्ता, पूर्व डीजे ताराचंद सोनी, प्रो. एचसीएल गुप्ता तथा योगेश रामपुरा ने प्रमाण पत्र सौंपे। अंत में सभी ने ऋषि लंगर में प्रसादी ग्रहण की। आयोजक संस्था सेठ लक्ष्मी नारायण रामपुरा हिंडोन स्मृति संस्थान जयपुर अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पाल ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर मधु यश एवं यशपाल, सिएटल यूएसए से आए ऋचा यश गर्ग एवं देवेंद्र गर्ग तथा संजय शर्मा यजमान रहे। यज्ञ के बाद वेदपाठी ब्रह्मचारी आकाश आर्य, पीयूष आर्य तथा प्रताप आर्य का साफा शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

## असहाय, असमर्थ और निर्धन बच्चों के साथ बांटी खुशियां

होनहार सीए छात्र ऋषभ की जयंती की स्मृति में कार्यक्रम





महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जैन सोशल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष समाजसेवी विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा के सुपुत्र होनहार सीए छात्र स्व. ऋषभ जैन की 36वीं जयंती की स्मृति के मौके पर ऋषभ सेवा संस्थान, जैन सोशल ग्रुप मेट्रो एवं संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक, मानव सेवार्थ एवं धार्मिक कार्य कर ऋषभ को याद किया गया। तारों की कूंट पर सूर्यनगर स्थित ऋषभ सेवा संस्थान के अध्यक्ष महेंद्र साह आबूजीवाले एवं मानद सचिव विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस मौके पर देवी नगर स्थित पहल सामाजिक संस्था के शिक्षण संस्थान में असमर्थ व निर्धन बच्चों को व्हाइट बोर्ड, स्टेशनरी, कापियां, फल व बिस्कुट, शीतल पेय आदि सामग्री का वितरण कर उनके साथ खुशियां बांटी गई। इस मौके पर तीन बार णमोकार महामंत्र के उच्चारण पश्चात बच्चों को सामग्री दी गई। इस मौके पर कुसुम साखूनियां के सहयोग से ऋषभ सेवा संस्थान द्वारा 2 व्हाइट बोर्ड भी भेंट किए गए। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। इस मौके पर जैन सोशल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, अध्यक्ष रेखा पाटनी, समाजसेवी भाग चंद पाटनी, अंकित बाकलीवाल, पहल संस्था की पूजा कूलवाल, कुसुम साखूनियां, सुनीता हल्दैनिया, दिव्या बाकलीवाल, देवांश बाकलीवाल, नविका हल्दैनिया सहित बड़ी संख्या में परिवारजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।







## मालवीय नगर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पिकल बॉल कोर्ट का लोकार्पण

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने सेक्टर-15 में नवनिर्मित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पिकल बॉल कोर्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह कोर्ट क्षेत्र के खिलाड़ियों और युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर सेक्टर-15 और सेक्टर-6 के निवासियों ने विधायक सराफ स्वागत कर आभार जताया। कार्यक्रम में पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष सुमन शर्मा, जनसेवक बाबूलाल चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री शेखावत ने दिया 'वसुधैव कुटुंबकम्' का संदेश

किर्गिज गणराज्य में एससीओ संस्कृति मंत्रियों की बैठक



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/बिश्केक।** किर्गिज गणराज्य में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संस्कृति मंत्रियों की 23वीं बैठक में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि संस्कृति केवल विरासत का संरक्षण नहीं, बल्कि संवाद, विश्वास और सतत विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है। शेखावत ने कहा कि भारत सदैव सांस्कृतिक आदान-प्रदान और वैश्विक सहयोग का समर्थक रहा है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को विश्व स्तर पर आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने, साझा विरासत के संरक्षण तथा पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग के नए आयाम विकसित करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने विश्वास जताया कि सदस्य देशों की साझेदारी क्षेत्रीय शांति और सतत विकास को नई गति देगी।

# तबादलों पर शिक्षकों से जबरन शपथ-पत्र भरवाने का विरोध

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ अरस्तु ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा व जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक-प्रारंभिक शिक्षा को एक पत्र जारी कर अंतर जिला-अंतर मंडल किए गए तबादलों पर संबंधित शिक्षकों से शपथ पत्र लेने के लिए कहा जा रहा है। शिक्षक संघ ने आरोप लगाया कि अंतर मंडल तबादला होने वाले शिक्षकों से यह परिपत्र भरवाया जा रहा है कि संबंधित शिक्षक का स्थानान्तरण स्वैच्छिक रूप हुआ है। शिक्षक संघ अरस्तु के प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब स्कूल शिक्षा विभाग ने किसी भी वर्ग के शिक्षकों से ना तो तबादला आवेदन मांगे और ना ही आवेदन लिए गए, फिर कौन से नियम और आदेश के तहत उन शिक्षकों से स्वैच्छिक तबादला होने का शपथ पत्र मांगा जा रहा है। इसका शिक्षक संघ ने तीव्र विरोध करते हुए स्वैच्छिक स्थानांतरण शपथ पत्र लेने के आदेश को वापस लेने की मांग की है। जब शिक्षकों ने शिक्षा विभाग को तबादला आवेदन दिया ही नहीं, वे स्वैच्छिक स्थानांतरण का शपथ पत्र क्यों भरेंगे। संगठन का कहना है की यह आदेश शिक्षा विभाग के लिए गले की फांस बन गया है, अब राजकोष से करोड़ों रुपए की राशि का भुगतान करने के लिए शिक्षा विभाग को मजबूर होना पड़ेगा।

## सुर साधकों ने बॉलीवुड के 20 युगल गीतों को दी आवाज

'सुरीली शाम सुर के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** सिविल लाइन्स स्थित सुर म्युजिक एकेडमी की ओर से संस्थापक व संगीत गुरु आमोद चतुर्वेदी के निर्देशन में रविवार को महावीर स्कूल ऑडिटोरियम में 'सुरीली शाम सुर के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सुर साधकों ने अपनी संगीतमयी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर सभागार में मौजूद संगीत प्रेमियों का दिल जीता। कार्यक्रम की विशेषता ये थी कि इसमें शहर के 50 सुर साधकों ने बॉलीवुड के 20 युगल गीतों को अपनी आवाज दी। कार्यक्रम प्रबंधक वर्षा चतुर्वेदी के अनुसार समारोह में विशिष्ट अतिथि राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएस भंडारी, सचिव संगीत आश्रम अमित अनुपम, जी टीवी चैनल हैड मनीष शर्मा, आईएएस अक्षय मोहन, सेवानिवृत्त आईएएस नरेश ठकराल व समाजसेवी मिलवर्नि मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालक आभा द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शास्त्रीय संगीत की बंदिश सीमा मुंजाल, मिथिलेश नाग, पूनम जैन, कनिका वर्मा ने किया। इसके बाद अविरल चतुर्वेदी ने सुपर हिट फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं एस्मा अग्रवाल, कविता माथुर, जयश्री, आशा दुल्लार, आभा श्रीवास्तव, रेनू भंडारी, कविता माथुर, अनुराधा, शशि सिंह, मिथलेश नाग, सुनीता गुप्ता आदि ने राजेश खन्ना को श्रद्धांजलि देते हुए उनके प्रसिद्ध गीत 'मेरे नयना सावन भादों' सहित अन्य गीत प्रस्तुत किए।

**धर्म-कर्म** पंचामृत, गौदुग्ध, गंगाजल व औषधियों से हुआ दिव्य महाभिषेक, वैदिक अनुष्ठानों के साथ चालीहा महोत्सव पूर्ण

# सद्गुरु टेऊंराम जन्मोत्सव पर लाखों भक्तों ने नवाया शीश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सनातन धर्म प्रचारक, जीवों के उद्धारक आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज का 140वां जन्मोत्सव श्रद्धा से संपन्न हुआ। प्रातः 5 बजे आचार्य के जन्म के समय 40 मिनट तक पंचामृत, औषधि, गंगाजल, गो दूध, फलों के रस से दिव्य अभिषेक हुआ। ग्रंथ गीता के पाठों के भोग परायण के साथ-साथ बधाई गीता गाकर आचार्य को 140 लड्डू प्रसादी का भोग लगाया गया। 9 जून से प्रारंभ हुए 40 मिनट के 40 दिवसीय हवन यज्ञ अनुष्ठान में 2100 से अधिक दंपतियों ने संत-महात्माओं एवं वेदाचार्य पंडित जितेंद्र दाधीच के सानिध्य में मंत्रोच्चारण कर हवन में आहुति दी। संतों ने बताया कि हवन में गोमाता का शुद्ध घी, गोकाष्ठ ही उपयोग में लिया गया, जिससे पर्यावरण शुद्ध हो सके। जन्मोत्सव के अवसर पर



बधाई गीत खिलौने उछाल, शहनाई वादन, विशाल भंडारे के आयोजन हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। संतों ने पुनः सत्संग के माध्यम से सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज द्वारा रचित आध्यात्मिक वाणी आदि को शामिल करने का आग्रह किया। वाणी में सामाजिक समरता एवं विश्व बंधुत्व संदेश विद्यमान है। इस मौके पर श्री मंदिर एवं समाधि स्थल को पुष्पों से सजाया गया। दर्शनों के लिए दिनभर तांता लगा रहा। पंच दिवसीय सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के जन्मोत्सव में लाखों भक्तों ने शीश नवाया। स्वामी टेऊंराम छठी उत्सव 24 जुलाई को शाम 5 से 7 बजे भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत एवं उपहार-प्रसाद वितरण किए जाएंगे।

### सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने की महाआरती, लगाया छप्पनभोग

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने अमरापुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान विधायक शर्मा एवं संत मोनू साईं ने महाआरती कर भगवान को छप्पनभोग अर्पित किया तथा संतवृंद का आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक गोपाल शर्मा ने श्रद्धालुओं को प्राकट्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संतों का सान्निध्य समाज को सेवा, प्रेम, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कामना की कि संतों की कृपा एवं आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे तथा समाज में सुख, शांति और समरसता का वातावरण बना रहे। इस अवसर पर कपिल गुरदासवानी, चंद्र प्रकाश ममनानी, प्रदीप मालिक सागर, राजकुमार, मंडल अध्यक्ष निखिल वर्मा, महामंत्री प्रमोद झा, रोहित



शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, श्रद्धालु एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और भक्ति की अनुपम छटा के बीच गोलोक धाम पहुंचे आचार्य प्रज्ञासागर महाराज

## ऐतिहासिक मंगल प्रवेश के साथ हुआ चातुर्मास का शुभारंभ

महानगर टाइम्स संवाददाता



**चाकसू।** चाकसू उपखण्ड की ग्राम पंचायत निमोड़िया स्थित गोलोक धाम रविवार को उस समय धर्ममय और भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा, जब जैन समाज के आचार्य प्रज्ञासागर महाराज का वर्ष 2026 के ऐतिहासिक मंगल चातुर्मास के लिए भव्य मंगल प्रवेश हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। चारों ओर गूंजते जयघोष, मंगल गीत, पुष्पवर्षा और श्रद्धा की भावपूर्ण अभिव्यक्तियों ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित कर दिया।

चातुर्मास व्यवस्था समिति के मुख्य संयोजक राजीव जैन (गाजियाबाद) एवं चेतन जैन निमोड़िया ने बताया कि आदिश्वर धाम से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में सुसज्जित बैंड, कच्छी घोड़ी, जयघोष युवा मंडल, भव्य जिनवाणी रथ, गुरु रथ, आकर्षक झांकियां, ऊंट-घोड़े तथा ढोल-नगाड़ों की मंगलध्वनि ने वातावरण को पूरी तरह धर्ममय बना दिया। मार्ग में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए गुरु महिमा का गुणगान कर रहे थे।

### सेवा, सदाचार, करुणा और आत्मचिंतन को अपनाएं: प्रज्ञासागर

अपने मंगल प्रवचन में आचार्य प्रज्ञासागर महाराज ने कहा कि चातुर्मास केवल साधु-संतों के विश्राम का काल नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के आत्मजागरण, संयम, तप, स्वाध्याय, जीव दया, गौ माता सेवा और धर्म साधना का श्रेष्ठ अवसर है।

उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से सेवा, सदाचार, करुणा और आत्मचिंतन को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### ये रहे सौभाग्यशाली

मंगल प्रवेश के अवसर पर पाद प्रक्षालन का सौभाग्य जयपुर जवाहर नगर निवासी विवेक काला एवं आशा काला को प्राप्त हुआ। वहीं जिनवाणी भेंट का पुण्य लाभ कुशल एवं मधु ठोलिया (जयपुर), मिथुन मित्तल (कोटा) तथा सोनू (केकड़ी) को प्राप्त हुआ।

### 2 अगस्त को होगी मंगल कलश स्थापना

आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल बनेठा, महामंत्री पारस बाकलीवाल, गोलोक सेवा समिति के महामंत्री अमित निमोड़िया एवं गोलोक धाम अध्यक्ष देवेन्द्र जैन ने बताया कि 2 अगस्त को गोलोक धाम में मंगल कलश स्थापना महोत्सव आयोजित किया जाएगा।



### 1008 महिलाओं ने की अगवानी

शोभायात्रा की 1008 महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर आचार्य श्री की अगवानी की। पूरे मार्ग में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं, निमोड़िया एवं आस-पास के ग्रामवासियों तथा मुस्लिम समाज के लोगों ने भी स्वागत द्वार एवं मंच बनाकर आचार्य श्री का अभिनंदन किया। शोभायात्रा संयोजक रामलाल सैकड़ा एवं सी.आर. बारवाल ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान सर्व समाज द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर 21 जेसीबी मशीनों के माध्यम से पुष्पवर्षा कर गुरुदेव की अगवानी की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ निमोड़िया जैन महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से हुआ।

### हजारों श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

कार्यक्रम में निमोडिया सरपंच पलक जैन, उप सरपंच रामप्रसाद जाट, वार्ड पंच हनुमान जाट, मुकेश जाट, हेमराज बैरवा, रामवतार मीणा, पूर्व नायब तहसीलदार रामगोपाल मीणा तथा सीताराम जाट (नया निमोड़िया) सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, समस्त ग्रामवासी एवं हजारों धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 23 जुलाई को अजमेर बंद सफल बनाने को लेकर हुई चर्चा



**अजमेर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** ऐतिहासिक आनासागर झील की बदहाली पर प्रशासनिक व भाजपा की उदासीनता के खिलाफ 23 जुलाई को अजमेर बंद को सफल बनाए के लिए रविवार को अजमेर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ अजमेर बंद की तैयारियों पर चर्चा कर रणनीति तय की गई। बैठक में आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, पूर्व विधायक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती, पूर्व नगर निगम नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी बुंदेल, डीसीसी से संगठन महासचिव महेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष फखरे मोइन, विवेक पाराशर, नोरत गुर्जर, सुमित मित्तल, हेमराज खारोलिया, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## स्वामी टेऊंराम के 140वें जन्मोत्सव पर अन्नक्षेत्र का किया आयोजन



**सीकर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** आचार्य सतगुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 140वें पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री प्रेम प्रकाश आश्रम के संत महेशलाल साईं के सान्निध्य में विभिन्न स्थानों पर अन्नक्षेत्र का आयोजन किया गया। सिंधी समाज की महिला उपाध्यक्ष ज्योति तनवानी ने बताया कि देवीपुरा बालाजी मंदिर के बाहर महेश लाल साईं के सान्निध्य में तथा श्री प्रेम प्रकाश मंदिर के भगत कन्हैया लाल के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए अन्नक्षेत्र लगाया गया। साथ ही श्री प्रेम प्रकाश आश्रम की ओर से पूजा वॉच कंपनी के बाहर भी सिंधी समाज के प्रबुद्धजनों के सहयोग से अन्नक्षेत्र का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री प्रेम प्रकाश महिला मंडली, नवयुवक मंडल, बालक-बालिका मंडली, बाबा मघर राम मंडली तथा सिंधी समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## चूरू नागरिक संघ, मुम्बई की नई कार्यकारिणी का गठन



**चूरू/मुंबई (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** जीसीसी क्लब मीरा रोड में रविवार को चूरू नागरिक संघ की सभा में सभी 11 पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। सुभाष कुमार चौधरी को पुनः अध्यक्ष (पी) पद दिया गया, वहीं किशनलाल मोर को सचिव (एस) पद मिला, कोषाध्यक्ष (टी) के लिए संजय सरावगी को चुना गया। साथ ही राजीव कोठारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रवीण जोशी को उपाध्यक्ष, सुशील कुमार कंदोई को मुख्य सलाहकार, पंकज सरावगी को सह सचिव, डॉ. गोविंद देव झिरमिरिया को पीआरओ का पदभार सौंपा गया। सभी संवैधानिक पदों के अलावा अनुभवी कार्यकर्ता रविप्रकाश बगड़िया को संगठन प्रभारी, विनोद अग्रवाल को मीडिया प्रभारी बनाते हुए बैंकर अर्हत सिरसलेवाला को संगठन का प्रवक्ता घोषित किया गया। मनोनीत सदस्यों के रूप में ओंकारमल चौधरी, शरद मरदा, डूंगरमल बजाज का चयन हुआ। इस बार नई शुरुआत के रूप में महिला, युवा, प्रोफेसनल्स, व्यापारी मंच की स्थापना पर विचार किया गया। महिला मंच प्रभारी रश्मि सुमित शर्मा, सह प्रभारी करीना गुप्ता, पेशेवर मंच प्रभारी सीए लक्ष्मीकांत गुप्ता, सह प्रभारी सीएस अमित शर्मा, व्यापारी मंच पवन हालन, सह प्रभारी शिवकुमार भऊवाला, युवा मंच प्रभारी राज सैनी, सह प्रभारी विशाल बलान नियुक्त किए गए। संचालन रविप्रकाश बगड़िया ने किया।

## भाजपा राहुवास मंडल कार्यकारिणी की घोषणा नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत



**रामगढ़ पचवारा (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए लालसोट विधानसभा क्षेत्र के राहुवास मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। यह घोषणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश तथा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रैला की सहमति से की गई। नई मंडल कार्यकारिणी में नियुक्त सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को पार्टी की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# बजट नहीं, शिक्षक नहीं... कैसे चलेगा मॉडल विद्यालय?

**डीडवाना के स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल की बदहाल व्यवस्था उजागर**

### 7 शिक्षकों के पद रिक्त, तीन माह से नहीं मिला वेतन बोर्ड परीक्षा से पहले विद्यार्थियों और अभिभावकों की बढ़ी चिंता

योगराज गौतम



**लालसोट।** लालसोट ब्लॉक स्थित डीडवाना के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय में गंभीर समस्याएं सामने आई हैं। शिक्षकों की कमी, बजट का अभाव, कर्मचारियों का वेतन अटकना और मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण विद्यालय की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसका सबसे बड़ा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और उनके भविष्य पर पड़ता दिखाई दे रहा है।

विद्यालय में वर्तमान में फर्स्ट ग्रेड के तीन और सेकंड ग्रेड के चार शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके अलावा कंप्यूटर ऑपरेटर का पद भी रिक्त है, जिससे विद्यालय के प्रशासनिक और तकनीकी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

कक्षा 1 से 5 तक 182 विद्यार्थियों के लिए पांच शिक्षकों की आवश्यकता है, लेकिन केवल तीन शिक्षक ही बच्चों की पढ़ाई संभाल रहे हैं। विद्यालय में कुल 511 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जबकि करीब 50 विद्यार्थी ऑफलाइन अध्ययन कर रहे हैं। प्रदेश में संचालित 134 स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालयों में शामिल इस स्कूल की स्थिति अब चिंता का विषय बन गई है।

**बजट के अभाव में बिजली और सफाई व्यवस्था प्रभावित:** विद्यालय प्रशासन का कहना है कि बजट का सामान्यीकरण नहीं होने के कारण बिजली बिल और सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है। वहीं विद्यालय में फर्नीचर के लिए करीब पांच लाख रुपए का बजट पिछले डेढ़ साल से स्वीकृत होने के बावजूद खर्च नहीं हो सका है। आरोप है कि एडीपीसी स्तर पर इस मामले में ध्यान नहीं दिया जा रहा।

**तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से परेशान शिक्षक:** विद्यालय के शिक्षकों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और रोजमर्रा के खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है।

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी हो रही प्रभावित





दसवीं कक्षा की छात्राओं का कहना है कि विज्ञान और गणित के शिक्षक नहीं होने से बोर्ड परीक्षा की तैयारी प्रभावित हो रही है। पढ़ाई के दौरान आने वाले सवालों और डाउट्स का समाधान नहीं हो पा रहा। विद्यार्थियों का कहना है कि यदि जल्द शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई, तो उन्हें मजबूरी में विद्यालय छोड़कर टीसी कटवानी पड़ेगी।

### प्राचार्य बोले, कई बार लिखा पत्र, नहीं मिला समाधान



विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश महावर ने बताया कि शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए लालसोट सीबीईओ को कई बार पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है।




अभिभावक ललित गुप्ता एवं कमलेश गुप्ता ने भी सरकार से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति करने और विद्यालय की व्यवस्थाएं सुधारने की मांग की है ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

### एक नजर

| | |
|---|---|
| कुल विद्यार्थीः | 511 |
| कक्षा 1-5 के विद्यार्थीः | 182 |
| फर्स्ट ग्रेड के पद रिक्तः | 3 |
| सेकंड ग्रेड के पद रिक्तः | 4 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर का पद खालीः | 1 |
| 3 माह से शिक्षकों का वेतन लंबित | |
| 5 लाख रुपए का फर्नीचर बजट डेढ़ साल से अटका | |

## कांग्रेस सेवादल नीमकाथाना की बैठक आयोजित 23 जुलाई को दिल्ली में प्रदर्शन पर बनाई रणनीति



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** विधायक सुरेश मोदी के निजी आवास स्थित कांग्रेस कार्यालय छावनी में रविवार को आयोजित सेवादल की बैठक में 23 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होने वाले कांग्रेस सेवा दल राष्ट्रीय अधिवेशन एवं देशभर में छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन में नीमकाथाना संगठन से सैकड़ों कार्यकर्ताओं के भाग लेने पर चर्चा कर योजना बनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संयोग भावरिया ने बताया कि देशभर में छात्रों के साथ हो रहे न्याय एवं केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया के खिलाफ सेवादल शांतिपूर्ण ढंग से अहिंसात्मक प्रदर्शन करेगा। जल्द ही सेवादल कांग्रेस नीमका थाना में प्रत्येक पंचायत में पंचायत अध्यक्ष भी नियुक्त करेगी। बैठक में सेवादल संगठन प्रभारी नरेश ट्रेलर, स्थानीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष खुशाल चौहान, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवेंद्र बिजनिया, ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष श्रीचंद सैनी, पाटन ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, सेवादल जिला सचिव कृष्ण सैनी, एडवोकेट महेश चौधरी, बलदेव यादव, मदनलाल सैनी, सुभाष सिंघल, राजेश बाजिया समेत अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जयसिंहपुरा में अग्निपीड़ित परिवार से मिले विधायक बैरवा, आर्थिक सहायता दी



महानगर टाइम्स संवाददाता

**चाकसू।** उपखण्ड के ग्राम जयसिंहपुरा में शुक्रवार शाम को रामूलाल लोधा के घर पर हुई आग लगने की घटना का जायजा लेने रविवार को क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को प्रभावित परिवार को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने तथा आवश्यक कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि संभवतया शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने से एक भैंस, अनाज की बोरियां, एक वैन सहित अन्य अन्य उपकरण जलकर राख हो गए थे।

## एलडीसी पेपर आउट मामले की एसओजी से कराएं जांच : अमरदीन

### नामजद कार्मिकों के निलंबन, शेष आरोपियों की गिरफ्तारी और पूरे नेटवर्क की जांच की मांग

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमरदीन फकीर ने लिपिक ग्रेड द्वितीय (एलडीसी) भर्ती परीक्षा के पेपर आउट प्रकरण की जांच स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) से कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक परीक्षा केंद्र तक सीमित नहीं माना जा सकता, बल्कि इसकी गहन जांच कर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाना चाहिए, ताकि प्रदेश के लाखों युवाओं को न्याय मिल सके।

जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में फकीर ने कहा कि जैसलमेर के स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल परीक्षा केंद्र पर सामने आए पेपर आउट मामले में अब तक हुई कार्रवाई अधूरी है। उन्होंने मांग की कि मामले में पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रखी जाए तथा जिन अन्य नामजद आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है, उन्हें भी तत्काल गिरफ्तार किया जाए। साथ ही प्रकरण में नामजद कार्मिकों को जांच पूरी होने तक निलंबित रखा जाए।

फकीर ने आरोप लगाया कि आरोपी शिक्षक पदम सिंह ने मोबाइल तोड़कर महत्वपूर्ण साक्ष्यों को नष्ट किया है। उन्होंने मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की फोरेंसिक जांच कर पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाने की मांग की है। उन्होंने परीक्षा केंद्र के सीसीटीवी कैमरे करीब दस मिनट तक बंद रहने पर भी सवाल उठाए। फकीर ने कहा कि भर्ती परीक्षा जैसे संवेदनशील आयोजन के दौरान कैमरों का बंद रहना गंभीर विषय है। इसकी तकनीकी जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि कैमरे किन परिस्थितियों में बंद हुए और इसके लिए कौन जिम्मेदार था।फकीर ने कहा कि पेपर आउट प्रकरण में शामिल शिक्षकों और कार्मिकों की पूर्व में लगी सभी भर्ती परीक्षाओं की ड्यूटी की भी एसओजी से जांच कराई जानी चाहिए। फकीर ने चेतावनी दी कि यदि मामले की एसओजी से जांच नहीं कराई गई, नामजद कार्मिकों को निलंबित नहीं किया गया तथा शेष आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो कांग्रेस 25 जुलाई को जिला कलेक्ट्रेट का घेराव कर आंदोलन करेगी।

## भगवान महावीर का गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया



महानगर टाइम्स संवाददाता

**फागी।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के जिनालयों में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का गर्भ कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कस्बे के चंद्रपुरी जिनालय में प्रातः श्री जी का अभिषेक, सामूहिक रूप से शांतिधारा करने के बाद अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना कर भगवान महावीर का गर्भ कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य चढ़ाकर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र झंडा, चंद्रपुरी समाज के संरक्षक चंपालाल जैन, सुरेश गंगवाल, बाबूलाल पहाड़िया, अशोक नला, पवन गंगवाल, सुनील बजाज तथा महिला मंडल की गीता नला, संतरा बजाज, मुन्नी अजमेरा, मैंना झंडा, मैंना नला, शोभा पहाड़िया सहित कई श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

## कोटखावदा थानाधिकारी को दी विदाई



**चाकसू (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** हाल ही हुए तबादलों में कोटखावदा से स्थानांतरित थाना प्रभारी भरतलाल महर को स्थानीय लोगों ने माला व साफा पहनकर विदाई दी। लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर माली समाज के रामफूल सैनी, फूलचंद सौलंकी सहित पुलिस स्टाफ व अन्य मौजूद रहे।

## खोरा में ब्लास्टिंग से ग्रामीणों में दहशत

**नीमकाथाना (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** पंचायत समिति की सिरोही ग्राम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत खोरा गांव के खनन क्षेत्र पर हो रही भारी ब्लास्टिंग से ग्रामीणों में भय का माहौल है। ब्लास्टिंग के दौरान एक मकान की छत की पट्टी टूटकर नीचे गिर गई, हालांकि बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार हो रही तेज ब्लास्टिंग के कारण कई मकानों में दरारें आ गई हैं और लोगों की जान-माल को खतरा बना हुआ है। साथ ही क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के संचालन से भी ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से भारी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने, ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**ड्रग्स की सूचना पर पहुंची डीएसटी, मौके पर निकली नकली घी की फैक्ट्री**

# 870 किलो मिलावटी घी जब्त, फैक्ट्री संचालक हिरासत में

महानगर टाइम्स संवाददाता



**बाड़मेर।** ड्रग्स फैक्ट्री की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने रविवार को सदर थाना क्षेत्र के सूरमल नगर रिंग रोड स्थित एक मकान में संचालित नकली घी की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। मौके से करीब 870 किलो तैयार मिलावटी घी, बड़ी मात्रा में पाम ऑयल, सोयाबीन व रिफाइंड तेल, वनस्पति घी, मिक्सिंग व पैकिंग मशीनें सहित अन्य सामग्री बरामद की गई। मामले में फैक्ट्री संचालक जितेंद्र जैन और तिलोक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार डीएसटी को सूचना मिली थी कि रिंग रोड स्थित एक मकान में ड्रग्स बनाई जा रही है। टीम जब मौके पर पहुंची, तो वहां मिलावटी घी बनाने का अवैध कारखाना संचालित मिला। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी पहुंची और फूड इंस्पेक्टर ने घी व कच्चे माल के सैंपल लेकर जांच शुरू कर दी।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी बाजार से क्रीम व घी खरीदकर उसमें 30-35 प्रतिशत पाम ऑयल मिलाते थे। घी को असली जैसा दानेदार दिखाने के लिए वनस्पति आधारित पदार्थ मिलाकर मशीनों से तैयार किया जाता था और बाद में पैक कर 'श्री शिव गौरी' ब्रांड नाम से करीब 650 रुपए प्रति किलो के भाव से बाजार में बेचने की तैयारी थी।

फूड इंस्पेक्टर राजेश कुमार जागिड़ ने बताया कि मौके से 870 किलो तैयार घी, 1660 किलो पाम ऑयल, 360 किलो सोयाबीन तेल, 240 किलो रिफाइंड तेल, 75 किलो खारिया ब्रांड घी तथा करीब 370 किलो श्री हरि वनस्पति बरामद हुई है। फैक्ट्री से मिले जीएसटी नंबर व लाइसेंस की भी जांच की जा रही है कि वह उत्पादन के लिए वैध है या नहीं।

पुलिस के अनुसार फैक्ट्री पिछले 25-30 दिनों से संचालित थी। इस दौरान करीब 870 किलो मिलावटी घी तैयार किया गया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि तैयार घी की बाजार में कितनी सप्लाई की जा चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अग्रणी राष्ट्र बन रहा भारत, धार्मिक स्थलों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही राज्य सरकार

# पूरी दुनिया में पहुंची भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा : भजनलाल शर्मा

- मुख्यमंत्री ने हनुमान कथा का किया श्रवण

**महानगर टाइम्स संवाददाता**





**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य हनुमान कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज जैसे संतों के सान्निध्य में होने वाले धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मकता और उच्च संस्कारों का संचार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज अमृतकाल में है और दुनिया के अग्रणी राष्ट्रों के रूप में उभर रहा है। स्वामी विवेकानंदजी ने जिस सांस्कृतिक वैभव का सपना देखा था, आज हमारी संस्कृति उसी रूप में पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि भव्य राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक और बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम का जीर्णोद्धार नए भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन को याद करते हुए कहा कि लंबे इंतजार के बाद जब प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा हुई, तो पूरी दुनिया उस पल की साक्षी बनी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और विरासत के संरक्षण का कार्य निरंतर कर रही है। खाटूश्याम जी, गिरराज जी और पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक केंद्रों के विकास के लिए सरकार काम कर रही है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का वैदिक परंपरा के अनुरूप मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने चारों वेद ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद का वाचन कर रहे बटुकों के वैदिक मंत्रोच्चार का श्रवण किया। हनुमान कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर नजर आए। इस अवसर पर विधायक बालमुकुंदाचार्य, ठाकुर गोविंददेव चतुर्वेद विद्यापीठ के न्यासी संदीप झंवर सहित अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आचार्य आदित्यसागर महाराज ससंघ के जनकपुरी मंगल प्रवेश पर धर्मसभा

# 'चातुर्मास आत्मकल्याण, साधना, तप एवं संस्कारों का अनुपम अवसर'

**महानगर टाइम्स संवाददाता**






**जयपुर।** आचार्य आदित्यसागर महाराज ससंघ के 28वें चातुर्मास के मंगल प्रवेश पर जनकपुरी जैन मंदिर परिसर में धर्मसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजजन एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। संपूर्ण वातावरण भक्ति, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक उल्लास से ओत-प्रोत रहा। इससे पूर्व आचार्य का 28वें चातुर्मास के लिए बरकत नगर जैन मंदिर से मंगल विहार प्रारंभ हुआ। मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा निर्मित 28 भव्य स्वागत द्वारों से होते हुए विशाल शोभायात्रा जनकपुरी जैन मंदिर पहुंची। मंदिर के बाहर नवनिर्मित मुख्य प्रवेश द्वार का उद्घाटन पदम तरुण बैद परिवार द्वारा किया गया। इसके बाद युवा मंच द्वारा 28 दीपों से भव्य आरती की गई। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने 28 थालों में पाद-प्रक्षालन कर श्रद्धाभाव व्यक्त किया तथा प्रबंध समिति ने मुख्य द्वार पर आचार्य का वंदन, अभिनंदन एवं स्वागत किया।

धर्मसभा का शुभारंभ मंगलाचरण तथा बाहर से पधारे विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बाद में चंद्रप्रभा-नेमीचंद शाह परिवार द्वारा आचार्य का पाद-प्रक्षालन तथा मनीष-शीला सेठी परिवार ने प्रथम और अन्य श्रेष्ठियों द्वारा 28 शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन एवं भक्ति अर्पित की। अपने मंगल प्रवचन में आचार्य आदित्य सागर महाराज ने कहा कि चातुर्मास केवल ऋतु परिवर्तन का समय नहीं, बल्कि आत्मजागरण, आत्मकल्याण, तप, साधना एवं आध्यात्मिक उन्नयन का स्वर्णिम पर्व है। सामान्यतः साधु-संत निरंतर विहार करते हैं, किंतु चातुर्मास में वे एक स्थान पर स्थिर होकर तप, ध्यान एवं स्वाध्याय में लीन रहते हैं। यही स्थिरता आत्मबल को जागृत करती है तथा समाज में स्थायी संस्कारों का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वर्षा की प्रत्येक बूंद धरती को हरितिमा प्रदान कर बीजों में नवजीवन का संचार करती है, उसी प्रकार संतों की साधना समाज में धर्म, शांति, सद्भाव एवं संस्कारों की हरियाली लाती है। संतों के चातुर्मास से समाज में सुख, समृद्धि, नैतिक चेतना एवं आध्यात्मिक जागरण का विस्तार होता है। इस अवसर पर जनकपुरी, ज्योति नगर, त्रिवेणी नगर, बरकत नगर, मधुबन, कीर्ति नगर, श्रीजी नगर, श्योपुर, मोहनबाड़ी, जय जवान कॉलोनी सहित जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। समाज की अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक भी धर्मसभा में उपस्थित रहे।



### 'प्रत्येक व्यक्ति सीखे अपने मन को स्थिर रखने की कला'

**आचार्य ने कहा** कि श्रावक का मन और शरीर स्वभावतः चंचल होते हैं। इसलिए चातुर्मास आत्मसंयम, मन की स्थिरता, आत्मनिरीक्षण एवं आत्मशुद्धि का सर्वोत्तम अवसर है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने मन को स्थिर रखने की कला सीखनी चाहिए, क्योंकि शांति और अशांति दोनों का मूल मनुष्य का दृष्टिकोण एवं आचरण ही है। उन्होंने अपने प्रेरक संदेश में कहा कि किसी भी व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी वेशभूषा अथवा बाहरी स्वरूप से नहीं करना चाहिए। प्रत्येक प्राणी के प्रति समभाव, करुणा एवं सम्मान का भाव रखना ही सच्चा धर्म है। क्रोध, द्वेष एवं कटुता से दूर रहकर संयम, सेवा, सदाचार और सहिष्णुता के मार्ग पर चलना ही जीवन की वास्तविक साधना है। उन्होंने विशेष रूप से व्रती महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों को धर्म, तप, स्वाध्याय एवं सेवा के माध्यम से अपने जीवन को पुण्यमय बनाने का संदेश दिया।

### 'वर्तमान समय भौतिक आकर्षण एवं मानसिक अशांति का युग'

**वर्तमान समय** को भौतिक आकर्षण एवं मानसिक अशांति का युग बताते हुए आचार्य ने कहा कि ऐसे समय में अधिकाधिक पुण्य संचय, तप, स्वाध्याय और धर्मसाधना ही मानव जीवन को सार्थक बना सकती है। चातुर्मास प्रत्येक व्यक्ति को अपने अंतर्मन में झांकने, आत्मशुद्धि करने तथा आत्मकल्याण के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। धर्मसभा में आचार्य की भक्तिभावपूर्वक पूजा-अर्चना हुई। इसके बाद प्रबंध समिति की ओर से राकेश जैन ने पदम जैन बिलाला के नेतृत्व में गठित चातुर्मास समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की घोषणा की। धर्मसभा के समापन पर आचार्य के मंगल आशीर्वचनों से संपूर्ण वातावरण धर्ममय एवं भक्तिमय हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने चातुर्मास के दौरान नियमित रूप से धर्म, तप, स्वाध्याय, सेवा एवं संस्कारमूलक गतिविधियों में सहभागिता का संकल्प लिया।

# लायंस क्लब जयपुर डायमंड ने यूथ हॉस्टल में किया पौधरोपण

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ लायंस क्लब जयपुर डायमंड ने यूथ हॉस्टल में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अभियान के तहत क्लब के सदस्यों ने यूथ हॉस्टल परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे रोपे। क्लब की अध्यक्ष लॉयन प्रीती सक्सैना ने बताया कि हर वर्ष लॉयंस क्लब डायमंड की तरफ से यह पौधरोपण का कार्यक्रम किया जाता है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे ना केवल पौधे लगाएं, बल्कि उनके बड़े होने तक उनकी पूरी देखभाल भी करें। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने प्रकृति को बचाने का सामूहिक संकल्प लिया और क्लब ने घोषणा की कि भविष्य में भी इस प्रकार के पौधरोपण अभियान लगातार जारी रहेंगे। इस अवसर पर क्लब के सचिव लॉयन एमएम पालीवाल, कोषाध्यक्ष लॉयन वीरेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से लॉयन सुधीर जैन, लॉयन अजय अग्रवाल, लॉयन आलोक अग्रवाल, लॉयन दीपक शर्मा, लॉयन राहुल शर्मा, लॉयन आर के गुप्ता, लॉयन बीएस रावत, लॉयन पराग श्रीवास्तव, लॉयन अनिल बाफना, लॉयन सुनील ब्योत्रा, लॉयन विनय पाराशर, लॉयन नवीन सारस्वत, लॉयन डॉ. राजीव वशिष्ठ, लॉयन अजय डोगरा, लॉयन शुभम शर्मा, लॉयन मोहित सक्सैना, लॉयन महेश बब्बर, लॉयन इंदर साधनानी, लॉयन राजेश चौधरी, लॉयन ममता पंचोली, लॉयन कोमल चौहान, संगीता अग्रवाल, संगीता गोदा, पिंकी सारस्वत, नीलम बाफना, सुनीता ब्योत्रा, दुर्गेश शर्मा, निर्मला रावत, कंचन गुप्ता, रीना चौधरी, सरोज साधनानी, वैष्णवी, चीना और निखिल ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पौधे लगाए और पर्यावरण रक्षा का दायित्व उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक लॉयन अनिल बाफना, संयोजक लॉयन शुभम शर्मा रहे। वहीं आर्च फाउंडेशन ने संयुक्त तत्वावधान प्रदान किया।

# महाराजा कॉलेज के 50 वर्ष पुराने स्नातकों का पुनर्मिलन समारोह आयोजित

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** महाराजा कॉलेज के 50 वर्ष पुराने स्नातकों (एलुमिनाई) का भव्य पुनर्मिलन समारोह आयोजित हुआ। 50 वर्ष बाद एक साथ जुड़े पूर्व छात्रों का यह ऐतिहासिक मिलन समारोह कार्यक्रम विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित 'विश्वकर्मा रिक्रिएशन क्लब' में संपन्न हुआ। समारोह में देश-विदेश से आए पूर्व सहपाठी शामिल हुए और अपने छात्र जीवन के अनुभवों तथा सुनहरे पलों को साझा किया, जिससे यह मिलन और भी यादगार बन गया। आयोजन समिति के सदस्य प्रमोद खंडेलवाल, इकबाल सिंह और नरसिंह स्वर्णकार ने बताया कि इस विशेष अवसर की शुरुआत दोपहर के लंच के साथ हुई। इसके पश्चात पुरानी यादों को ताजा करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में पूर्व महापौर अशोक परनामी, न्यायाधीश बनवारी लाल शर्मा, राजस्थान नियोक्ता संघ के अध्यक्ष एनके शर्मा और जर्मनी से जुल्फिकार अहमद ने भी भाग लिया। इस आयोजन को हरिमोहन शर्मा ने इवेंट मैनेजमेंट की जिम्मेदारी संभालते हुए सफल बनाया।

उत्साहपूर्वक मनाया गया विप्र सेना का स्थापना दिवस

# निशुल्क चिकित्सा शिविर, स्वैच्छिक रक्तदान एवं पौधरोपण का हुआ आयोजन



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित शेखावाटी हॉस्पिटल में रविवार को विप्र सेना का स्थापना दिवस उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर निशुल्क चिकित्सा शिविर, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विप्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शेखावाटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सर्वेश शरण जोशी ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में 300 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। वहीं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में भी बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

पंडित राजकुमार चतुर्वेदी ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर सभी विप्र सैनिकों को जनकल्याण के कार्य करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के समापन पर पौधरोपण किया गया तथा अतिथियों को पौधे भेंट कर उन्हें उचित स्थान पर रोपित करने एवं उनकी नियमित देखभाल का संकल्प दिलाया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंच सके। इस अवसर पर नितेश चेतन (गलता गेट), विजय शर्मा (विद्याधर नगर), अजीत जोशी (शहर अध्यक्ष), अधिवक्ता प्रेरणा मिश्रा, रविकांत गौड़, अधिवक्ता जतिन, शेखावाटी हॉस्पिटल के कार्यकारी निदेशक डॉ. एस.पी. यादव, सावित्री चौधरी, मंजू चौधरी, भादो सिस्टर, मुकेश शर्मा, सोनू नरवाल, मोनू अग्रवाल, अमित शर्मा सहित विप्र समाज के सैकड़ों गणमान्यजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अतिथियों एवं सहभागियों का सम्मान

**कार्यक्रम के** अंत में डॉ. सर्वेश शरण जोशी ने अतिथियों एवं सहभागियों का दुपट्टा एवं पटका पहनाकर सम्मान किया तथा 'मजबूत विप्र-सशक्त राष्ट्र' का नारा देते हुए समाज में शिक्षा, सेवा, संस्कार, संगठन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने सफल आयोजन में सहयोग करने वाले अतिथियों, रक्तदाताओं, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार जताया।

जैन मंदिरों में हुए विशेष धार्मिक आयोजन

# जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का गर्भ कल्याणक दिवस मनाया

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का गर्भ कल्याणक दिवस 19 जुलाई को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगंबर जैन मंदिरों में प्रातः पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन हुए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार इस मौके पर मंदिरों में प्रातः भगवान महावीर स्वामी के मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक, शांतिधारा के बाद विशेष पूजा की गई। पूजा के मध्य भगवान महावीर स्वामी का गर्भ कल्याणक श्लोक 'मोहि राखो हो सरना श्री वर्धमान जिनराय जी। गरभ साढसित छट्ट लियो तिथि, त्रिशला उर अघ हरना। सुर सुरपति तित सेव करयो नित, मै पूजो भव तरना॥ मोहि राखो हो सरना...' का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ाया गया। जैन के मुताबिक इस मौके पर श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी सांगानेर में अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा की गई।

आरती के बाद समापन हुआ। इस दौरान राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, मनीष बगड़ा, अमित पाटनी, शुभम जैन, अंकित सोनी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। जैन के अनुसार गोपालजी का रास्ता स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर कालाडेरा महावीर स्वामी, आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, चित्रकूट कॉलोनी के श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर, मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर स्वामी, वैशाली नगर दिगंबर जैन मंदिर, तारों की कूंट पर सूर्यनगर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुरलीपुरा के श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर सहित कई मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन हुए।

# आर्यिकारत्न अर्हं श्री माताजी ससंघ का जयकारों के बीच मंगल प्रवेश



**महानगर टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** आर्यिकारत्न अर्हं श्री माताजी ससंघ का 'अर्हंम मंगल प्रवेश जुलूस' रविवार को जयकारों के बीच गोपालपुरा बाईपास, मंगल विहार स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। जुलूस में त्रिवेणी नगर, 10- स्कीम, मांग्यावास, कीर्ति नगर, शक्ति नगर, गायत्री नगर, प्रताप नगर के समाज के श्रद्धालु सम्मिलित हुए। इस बारे में अर्हंम वर्षायोग कमेटी के अध्यक्ष अमित गोधा ने बताया कि मंगल प्रवेश का यह जूलूस मंगल विहार जैन मंदिर पर संपन्न हुआ। मार्ग में श्रद्धालओं ने पाद प्रक्षालन, पुष्प वर्षा एवं जयकारों से स्वागत किया। जुलूस के मंदिर प्रांगण पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पाद प्रच्छालन व आरती उतारकर संघ की अगवानी की। इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए आर्यिकाश्री ने कहा कि यह प्रवेश जुलूस केवल मंगल विहार का आयोजन नहीं, बल्कि समस्त सकल जयपुर जैन समाज के लिए आध्यात्मिक महापर्व की शुरुआत है। माताजी का चातुर्मास कलश स्थापना 26 जुलाई को दोपहर में होगी।

प्रदर्शनी में 32 स्टॉल पर डिजाइनर राखियां, महिलाओं के परिधान, फैशन एक्सेसरीज, ज्वेलरी, होम डेकोर, हैंडमेड उत्पाद किए प्रदर्शित

# द सोसाइटी सर्कल द्वारा प्रीमियम लाइफस्टाइल एवं राखी प्रदर्शनी का आयोजन

**महानगर टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** द सोसाइटी सर्कल की ओर से रविवार को दोपहर 2 बजे से किड्ज एंड कंपनी राजापार्क में आयोजित प्रीमियम लाइफस्टाइल एवं राखी प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। रात्रि 9 बजे तक चली इस प्रदर्शनी में शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पूरे दिन बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। प्रदर्शनी में 32 आकर्षक स्टॉल लगाए गए। इन पर डिजाइनर राखियां, महिलाओं के परिधान, फैशन एक्सेसरीज, ज्वेलरी, होम डेकोर, हैंडमेड उत्पाद, गिफ्ट आइटम, ब्यूटी एवं वेलनेस उत्पाद, फूड स्टॉल सहित अनेक अनूठे एवं प्रीमियम लाइफस्टाइल उत्पाद प्रदर्शित किए गए।

प्रत्येक स्टॉल ने अपनी विशेषता और गुणवत्ता से आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी कुंजबिहारी गुप्ता रहे। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय उद्यमियों, महिला उद्यमियों एवं उभरते व्यवसायों को अपनी प्रतिभा और उत्पादों को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करते हैं। इस अवसर पर शहर के कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स एवं डिजिटल क्रिएटर्स भी उपस्थित रहे।

उन्होंने प्रदर्शनी का भ्रमण किया, प्रदर्शकों से बात की तथा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से आयोजन की झलकियां साझा कीं, जिससे कार्यक्रम को व्यापक डिजिटल पहुंच भी प्राप्त हुई। उत्साहपूर्ण एवं आकर्षक बना रहा वातावरण पूरे आयोजन के दौरान प्रदर्शनी का वातावरण उत्साहपूर्ण एवं आकर्षक बना रहा। आगंतुकों ने विभिन्न स्टॉलों पर खरीदारी का आनंद लिया, वहीं प्रदर्शकों ने भी उत्कृष्ट ग्राहक प्रतिक्रिया और शानदार फुटफॉल पर संतोष व्यक्त किया। द सोसाइटी सर्कल ने इस आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रदर्शकों, प्रायोजकों, मुख्य अतिथि, इन्फ्लुएंसर्स एवं आगंतुकों का आभार जताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रीमियम लाइफस्टाइल आयोजनों के माध्यम से स्थानीय व्यवसायों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का संकल्प दोहराया।

# ‘आंदोलनजीवी’ सोनम जीवन संकट में ना डालें

## अस्पताल में अनशन की हठ छोड़कर उपचार लेना शुरू करें

**जैसी** की संभावना थी, वही हुआ। दिल्ली के जंतर -मंतर पर 20 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता (एक्टिविस्ट), सोनम वांगचुक को शनिवार तड़के पुलिस जबरन उठा ले गई और उनकी बिगड़ती हालत के मद्देनजर सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करा दिया। पुलिस ने वहां जुटे प्रदर्शनकारियों को भी चलता किया। हालांकि सोनम की जगह कॉकरोच जनता पार्टी के संयोजक अभिजीत दिपके अब अनशन पर बैठ गए हैं, लेकिन फिलहाल इस आंदोलन के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग गया है और सोनम वांगचुक द्वारा 20 जुलाई का प्रस्तावित मार्च भी खटाई में पड़ गया है। वैसे भी वर्तमान सरकार ऐसे आंदोलनों के दबाव में नहीं आती। लिहाजा आमरण अनशन से निजी शोहरत और सहानुभूति तो मिल सकती है, जमीनी लाभ नैतिक समर्थन से ज्यादा कुछ नहीं मिलता। व्यावहारिक दृष्टि से भी सोनम के आंदोलन के पीछे कई राजनीतिक और सामाजिक पेंच हैं। कुछ सियासी पार्टियों ने सोनम का अब तक जबानी समर्थन किया है, तो कांग्रेस जैसी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी शुरू से ही इसे संदेह की नजर से देखते हुए आंदोलन से दूरी बनाए हुए है। और तो और जिन युवाओं की खातिर सोनम आमरण अनशन कर रहे हैं, उनकी रुचि भी इस आंदोलन में ज्यादा नहीं दिखती। यानी परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर उनके मन में भी रोष तो है, लेकिन वह इतना भी नहीं है कि वो अपनी वर्च्युअल दुनिया छोड़कर वास्तविक दुनिया में कफन बांध कर उतर आएं। सोनम के साथ मैदानी तौर पर वो सीजेपी है, जिसका खुद का वजूद भी वर्च्युअल ही ज्यादा है। जबकि तमाम एआई और डिजीटल प्रगति के बावजूद हकीकत में जन आंदोलन सड़कों पर ही करने पड़ते हैं। उसमें भी निरंतरता चाहिए न कि जेन जी तरह एक टेम्प्रेरी इंवेट का क्रेज। वैसे भी आंदोलनों के मामले से निपटने का मोदी सरकार का तरीका पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में काफी भिन्न है, जिस पर बहस की गुंजाइश हमेशा रही है। मसलन सरकार ने अगर किसी आंदोलन को ढील दी हो या अचानक अपने कदम पीछे खींच लिए हो, तो जो आगे होता है, वह राजनीतिक लाभ-हानि के तहत ही होता है। और इतनी सफाई और बेरहमी से होता है कि उन आंदोलनों का अपेक्षित चुनावी लाभ विपक्षी पार्टियों को नहीं मिल पाता। बावजूद तमाम नैतिक समर्थन, सहानुभूति और संवेदनशीलता के आग्रह के, सोनम वांगचुक का आंदोलन भी उसी दिशा में जाता दिख रहा है। इसके पहले दिल्ली हाईकोर्ट और डॉक्टरों ने भी भूख हड़ताल पर बैठे सोनम की गिरती सेहत को लेकर गहरी चिंता जताते हुए उनका ध्यान रखने की हिदायत दी थी। शनिवार सुबह हुई पुलिस कार्रवाई में भी इसी को आधार बनाया गया। पुलिस कर्मी सादे कपड़ों में पहुंचे और सोनम को उठा ले गए। हालांकि सीजेपी नेता अभिजीत दिपके ने पुलिस पर आंदोलनकारियों पर लाठी चार्ज करने का आरोप लगाया। इस कार्रवाई के एक दिन पहले ही दिल्ली के पुलिस कमिश्नर को भी बदल दिया गया था। गौरतलब है कि जंतर मंतर पर इस आंदोलन की शुरुआत अभिजीत दिपके ने की थी और सोनम वांगचुक इसमें 28 जून को शामिल हुए थे। कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित सोनम वांगचुक के आंदोलन में शामिल होने के बाद इसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी सुर्खी मिलने लगी। अमेरिका के न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा है कि लाखों भारतीय छात्रों के लिए न्याय की मांग कर रहे युवाओं के आंदोलन को वांगचुक की भूख हड़ताल से नई गति मिली है। इसी अखबार को दिए इंटरव्यू में सोनम ने कहा कि सीजेपी का आंदोलन उस संघर्ष से जुड़ा हुआ है, जिसे मैंने अपनी युवावस्था में शुरू किया था। यह भी उल्लेखनीय है कि ‘आमरण अनशन के दौरान सोनम का वजन साढ़े 9 किलो तक कम हो गया है। लिहाजा कई नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओंऔर कलाकारों ने सोनम से अनशन समाप्त करने की अपील भी की। जहां तक सोनम के वर्तमान आंदोलन की बात है तो उसको लेकर कई सवाल हैं। पहला तो यह कि सोनम केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से जो इस्तीफा मांग रहे हैं, वह राजनीतिक मांग है। अतः सरकार शायद ही माने। उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक बंद करने और व्यवस्थाओं को पुख्ता बनाने की मांग जायज है, लेकिन जिस ‘नीट’ यूजी के संदर्भ में वो ये मांग कर रहे हैं, उसकी तो पुनर्परीक्षा भी हो गई तथा रिजल्ट भी घोषित हो गया। रीएग्जाम में व्यवस्थाएं पुख्ता रहीं और नतीजों को सभी ने स्वीकार किया। साथ ही सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में ऑन लाइन मार्किंग को लेकर हुआ विवाद भी हल हो गया है। ऐसे में दूसरी मांग का महत्व केवल सैद्धांतिक ही रह जाता है। इसी तरह देश में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं जैसे स्थाई मुद्दे हैं, लेकिन उनको लेकर भी कोई बड़ा आंदोलन (किसान आंदोलन छोड़ दें) तो अण्णा आंदोलन के बाद बीते डेढ़ दशक में खड़ा नहीं हो सका है। दूसरे, पेपर लीक मामले के भुक्त भोगी युवा भी अगर सोनम के आंदोलन से ज्यादा नहीं जुड़ रहे तो इस आंदोलन के औचित्य पर उन्हें पुनर्विचार करना चाहिए। वैसे भी आज के जमाने में किसी भी मुद्दे पर युवाओं को सड़कों तक खींच लाना शिव धनुष उठाने जैसी चुनौती है। क्योंकि युवाओं की समस्याएं भले ही जायज और पुरानी हो, लेकिन विचार और एप्रोच की दृष्टि बहुत एकाकी और आत्मकेन्द्रित है। सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन जैसे बड़े उद्देश्यों के लिए व्यापक आंदोलन की खातिर समुचित भीड़ जुटाना अब टेढ़ी खीर है, खासकर उस पीढ़ी से जो आपसी संवाद, प्रेम और नफरत भी व्हाट्सएप मैसेजों और सोशल मीडिया के जरिए करती हो। विपक्षी पार्टियों ने भी सोनम के आंदोलन को जबानी समर्थन इस सावधानी के साथ दिया कि कहीं इसका श्रेय सोनम अकेले न ले जाएं। बहुत से बुद्धिजीवियों में सोनम के आंदोलन को लेकर कुछ ज्यादा ही संवेदना थी। शायद सरकार को भी इस आंदोलन की गहराई का पूरा अंदाजा था, इसलिए उसने शुरू में उसे अनदेखा किया और पानी सिर से गुजरते ही सोनम को अस्पताल पहुंचा दिया। अब आगे इस आंदोलन को फिर से जिंदा करना आसान नहीं है। संभव है कि सरकार की नजर में ‘आंदोलनजीवी’ सोनम फिर कोई नया मुद्दा लेकर फिर अनशन पर बैठ जाएं। इसी संदर्भ में एक अहम बात अभिनेता आमिर खान का स्पष्टीकरण भी है।



**हकीकत में जन आंदोलन सड़कों पर ही करने पड़ते हैं। उसमें भी निरंतरता चाहिए न कि जेन जी तरह एक टेम्प्रेरी इंवेट का क्रेज। वैसे भी आंदोलनों के मामले से निपटने का मोदी सरकार का तरीका पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में काफी भिन्न है, जिस पर बहस की गुंजाइश हमेशा रही है। मसलन सरकार ने अगर किसी आंदोलन को ढील दी हो या अचानक अपने कदम पीछे खींच लिए हो, तो जो आगे होता है, वह राजनीतिक लाभ-हानि के तहत ही होता है। और इतनी सफाई और बेरहमी से होता है कि उन आंदोलनों का अपेक्षित चुनावी लाभ विपक्षी पार्टियों को नहीं मिल पाता। बावजूद तमाम नैतिक समर्थन, सहानुभूति और संवेदनशीलता के आग्रह के, सोनम वांगचुक का आंदोलन भी उसी दिशा में जाता दिख रहा है।**

# भोजशाला और ज्ञानवापी का नजराना देकर नजीर पेश करे मुस्लिम समाज





डॉ. प्रवीण दाताराम गुगनानी

**परमार** वंश के महान राजा भोज द्वारा वर्ष 1034 में निर्मित यह संस्कृत पाठशाला और वाग्देवी मंदिर भारतीय ज्ञान परंपरा का एक अनुपम केंद्र था। हाल ही में उच्च न्यायालय के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किए गए वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इस स्थान के मूल स्वरूप को पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है।

दो अंग्रेजी कहावते हैंः-‘The eyes are useless when the mind is blind’ अर्थात् आंखें निरर्थक यदि दिमाग ही सत्य को देखने से इनकार कर दे। और दूजी कहावत है, ‘Flogging a dead horse’ अर्थात् मरे हुए घोड़े को चाबुक मार-मारकर उससे उठने की आशा रखना। ये दोनों ही कहावतें वर्तमान समय में ‘भारतीय मुस्लिम समाज’ पर सटीक बैठती हैं।

धार की वाग्देवी (मां सरस्वती) की पावन धरोहर ‘भोजशाला’ और साथ-साथ काशीनाथ के ज्ञानवापी मंदिर का मामला आज पुनः मुस्लिम समाज से सौहाद्र की आशा लिए खड़ा है।

मुस्लिम समाज और विशेषतः इस समाज के नेतृत्व का दावा करने वाले नेताओं को क्या यह बात समझ नहीं आती है कि - ‘इस ऐतिहासिक परिसर पर हिंदू समाज का दावा केवल आस्था पर नहीं, बल्कि अकाट्य ऐतिहासिक और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित है?’ मुस्लिम समाज के नेता यदि अपनी सियासती स्वार्थों के कारण सही बात नहीं पर पा रहे हैं तो मुल्ला, मौलवी, मुस्लिम स्कॉलर्स, प्रोफेसर्स, बुद्धिजीवियों को आगे आना चाहिए और भोजशाला व ज्ञानवापी का नजराना थाली में सजाकर हिंदू समाज को सौंपना चाहिए। यदि मुस्लिम नेता और आलिम दोनों ही ऐसा नहीं करते हैं तो फिर बार-बार गंगा जमुनी तहजीब की बात हिंदू और मुस्लिम समाज दोनों को ही बंद कर देनी चाहिए। गंगा-जमुनी तहजीब केवल जुमला नहीं है यह मुस्लिम वर्ग को सिद्ध करने का यह सर्वाधिक सटीक अवसर है।

सर्वेक्षण के दौरान परिसर और उसके मलबे से सनातन धर्म के विभिन्न देवी-देवताओं की खंडित एवं संरक्षित प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं। इनमें भगवान गणेश, शिव, विष्णु, ब्रह्मा, माता पार्वती और वाग्देवी (सरस्वती) की अद्भुत कलाकृतियां सम्मिलित हैं। ये मूर्तियां स्पष्ट करती हैं कि यह मूल रूप से एक मंदिर परिसर था।

भोजशाला की दीवारों और स्तंभों पर संस्कृत और प्राकृत भाषा में लिखे गए कई शिलालेख मिले हैं। इनमें संस्कृत व्याकरण (पतंजलि के सूत्र), काव्य और राजा भोज की स्तुति अंकित है। मस्जिदों में अरबी या फारसी के शिलालेख होते हैं, परंतु यहां देवनागरी लिपि में खुदे वैदिक मंत्र और व्याकरण के नियम इस स्थान के अकाट्य ‘सरस्वती कंठाभरण’ (विद्या का मंदिर) होने की पुष्टि करते हैं। परिसर के स्तंभों, बीम और छतों पर नक्काशीदार कमल, स्वस्तिक, कलश, शंख, कीर्तिमुख और अप्सराओं की आकृतियां उकेरी गई हैं। इस्लामी वास्तुकला में जीवंत आकृतियों का अंकन पूर्णतः वर्जित है, जबकि भोजशाला के कोने-कोने में ये कलाकृतियां बिखरी पड़ी हैं, जो इसके मंदिर होने का जीवंत प्रमाण हैं। वैज्ञानिक जांच में परिसर के भीतर प्राचीन हवन कुंड और गर्भगृह के स्पष्ट अवशेष मिले हैं। वर्तमान में जो ढांचा मस्जिद के रूप में उपयोग किया जा रहा है, वह वास्तव में मंदिर के ही स्तंभों और सामग्री को उलट-पुलट कर तथा उन्हें क्षतिग्रस्त करके खड़ा किया गया है।

ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार, इस मंदिर की मूल अधिष्ठात्री देवी ‘वाग्देवी’ की प्रतिमा को ब्रिटिश काल में यहां से हटाकर लंदन के ‘ब्रिटिश म्यूजियम’ में रख दिया गया था, जिसके आधार पर भी हिंदू समाज का यह दावा वैश्विक स्तर पर सिद्ध होता है।

इन तमाम वैज्ञानिक और पुरातात्विक तथ्यों के प्रकाश में यह स्पष्ट है कि धार की भोजशाला पर हिंदू समाज का अधिकार पूरी तरह स्वाभाविक, ऐतिहासिक और न्यायसंगत है। ऐसे में, इस सत्य को नकारकर अदालतों में अपील दर अपील करना केवल समय की बर्बादी और समाज में कटुता बढ़ाने का माध्यम ही बनेगा।


काशी की ‘ज्ञानवापी’ और धार की ‘भोजशाला’ दोनों ही स्थानों पर प्रत्यक्ष दिखने वाले पुरातात्विक साक्ष्य चिल्ला-चिल्लाकर सच्चाई बयां कर रहे हैं। सत्य को केवल कानूनी दांव-पेंचों से कुछ समय के लिए टाला जा सकता है, मिटाया नहीं जा सकता। न्यायालय भी अंततः साक्ष्यों और जनभावनाओं के संतुलन पर ही निर्णय देता है। ऐसे में फिर से सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाना ‘अपनी ही कुल्हाड़ी पर पैर मारने’ जैसा है। मुस्लिम समाज के नेताओं, मुल्ला-मौलवियों, बुद्धिजीवियों यह विचार करना ही चाहिए कि ऐसी हठधर्मिता भला किस काम की? वो क्यों अयोध्या जैसी जिद किए रहना चाहते हैं? हठधर्मिता का अंत हमेशा कड़वाहट के साथ होता है, जबकि संवाद का अंत सदैव सम्मान के साथ होता है। भारतीय मुसलमानों को यह ऐतिहासिक सत्य स्वीकार करना होगा कि उनके पुरखों के जींस और रक्त इस देश की मिट्टी से जुड़े है, किसी विदेशी आक्रांता बाबर या औरंगजेब से नहीं। वे इसी भूमि की संतान हैं। बहुसंख्यक हिंदू समाज ने सदियों तक अपने मानबिंदुओं के विध्वंस को मूक दर्शक बनकर झेला है, और अब स्वतंत्रता के बाद वह अपनी सांस्कृतिक पहचान को पुनः स्थापित करने के लिए आतुर है। ऐसी परिस्थिति में मुस्लिम समाज को कानूनी लड़ाई लड़ने के बजाए एक बड़ा दिल दिखाना चाहिए। हिंदू समाज को ‘बड़ा भाई’ मानते हुए उन्हें आगे बढ़कर यह कहना चाहिएः- ‘ये स्थान आपकी आस्था के केंद्र हैं, हम स्वेच्छा से इन पर अपना दावा छोड़ते हैं।’ यह कदम मुस्लिम समाज की कमजोरी नहीं, बल्कि उनके बड़प्पन, सहिष्णुता और कथित ‘गंगा-जमुनी तहजीब’ का जीवंत उदाहरण बनेगा। जब बड़ा भाई अपने मानबिंदुओं को वापस पाने के लिए संघर्षरत हो, तो छोटे भाई का धर्म अड़चन बनना नहीं, बल्कि ससम्मान मार्ग प्रशस्त करना होता है।

यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि देश का आम मुसलमान झगड़ा नहीं चाहता। वह अमन, शिक्षा और तरक्की की राह पर चलना चाहता है। परंतु समस्या मुस्लिम समाज के भीतर के उन कट्टरपंथी नेताओं और वोट बैंक की राजनीति करने वाले स्वार्थी तत्वों की है, जो अपनी राजनीतिक दुकानें चमकाने के लिए आम मुसलमानों के मन में अकारण भय पैदा करते हैं।

# क्रिकेट में गैरी सोबर्स जैसा सितारा फिर न आएगा

मदन लाल, विश्व विजेता पूर्व क्रिकेटर


**इसी** 28 जुलाई को वह नब्बे साल के हो जाते, मगर सर गारफील्ड सोबर्स ने शुक्रवार को ही इस दुनिया को अलविदा कह दिया। हम उन्हें गैरी सोबर्स ही पुकारा करते थे। वैसे तो क्रिकेट की दुनिया में बहुत से ‘लीजेंड’ पैदा हुए, मगर सर डॉन ब्रेडमैन की तरह अगर किसी क्रिकेटर की संसार के कोने-कोने में उपमा दी गई, तो वह गैरी सोबर्स ही हैं। विश्व-क्रिकेट में उनके जैसा सम्मान कमाने वाले बहुत कम खिलाड़ी हैं! उनके जाने से हम सब मर्माहत हैं। किसी खिलाड़ी की महानता का अंदाजा हम कैसे लगाते हैं? जब उसका नाम लेने भर से उसकी टीम का सुनहरा दौर याद आ जाए या फिर वह अपने देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले चेहरों में गिना जाए। सर गैरी सोबर्स इस मेयार पर पूरी तरह खरे उतरते हैं। वेस्टइंडीज जब विश्व क्रिकेट में एक दमदार टीम बनी, गैरी सोबर्स उसका एक बेहद मजबूत हिस्सा थे। सन् 1960 से लेकर 1974 तक वेस्टइंडीज टीम का दुनिया में बहुत नाम रहा और इसमें गैरी सोबर्स का योगदान काफी ज्यादा था। उनके आंकड़े इसकी तस्दीक कर देते हैं। 1954 से 1974 के बीच गैरी सोबर्स ने अपने देश के लिए 93 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 8,000 से भी अधिक रन बनाए और 235 विकेट लिए। क्रिकेट का चस्का गैरी को बहुत छोटी उम्र (आठ साल) में ही लग गया था। तब




वह बारबाडोस में स्कोर बोर्ड पर स्कोर टांका करते थे। उस समय के बड़े-बड़े क्रिकेटरों को इस मैदान में उन्होंने खेलते हुए देखा। अपनी आत्मकथा ‘गैरी सोबर्सः माई ऑटोबायोग्राफी’ में उन्होंने अभावों के बीच अपनी परवरिश के बारे में तफसील से लिखा है कि किस तरह पिता की मौत के बाद अकेली मां ने अपने बच्चों का पालन-पोषण किया। हालांकि, क्रिकेट के मैदान में ‘किंग’ बनते उन्हें ज्यादा देर न लगी। यह ठीक है कि 17 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने वाले गैरी को अपने पहले शतक के लिए करीब चार साल का इंतजार करना पड़ा, लेकिन उसके बाद तो उन्होंने शतकों की झड़ी लगा दी और तिहरे शतक का एक ऐसा रिकॉर्ड बना दिया, जिसे अगले साढ़े तीन दशक तक कोई छू न सका। क्रिकेट में आज तक जितने भी हरफनमौला खिलाड़ी हुए, सर गैरी सोबर्स उन सबमें महान थे। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के आंकड़े तो आपने पढ़ ही लिए। एक और आंकड़े से आप आसानी से अंदाजा लगा सकेंगे कि वह कितने जबर्दस्त क्षेत्ररक्षक थे। साल 1965 में गैरी को वेस्टइंडीज टीम का कप्तान बनाया गया था और 1966 में टीम इंग्लैंड के दौरे पर गई। उस दौरे में गैरी जैसे चौतरफा जादू बिखेर रहे थे। पांच टेस्ट मैचों की वह श्रृंखला वेस्टइंडीज ने 3-1 से जीती थी, जबकि एक मैच ड्रॉ रह गया था। उस श्रृंखला में गैरी सोबर्स ने न सिर्फ तीन शतक जड़े और 20 विकेट झटके थे, बल्कि 10 कैच भी पकड़े थे। गैरी से स्लिप में फील्डिंग करा लीजिए या बाउंड्री पर, उनके भीतर का फील्डर अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में सामने होता था। फर्स्ट क्लास मैच में मैल्कम नैश की छह गेंदों पर छह छक्के जड़ने का उनका रिकॉर्ड भी दशकों तक लोगों के जेहन में दर्ज रहा। यह कारनामा करने वाले वह दुनिया के पहले क्रिकेटर थे। गैरी एक बहुत अच्छे इंसान भी थे। कहते हैं, बड़े आदमी के पास सिर्फ खड़े हो जाएं, तो कुछ बहुमूल्य सीखने को मिल जाता है। मैंने वेस्ट इंडीज के दो दौरे किए हैं। जब भी हम मिले, गैरी ने छोटी-छोटी, मगर बहुत अच्छी सलाहें दीं। गेंदबाजी के बारे में उन्होंने मुझे बताया था कि अगर आप गेंद ‘मूव’ कर रहे हैं और बल्लेबाज को रन नहीं लेने दे रहे, तो उसके आउट होने की संभावना बढ़ जाती है। बाद के दिनों में मुझे उनके साथ इंग्लैंड में पेशेवर क्रिकेट खेलने का भी मौका मिला। हमने वहां कई चैरिटी मैच खेले। गैरी को खेलते हुए देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता था। हालांकि, उस समय तक वह क्रिकेट में बहुत सक्रिय नहीं रह गए थे। उन्हें रन बनाते देखकर आनंद मिलता था। अपनी आलोचनाओं के जवाब वह मैदान में देने के कायल थे। सन् 1972 की बात है। गैरी ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट खेल रहे थे। शुरुआती दो टेस्ट मैच उनके अच्छे नहीं गए थे। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने इसे लेकर गैरी पर कुछ तंज कस दिया। फिर क्या था, मेलबर्न में तीसरे टेस्ट मैच में उन्होंने रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। गैरी ने 129 गेंदों पर अपना शतक जड़ दिया था। कुल 254 रनों की उनकी उस पारी को डॉन ब्रेडमैन ने ऑस्ट्रेलिया में खेली गई तब तक की सबसे शानदार पारी बताया था।दुनिया भर के कप्तानों, क्रिकेटरों में गैरी बेहद लोकप्रिय थे। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इयान चैपल ने एक बार कहा था कि लोग गैरी सोबर्स को एक ऐसे क्रिकेटर के रूप में देखते हैं, जो बस अपना स्वाभाविक खेल खेलते रहे, मगर ऐसा नहीं है। वह खेल-शैली की बारीकियों पर बहुत गौर करते हैं। चैपल ने माना था कि गैरी की सलाह से उन्हें अपनी बैटिंग में काफी मदद मिली। इसके साथ ही इयान चैपल ने एक किस्सा भी बयान किया था, जो बताता है कि अपनी इस योग्यता को लेकर गैरी कितने सचेत थे। गैरी सोबर्स भारतीयों से बहुत प्यार करते थे, क्योंकि वह जब कभी भी हिंदुस्तान आए, यहां उन्हें बहुत प्यार और सम्मान मिला। इस प्रेम को उन्होंने हमेशा सहेजकर रखा।

## राशिफल

**20 जुलाई, 2026, सोमवार, विक्रम संवत् 2083 आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी, सिद्धार्थि संवत्सर विक्रम संवत 2083, शक संवत 1948 (पराभव संवत्सर), आषाढ़ सप्तमी तिथि 04:03 तक उपरांत अष्टमी। नक्षत्र हस्त 07:09 तक उपरांत चित्रा। शिव योग 06:36 तक, उसके बाद सिद्ध योग। करण गर 03:41 तक, बाद वणिज 04:03 तक, बाद विष्टि योग। राहुकाल 07:35 से 09:14 तक है।**





आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे और ऊर्जावान महसूस करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और घर के सदस्यों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। किसी यात्रा के योग बन सकते हैं, जो फायदेमंद साबित होगी। आर्थिकस्थितिअच्छी रहेगी। व्यवसाय में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करें वरना धन हानि हो सकती है।





रोमांटिक जीवन में कुछ उथल-पुथल हो सकती है, इसलिए बातचीत में संयम बरतें। आज प्रॉपर्टी में निवेश करने से बचें। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी और पार्टनर के साथ छोटी ट्रिप का प्लान बन सकता है। आयके नए स्रोत बनेंगे, स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं।





आप दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। किसी यात्रा पर जाने के योग हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी, लेकिन फालतू के खर्चों पर लगाम लगाएं। अपनी मानसिक शांति और सेहत का विशेष ध्यान रखें। लक्ष्य पर फोकस रखने से निश्चित सफलता मिलेगी। किसी को रकम उधार देने से बचें, वापस मिलने में कठिनाई आ सकती है।




करियर के मामले में आज का दिन शानदार रहेगा। नौकरी में सफलता और लाभ के योग हैं। शेयर बाजार में निवेश करना आज लाभदायक साबित हो सकता है। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी नहीं करें। परिवार और अपने पार्टनर के साथ समय बिताएं।




आज का दिन रोमांच और उत्साह से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का फल मिलेगा और सफलता आपके कदम चूमेगी। प्रेम संबंध मजबूत होंगे और दिन के अंत तक पार्टनर से कोई प्यारा सरप्राइज या मैसेज मिल सकता है। धार्मिक- आध्यात्मिक कार्यों में मन लगेगा जिससे मन को विशेष शांति मिलेगी।




परिवार के किसी सदस्य के साथ मतभेद होने की संभावना है। काम में एकाग्रता की कमी के कारण प्रोडक्टिविटी पर असर पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर हो सकती है, इसलिए कोई भी बड़ा निर्णय बहुत सोच-समझकर लें। रिश्तों में चल रही गलतफहमियों को बातचीत से ही दूर करना अच्छा रहेगा।




आज आर्थिक मामलों में किस्मत आपका साथ देगी। धन लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी तारीफ होगी और बड़े अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। करियर में भी नए मौके मिलने की संभावना है।




आज आपको अपनी मेहनत का पूरा परिणाम मिलेगा। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा है, पुराने अटके हुए काम पूरे हो सकते हैं। पारिवारिक जीवन में शांति और खुशहाली बनी रहेगी। तनाव से बचने के लिए घर-परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएं।





आज आपको अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं पर ध्यान देने और लंबे समय की सुरक्षा पर फोकस करने की जरूरत है। बजट से बाहर जाकर किसी को कोई आर्थिक वादा न करें। करियर में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें, तनाव से बचें।




नए कौशल सीखने और अपनी योजनाओं की समीक्षा करने के लिए दिन बहुत बढ़िया है। पैसों से जुड़ा कोई भी फैसला जल्दबाजी में न लें। दफ्तर में आपके अनुशासित काम की तारीफ होगी। कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।




आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए रास्ते खोल सकता है। व्यापार में निवेश के लिए समय अनुकूल है। वैवाहिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। रिश्तों में मधुरता बनाए रखें। किसी करीबी से चल रहे विवाद को बातचीत केजरिए सुलझाएं।




आज आपको अपने क्रोध और वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी भी कार्य में धैर्य बनाए रखना आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा। कार्यस्थल पर साथियों के साथ विवाद से बचें नहीं तो बेवजह के तनाव से स्वास्थ्य खराब हो सकता है। करियर में आगे बढ़ने पर फोकस करें।

## जगन्नाथ मंदिर में प्रेम के पद - सत्य कथा

प्रेरक प्रसंग

उड़ीसा में बैंगन बेचने वाले की एक बालिका थी। दुनिया की दृष्टि से उसमें कोई अच्छाई नहीं थी। किन्तु दुनिया की दृष्टि से नगण्य उस बालिका को संत जयदेव गोस्वामी जी का पद गीत गोविंदम् बहुत ही भाता था। वह दिन-रात उसको गुनगुनाती रहती थी और भगवान के प्रेम में डूबती-उतराती रहती थी।

वह घर का सारा काम करती, पिता-माता की सेवा करती और दिनभर जयदेव जी का पद गुनगुनाया करती और भगवान की याद में मस्त रहती।

पूर्णिमा की रात थी, पिताजी ने प्यार से बच्ची को जगाया और आज्ञा दी कि बेटी! अभी चांदनी टिकी है, इस प्रकाश में बैंगन तोड़ लो जिससे प्रातः मैं बेच आऊं। वह गुनगुनाती हुई सोई थी और वही गुनगुनाती हुई जाग गई। जागने के उपरांत इसी गुनगनाने के रस के साथ बैंगन तोड़ने निकल पड़ी। वह गुनगुनाती हुई बैंगन तोड़ने लगी, कभी इधर जाती, कभी उधर, क्योंकि चुन-चुनकर बैंगन तोड़ना था। उस समय एक ओर तो उसके रोम-रोम से अनुराग झर रहा था और दूसरी ओर कंठ से गीतगोविंद के सरस गीत प्रस्फुटित हो रहे थे। प्रेमरूप भगवान् इसके पीछे कभी इधर आते, कभी उधर जाते। इस चक्कर में उनका पीताम्बर बैंगन के कांटों में उलझकर चिथड़ा हो रहा था, किन्तु इसका ज्ञान न तो बच्ची को हो रहा था और न उसके पीछे-पीछे दौड़नेवाले प्रेमी भगवान को। विश्व को इस रहस्य का पता तब चला जब सबेरे भगवान् जगन्नाथ जी के पट खुले और उस देश के राजा पट खुलते ही भगवान की झांकी का दर्शन करने पहुंचे। उन्हें यह देखकर बहुत दुःख हुआ कि पुजारी ने नए पीताम्बर को भगवान को नहीं पहनाया, जिसे वे शाम को दे गए थे। वे समझ गए कि नया पीताम्बर पुजारी ने रख लिया है और पुराना पीताम्बर भगवान को पहना दिया है।

उन्होंने इस विषय में पुजारी से पूछा - बेचारा पुजारी इस दृश्य को देखकर अवाक था। उसने तो भगवान को राजा का दिया नया पीताम्बर ही पहनाया था, किन्तु राजा को पुजारी की नीयत पर संदेह हुआ और उन्होंने उसे जेल में डाल दिया।

निर्दोष पुजारी जेल में भगवान के नाम पर फूट-फूटकर रोने लगा। इसी बीच में राजा कुछ विश्राम करने लगा और उसे नींद आ गई। स्वप्न में उसे भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन हुए और भगवान ने उसे आदेश दिया कि पुजारी निर्दोष है, उसे सम्मान के साथ छोड़ दो। रह गई बात नए पीताम्बर की तो इस तथ्य को बैंगन के खेत में जाकर स्वयं देख लो, पीताम्बर के फटे अंश बैंगन के कांटों में उलझे मिलेंगे। मैं तो प्रेम के अधीन हूं, अपने प्रेमीजनों के पीछे-पीछे चक्कर लगाया करता हूं। बैंगन तोड़ने वाली बाला के अनुराग भरे गीतों को सुनने के लिए मैं उसके पीछे-पीछे दौड़ा हूं और इसी में मेरा पीताम्बर कांटों में उलझकर फट गया।

जगन्नाथ मंदिर की देख-रेख, भोग-आरती आदि सभी तरह व्यवस्था करने वाले राजा के जीवन में इस अद्भुत घटना ने रस भर दिया और भगवान के अनुराग में वे भी मस्त रहने लगे। बैंगन तोड़ने वाली एक बाला के पीछे-पीछे भगवान उसके प्रेम में घूमते रहे। यह कहानी फूस की आग की तरह फैल गई। जगत के स्वार्थी लोगों की भीड़ उसके पास आने लगी। कोई पुत्र मांगता तो कोई धन।

इस तरह भगवान के प्रेम में बाधा पड़ते देख राजा ने जगन्नाथ मंदिर में नित्य मंगला आरती के समय गीत गोविंद गाने के लिए उस बालिका को मंदिर में संरक्षण दिया और उसकी सुरक्षा की व्यवस्था राजमहल को ही सौंप दी। तब से ही नित्य मंगला आरती में गीत गोविंद के पद श्री जगन्नाथ मंदिर में होना प्रारंभ हो गए। आज भी बड़े भक्ति भाव के साथ ठाकुरजी के समक्ष इन पदों को गाया जाता है।

### स्वामी विवेकानंद खेल महोत्सव का समापन

# 2 दिन में 252 प्रतिभागियों एवं 49 टीमों ने की सहभागिता



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पौंड्रिक नगर, जयपुर महानगर द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय 'स्वामी विवेकानंद खेल महोत्सव' का रविवार को समापन हुआ। महोत्सव में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों एवं युवाओं ने सहभागिता कर खेल भावना, अनुशासन और संगठनात्मक एकता का प्रभावशाली परिचय दिया।

खेल महोत्सव का शुभारंभ जयपुर महानगर के सह कार्यवाह रूपसिंह के सान्निध्य में हुआ। वहीं दूसरे दिवस आयोजित टीम प्रतियोगितियों का संचालन एवं मार्गदर्शन जयपुर महानगर के सह महानगर कार्यवाह अशोक शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय वुशु खिलाड़ी जाह्नवी मेहरा रहीं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता के विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और राष्ट्रभाव का भी निर्माण करते हैं। स्वस्थ, सशक्त और संगठित समाज के निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

दो दिवसीय खेल महोत्सव में आयोजित एकल प्रतियोगिताओं में 252 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि दूसरे दिन आयोजित टीम प्रतियोगिताओं में 49 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में कबड्डी, चक्रिका छू, रस्सा-कसी, वलय गोल सहित विभिन्न पारंपरिक भारतीय खेलों का आयोजन किया गया।

महोत्सव का संयोजन पुष्पेंद्र राठौड़ ने किया, जबकि संपूर्ण व्यवस्थाओं का दायित्व नगर संघचालक वैद्य केदारनाथ शर्मा ने संभाला। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को सम्मानित किया गया।

# जैसलमेर में पेयजल के लिए मच रहा हाहाकार

**शहरी क्षेत्र में दस-दस दिन में हो रही आपूर्ति**

## ग्रामीण कई किमी. पैदल चल कर पानी लाने को मजबूर

चन्दन सिंह भाटी



**जैसलमेर।** भीषण गर्मी के प्रहार से आहत जैसाणे में इन दिनों पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। सरकारी बैठकों में किए जा रहे दावों के बीच जमीनी सच्चाई यह है कि जैसलमेर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कुल आबादी की तुलना में पानी मुहैया कराने में जिम्मेदारों को पसीना आ रहा है। जुलाई महीना आधा गुजर चुका है, लेकिन भीषण गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। इसके बावजूद जिला प्रशासन और जलदाय विभाग नियमित पेयजल आपूर्ति करने में विफल साबित हो रहे हैं। खुद जलदाय विभाग ने माना है कि क्षेत्र में 96 से 168 घंटे में पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जबकि हकीकत में शहरी क्षेत्र में 240 और उससे ज्यादा घंटों के अंतराल में पेयजल आपूर्ति हो रही है। उसमें भी आपूर्ति समय घटाकर आधा कर दिया है।

इससे निजी पेयजल टैंकर मालिकों की चांदी हो गई है। एक टैंकर के 12 सौ से 15 सौ रुपए वसूले जा रहे हैं।

जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता नगर खंड निरंजन मीणा ने बताया कि नगर क्षेत्र को 50 ब्लॉक में विभाजित कर आपूर्ति की जा रही है। इसमें 26 ब्लॉक को 48 घंटे, 8 ब्लॉक को 72 घंटे, 8 ब्लॉक को 96 घंटे, 9 ब्लॉक को 120 घंटे, 4 ब्लॉक को 144 घंटे तथा 4 ब्लॉक को 168 घंटे के अंतराल पर जल आपूर्ति हो रही है। यह भी बताया गया कि वर्तमान में शहर की पेयजल मांग 25 एमएलडी है, जबकि विद्युत व्यवधान एवं तकनीकी कारणों से मात्र 15 एमएलडी जल की आवक हो रही है।

एक साल पहले जलदाय विभाग ने दावा किया था कि पेयजल समस्या के समाधान के लिए 253 लाख रुपए की स्वीकृति पश्चात विद्युत आपूर्ति को 132 केवी जीएसएस से जोड़ा जा चुका है। साथ ही मोटर, पम्प, केबल एवं अन्य उपकरणों की खरीद के लिए 65 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिससे शीघ्र ही जल आपूर्ति की स्थिति में सुधार होगा, लेकिन यह सुधार एक साल बाद भी कहीं दिखाई नहीं दे रहा है।

### दिन भर पानी में जुगत में जुटी रहती हैं महिलाएं

जैसलमेर शहर में सार्वजनिक नल के समीप मटके लिए दर्जनों महिलाएं, बच्चों के हाथ में जरीकन, टूटी हुई पाइप लाइन से घरों में पीने के लिए पानी ले जाने की मशक्कत और सूखे नलों में पानी तलाशने के नजारे जैसलमेर में इन दिनों देखना आम है। जिले भर में इन दिनों पानी की आपूर्ति में हो रही अव्यवस्था से आमजनता में जिला प्रशासन और जलदाय विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है। पशुपालन का व्यवसाय करने वाले लोगों को भी अपने पशुओं की प्यास बुझाने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### गांव-ढाणियों में नहीं पहुंच रहे पानी के टैंकर

गर्मी शुरू होने के साथ ही दूर दराज स्थित ढाणियों तथा जहां पानी नहीं पहुंच रहा है, उन जगहों पर जलदाय विभाग की ओर से टैंकरों से जलापूर्ति की जाती है, लेकिन इस वर्ष जुलाई माह आधा बीत चुका है, लेकिन अभी तक टैंकर शुरू करने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

> शहरी क्षेत्र में पानी की विकट समस्या है। दस से पंद्रह दिनों में नलों में पानी आता है। पहले 45 मिनट पेयजल आपूर्ति होती थी, जो घटाकर 15 से 20 मिनट कर दी है। प्रेसर नहीं होने के कारण आवश्यकता अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। घरों में टांके खाली हो चुके हैं। अधिकारी फोन रिसीव नहीं करते हैं। जन प्रतिनिधि और अधिकारीयों को जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है।
>
> **चन्दनसिंह चौहान, कलाकार कॉलोनी, जैसलमेर**

**सीकर में वार्ड नं. 13 (नया) मोहल्ला नायकान का मामला : सड़क चौड़ीकरण पर वार्डवासियों की दो टूक**

# 'निर्णय करें, दोहरी नीति खत्म करें'

सच्चानन्द थदानी



**सीकर।** शहर के पुराना लुहारू बस स्टैंड स्थित कलेक्ट्रेट के पीछे वार्ड नंबर 13 (नया) के मोहल्ला नायकान के निवासियों ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर नगर परिषद की कथित दोहरी नीति पर नाराजगी जताई है। वार्डवासियों का कहना है कि नए निर्माण की अनुमति 40 फीट सड़क छोड़ने की शर्त पर दी जा रही है, जबकि क्षेत्र में अधिकांश पुराने पट्टे और मकान 16 फीट चौड़ाई के अनुसार बने हुए हैं। इससे नए निर्माण कार्य करने वाले लोग असमंजस और परेशानी में हैं।

रविवार को आयोजित बैठक में लोगों ने बताया कि कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन या अन्य कारणों से मुख्य मार्ग बंद होने पर पूरा यातायात इसी संकरी गली से गुजरता है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। नगर परिषद ने वर्षों पहले सड़क चौड़ीकरण के लिए मकानों पर निशान भी लगाए थे, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

एडवोकेट बलदेव सैनी ने कहा कि 2024 से मामला लंबित है और लोग न तो पुराने नियमों के अनुसार निर्माण कर पा रहे हैं और न ही नए नियमों से राहत मिल रही है। उन्होंने मास्टर प्लान के अनुसार स्पष्ट निर्णय लेने की मांग की।

एडवोकेट सुनीता पारीक ने कहा कि कलेक्ट्रेट के कार्यक्रमों के दौरान पूरा ट्रैफिक इसी मार्ग से गुजरता है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी होती है। वार्डवासी प्रदीप सोनी ने कहा कि यदि 40 फीट छोड़कर निर्माण की शर्त लागू है, तो पहले सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई भी की जाए। ऊषा सिंधी ने प्रशासन से मांग की कि या तो वर्तमान व्यवस्था को यथावत रखा जाए या नए नियमों को पूरी तरह लागू किया जाए, लेकिन लोगों को दोहरी स्थिति में न रखा जाए।

हालांकि बैठक में कुछ लोगों ने सड़क चौड़ीकरण का विरोध भी किया। उनका कहना था कि यदि मकान और दुकानें तोड़ी गईं, तो कई परिवारों के पास रहने और आजीविका का कोई साधन नहीं बचेगा।

बैठक में डॉ. मंसाराम सारण, महेश महला, विद्याधर सिंह, दीनदयाल, मनोहरलाल, माया देवी, प्रेमलता, श्रीचंद, राजेंद्र शर्मा, बलराम नायक, भंवरलाल, पवन कुमार, छुट्टनलाल, अनिल, महेश पारीक, श्रीचंद जाखड़, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

### चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को मिली नई मजबूती

## भेडोला एवं बलरिया जीएसएस पर 5 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर स्थापित



**4,630 उपभोक्ताओं को मिलेगा बेहतर विद्युत आपूर्ति का लाभ**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र में विद्युत अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करते हुए 33/11 केवी ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस) भेडोला एवं बलरिया पर स्थापित 3.15 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मरों के स्थान पर 5 एमवीए क्षमता के नए पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। इस क्षमता वृद्धि से क्षेत्र के लगभग 4,630 कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

अधीक्षण अभियंता (ऑपरेशन एवं संधारण) आर.के. मीना ने बताया कि बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए दोनों ग्रिड सब-स्टेशनों पर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई है। इससे ट्रांसफार्मरों पर बढ़ते भार का प्रभावी प्रबंधन होगा, ओवरलोडिंग एवं लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं में कमी आएगी तथा भविष्य की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति भी अधिक सुगमता से हो सकेगी।

मीना के अनुसार, भेडोला जीएसएस से जुड़े झोपड़ा, जगमोड़ा, सिटोटी, सरकुण्ड, शेरसिंहपुरा, आन्दोली, भेडोला, नयागांव, विजयपुर एवं भेडोली सहित आस-पास के गांवों के 520 कृषि एवं 1,760 घरेलू, कुल 2,280 उपभोक्ताओं को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। वहीं 33/11 केवी बलरिया जीएसएस से जुड़े चैनपुरा, बलरिया, गोपालपुरा, रजकाना, रतनपुरा, गणेशगंज, कुम्हरिया, जापेड़ा एवं पावडेरा सहित आस-पास के गांवों के 750 कृषि एवं 1,600 घरेलू, कुल 2,350 उपभोक्ताओं को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी।

## सैनी समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

### राजकीय सेवा व शिक्षा से जुड़े व्यक्ति भी सम्मानित






महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की ओर से रविवार को लक्ष्मी मैरिज गार्डन गौशाला के पास खंडेला रोड श्रीमाधोपुर में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व शिक्षा, राजकीय सेवा से जुड़े करीब 216 व्यक्तियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताराम सैनी (पूर्व वैज्ञानिक) ने की। मुख्य अतिथि आल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामसिंह सैनी (दादूका) पावटा रहे। कार्यक्रम में कक्षा 10 के 30, कक्षा 12 के 40, जेईई के 11, नीट के 25 व 60 राजकीय सेवा में चयनित एवं खेल व अन्य प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

राजू बागवान ने बताया कि इस अवसर पर साधुराम सैनी (शाहपुरा), रामगोपाल (नायन), शंकर सैनी (नायन), मोतीलाल (उदयपुरवाटी), विनेश सैनी (पार्षद), मोहनलाल सैनी आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आयोजक ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज श्रीमाधोपुर के जिला अध्यक्ष ललित सैनी, तहसील अध्यक्ष सागरमल सैनी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, बाबुलाल कटारिया, दिनेश कटारिया, पुरषोत्तम सैनी, मोहन लाल सैनी गार्डन वाले, डॉ. विक्रम सैनी, सुरेन्द्र सैनी, चन्द्रप्रकाश सैनी, कैलाश सैनी, डॉ. विरेन्द्र सैनी, डॉ. बाबुलाल सैनी, राजू भाई हांसपुर, राजेश सैनी नांगल भीम, राकेश आड़तिया, अनिल कुमार सैनी एफसीआई, हरीश कुमार सैनी, रामकुमार सैनी, महेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

जिलाध्यक्ष ललित कुमार सैनी ने बताया कि मंच संचालन डॉ. हरफूल निराला खंडेला व कालूराम सैनी मूंडरू ने किया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर सम्मानित होने वालों को राजू भाई हांसपुर द्वारा बैग दिए गए, वहीं डॉ. प्रकाश सैनी लाला वाली द्वारा 35 हजार की लागत की 150 पानी की बोतल दी गई।

# सर्व समाज महिला विकास समिति का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न



### रोजगार सेंटर का हुआ शुभारंभ

महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर रविवार को सर्व समाज महिला विकास समिति, लालसोट की नई कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह एवं महिलाओं के लिए रोजगार सेंटर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीनू बाई, जिलाध्यक्ष उर्मिला जोशी (दौसा), लालसोट सभापति पिंकी चतुर्वेदी, शिक्षाविद अंजना त्यागी एवं पूर्व चेयरमैन उमा बोहरा मौजूद रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत में तहसील अध्यक्ष सावित्री सोनी, नगर अध्यक्ष सोनाली उपाध्याय एवं जिला उपाध्यक्ष नम्रता शर्मा ने कार्यकारिणी की बहनों और सभी अतिथियों का माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

समारोह के दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए रोजगार सेंटर की स्थापना की गई। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाना है। साथ ही बदलते समय के अनुरूप विभिन्न स्किल डवलपमेंट कार्यक्रमों की जानकारी देकर महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीनू बाई ने रोजगार सेंटर के लिए दो सिलाई मशीनें भेंट कीं। वहीं पिंकी चतुर्वेदी ने 5,100 रुपए तथा अनीता सोनी ने 2,100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कर महिला रोजगार अभियान को मजबूती दी।

समारोह में निर्मला जोशी, रेखा साहू, डॉ. अरुणा शर्मा, दुर्गा शर्मा, वंदना सेठी, सुधा अग्रवाल, अल्पना दीक्षित, प्रिया भट्ट, प्रिया सैन, आस्था शर्मा, डिंपल शर्मा, निशा शर्मा, ममता सैन, माया शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

### नगर कांग्रेस कमेटी चाकसू के महासचिव बने सोहेल खान



**चाकसू (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए नगर कांग्रेस कमेटी चाकसू के अध्यक्ष लल्लूलाल कुमावत ने संगठन सृजन अभियान के तहत विस्तारित कार्यकारिणी में संगठन महासचिव तैयब आलम एडवोकेट की अनुशंसा पर कस्बे के युवा नेता सोहिल खान पुत्र शाहिद खान करारखानी को महासचिव के पद की जिम्मेदारी सौंपी नई।

### किसानों व आमजन में खुशी का माहौल

## रेलवे लाइन निरस्त होने पर ओएसडी प्रमोद शर्मा का किया अभिनंदन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**खाटूश्यामजी।** खाटूश्यामजी-रींगस रेल लाइन निरस्त होने पर रींगस से खाटू के बीच रह रहे किसानों व आमजन में खुशी का माहौल है।

किसानों के रेल लाइन को निरस्त कराने के अभियान में सहयोग व मार्गदर्शन करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के ओएसडी प्रमोद शर्मा का उनके निवास स्थान पर अभिनन्दन किया गया। कैलाश बाजिया तपीपल्या, रमेश बारेठ, मनोज जांगिड़, गुलाब दान, बृजसिंह, सागर मल, नारायण लाल, राजू लाल, घासीराम, ओमप्रकाश हरितवाल, अजय, विक्रम, शंकर, मुकेश ओला समेत अनेक लोगों ने ओएसडी शर्मा का साफा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया।

## राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश अशोक कुमार जैन ने किए बाबा श्याम के दर्शन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**खाटूश्यामजी।** राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अशोक कुमार जैन ने रविवार को विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल खाटूधाम पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शक्तिसिंह चौहान एवं कोषाध्यक्ष रविसिंह चौहान ने न्यायाधीश अशोक कुमार जैन का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर तथा बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया।

# सीएलजी बैठक में कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक पर हुआ मंथन

### एएसपी विनोद सीपा ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

महानगर टाइम्स संवाददाता



**लालसोट।** पुलिस थाना लालसोट में रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद सीपा की अध्यक्षता में कम्युनिटी लायजन ग्रुप (सीएलजी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर की कानून-व्यवस्था, यातायात, सार्वजनिक सुरक्षा और असामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। सीएलजी सदस्यों ने आमजन से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाते हुए उनके त्वरित समाधान की मांग की।

बैठक में मुख्य बस स्टैंड पर बेतरतीब खड़े रहने वाली बसों और अन्य वाहनों के कारण दिनभर लगने वाले जाम पर चिंता जताई गई। सदस्यों ने कहा कि इससे आम लोगों को भारी परेशानी होती है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए जल्द नए बस स्टैंड से बसों का संचालन शुरू कराने की मांग रखी।

बैठक में देर रात तक शराब की दुकानों के खुले रहने और निर्धारित समय के बाद भी बिक्री जारी रहने का मुद्दा भी उठा। उन्होंने पुलिस और आबकारी विभाग से संयुक्त कार्रवाई की मांग की। सीएलजी सदस्यों ने मेड़ा भेरूजी क्षेत्र में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों पर भी चिंता व्यक्त करते हुए नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद सिपा ने सभी सुझावों और शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में लक्ष्मणसिंह राणावत, त्रिलोक शर्मा, पूर्व पार्षद देवदास स्वामी, सिराज मोहम्मद, अजीज खान, सुषमा चौधरी, अनु शर्मा, विजयलक्ष्मी रावत, पूर्व सरपंच रामकन्या मीणा, मदन हट्टीका, महेश शर्मा, विष्णु शर्मा, दीपक शर्मा, शेरा खान सहित अनेक सीएलजी सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## रामगढ़ पचवारा में सीएलजी बैठक : स्कूल सुरक्षा, मनचलों पर कार्रवाई और साइबर अपराधों पर चर्चा

महानगर टाइम्स संवाददाता




**रामगढ़ पचवारा।** पुलिस थाना रामगढ़ पचवारा में थानाधिकारी मदनलाल मीणा की अध्यक्षता में रविवार को सीएलजी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की कानून व्यवस्था, स्कूल सुरक्षा, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

बैठक में सीएलजी सदस्यों ने रामगढ़ पचवारा और सोनड़ स्थित विद्यालयों में स्कूल समय के दौरान नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठाई। सदस्यों ने कहा कि स्कूलों के आस-पास मनचलों की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस की मौजूदगी आवश्यक है।

थानाधिकारी मदनलाल मीणा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि क्षेत्र में किसी भी मनचले, संदिग्ध व्यक्ति या असामाजिक तत्व की गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान साइबर अपराधों को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। थाना अधिकारी ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने, डिजिटल भुगतान और सोशल मीडिया से जुड़े साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। बैठक में बाबूलाल हलवाई, हरगोविंद सोनड़, रामखिलाड़ी सोनड़, गिरिराज रामनगर, लालचंद डीलर, मोहनलाल बीछा, विजेंद्र सिंह, माखनलाल सहित सीएलजी के कई सदस्य उपस्थित रहे।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# कोर्ट में सरेंडर करने के बाद भागा पुलिस कांस्टेबल का हत्यारा

## जमानत नहीं मिलने की आशंका पर भीड़ का फायदा उठाकर रफूचक्कर हुआ बदमाश

महानगर टाइम्स संवाददाता



**दौसा।** पांच साल पहले पुलिस कांस्टेबल हत्याकांड में वांटेड बदमाश कोर्ट में सरेंडर करने के बाद भाग निकला। उसे अंदेशा था कि उसकी जमानत नहीं हो पाएगी, ऐसे में मौका पाकर बदमाश कोर्ट में रफू चक्कर हो गया। मामला दौसा के सिकराय कोर्ट का है। कोर्ट की रिपोर्ट पर मानपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। मानपुर थाना इंचार्ज सतीश कुमार ने बताया कि आरोपी विजय मीणा को 2024 में कांस्टेबल संजय गुर्जर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। केस ट्रायल के दौरान आरोपी बेल पर चल रहा था। जून 2026 में इसी मामले में पेशी थी। आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इसके बाद विजय मीणा के खिलाफ सिकराय कोर्ट ने अरेस्ट वारंट जारी किया था। इसके बाद वह कोर्ट में सरेंडर करने आया था। इस दौरान आरोपी विजय मीणा की पेशी होनी थी। इसी दिन कोर्ट में लोक अदालत भी चल रही थी, ऐसे में वह भीड़ का फायदा उठा कर भाग निकला। जानकारी के अनुसार मानपुर थाना क्षेत्र में संजय गुर्जर और उसके बड़े भाई के बेटे रविंद्र गुर्जर के बीच जमीनीं विवाद था। मानपुर थाने में जुलाई 2021 में पांचोली निवासी शीर्षक गुर्जर ने प्रकरण दर्ज कराया था कि उसके पिता संजय गुर्जर, जो जयपुर पुलिस में कांस्टेबल हैं। वह पेट्रोल पंप की ओर से बाइक लेकर मानपुर चौराहे की तरफ आ रहा था। इस दौरान उसके ताऊ के बेटे कालू उर्फ रविंद्र गुर्जर ने अपने कई अन्य साथियों के साथ कार से टक्कर मारकर उसके पिता को बाइक से नीचे गिरा दिया और लोहे के पाइप आदि से मारपीट करते हुए उसके पिता की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी। इस हत्याकांड में करोड़ी निवासी विजय मीणा भी आरोपी था। आरोपी के फरार होने के बाद कोर्ट की ओर से मानपुर थाने को रिपोर्ट भेजी गई। इसके आधार पर देर शाम आरोपी के कोर्ट परिसर से फरार होने का मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार विजय मीणा की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

## बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने किया बुजुर्ग पर हमला

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** शहर में एक बुजुर्ग के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने रास्ते में हमला कर बुजुर्ग को गंभीर रूप से घायल कर दिया और करीब 15 हजार रुपए भी लेकर फरार हो हो गए। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए राजकीय जिला कपिल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले को लेकर परिजनों की ओर से पुलिस थाने में प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस पर प्रकरण में पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार आरोपियों की तलाश पर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के बेटे सिकंदर खान ने नीमकाथाना थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि रविवार सुबह उसके पिता अब्दुल मालिक निवासी शनिश्चर का मोहल्ला पुराना बाजार स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने जा रहे थे। इसी दौरान रावजी का मोहल्ला क्षेत्र में बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। हमले में अब्दुल मालिक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लिव इन रह रही तलाकशुदा युवती ने अनबन के चलते खाया जहर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** शहर में किराए के मकान में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही 25 साल की तलाकशुदा युवती ने सुसाइड कर लिया। युवती ने अपने प्रेमी से अनबन के चलते जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला शिवाजी पार्क थाना क्षेत्र स्थित बुध विहार का है। जहर खाने से पहले युवती ने अपनी सहेली को फोन कर कहा था, आज के बाद मैं कभी नजर नहीं आऊंगी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतका पूजा राजपूत मूल रूप से हरियाणा के नूंह जिले के पुनहाना की रहने वाली थी। करीब छह महीने पहले ही उसका अपने पति रवि राजपूत से तलाक हुआ था। रवि से शादी के बाद उसके दो बच्चे हैं, जो अपने पिता के साथ ही रहते हैं। पूजा करीब दो साल से अलवर के चूड़ी मार्केट में काम कर रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात सोनू नाम के युवक से हुई। दोनों अलग-अलग दुकानों पर काम करते थे और धीरे-धीरे दोनों में प्यार हो गया। इसके बाद वे बुध विहार में किराए का कमरा लेकर लिव-इन में रहने लगे। पूजा व सोनू के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई। इसके बाद पूजा ने अपनी सहेली शैली को फोन किया और कहा कि वह आखिरी बार बात कर रही है, इसके बाद कभी नजर नहीं आएगी। फोन काटने के बाद उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर प्रेमी सोनू और उसकी सहेलियां उसे तुरंत सानिया अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने बिना देखे ही जिला अस्पताल भेज दिया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने पूजा को मृत घोषित कर दिया। मृतका पूजा के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है।

# बस-जीप में जोरदार भिड़ंत, बुआ-भतीजी समेत तीन की मौत

## हादसे में 8 गंभीर घायल, भैंरुजी मंदिर के दर्शन कर लौट रहा था परिवार

महानगर टाइम्स संवाददाता



**बीकानेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-11 पर एक स्कूल के सामने रविवार दोपहर करीब सवा तीन बजे ओवरटेक के दौरान एक निजी बस और जीप की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बुआ-भतीजी समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए, जबकि बस का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और एंबुलेंस की मदद से घायलों को बाहर निकालकर उपजिला अस्पताल पहुंचाया।

श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी कश्यप सिंह ने बताया कि हादसे में जीप सवार शिवानी, मेघा व चालक दानीराम की मौत हो गई। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रैफर किया गया। एक साथ बड़ी संख्या में घायलों के अस्पताल पहुंचने पर मेडिकल टीम अलर्ट हो गई और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार निजी बस जयपुर की ओर जा रही थी, जबकि जीप बीकानेर की तरफ आ रही थी। ओवरटेक के दौरान बस जीप से टकरा गई। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के वाहन चालक मदद के लिए रुक गए और राहत कार्य में जुट गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जीप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। एएसआई गजेन्द्र सिंह ने बताया कि प्राथमिक जानकारी के मुताबिक गुंसाईसर छोटा निवासी परिवार रविवार को तौड़लियासर गांव स्थित भैंरूजी मंदिर में दर्शन कर वापस गांव लौट रहा था, लेकिन रास्ते में यह परिवार हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना के तुरंत बाद आस-पास के लोगों ने तुरंत मदद की। एपीजे अब्दुल कलाम ट्रस्ट के सेवादार एवं समाजसेवी हरीकिशन सिंह राजपुरोहित ने घायलों को वाहनों से बाहर निकालने, एंबुलेंस तक पहुंचाने और अस्पताल भिजवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रहे हादसों के बाद एक बार फिर श्रीडूंगरगढ़ में ट्रोमा सेंटर की स्थापना और श्रीडूंगरगढ़-बीकानेर मार्ग को फोरलेन करने की मांग तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेहतर ट्रॉमा सुविधा और चौड़ी सड़क होने से दुर्घटनाओं में मौतों का आंकड़ा कम किया जा सकता है।

## तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में घुसी, पति-पत्नी की मौत



**उदयपुर।** गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार हाईवे पर आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार का आगे का पूरा हिस्सा चकनाचूर हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर हाईवे पेट्रोलिंग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। कार की हालत इतनी खराब थी कि दोनों के शव अंदर फंस गए थे। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद ली और काफी मशक्कत करने के बाद दोनों शवों को कार को काटकर बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने दोनों के शवों को गोगुंदा सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। गोगुंदा थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि कार में सवार पति-पत्नी गोगुंदा से पिंडवाड़ा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान जेलानी के पास यह हादसा हो गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आगे चल रहे ट्रेलर के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ शुरू कर दी है। इस हादसे में मुकेश कुमार चौधरी और उसकी पत्नी प्रियंका साहनी की मौत हो गई। दोनों की एक साल पहले आर्य समाज में शादी हुई थी। मुकेश कुमार चौधरी जालोर जिले के भीनमाल थाना स्थित अपने पैतृक गांव निंबावास जा रहा था, जो कोटा में मोबाइल शॉप चलाते थे। कोटा से उदयपुर होते हुए भीनमाल जा रहे थे। मई 2025 में दोनों की शादी हुई थी, उनके कोई बच्चा नहीं है।

## सीवरेज लाइन के चेंबर की मिट्टी ढही, दबने से दो मजदूर घायल

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में नई सीवरेज लाइन का चेंबर डालने के दौरान रविवार शाम को 20 फीट गहरे गड्ढे की अचानक मिट्टी ढह गई, जिसमें दबने से 2 मजदूर घायल हो गए। मजदूर गड्ढे में नीचे उतरकर काम कर रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची करणी विहार थाना पुलिस ने साथी मजदूरों की मदद से तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मिट्टी में दबे दोनों मजदूरों को बाहर निकाला। पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए घायल दोनों मजदूरों को एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया है। एसएचओ करणी विहार हवा सिंह ने बताया कि मीणावाला में अलंकार मोड़ के पास रविवार शाम करीब 5 बजे यह हादसा हुआ। सीवरेज लाइन का चेंबर डालने के लिए 20 फीट नीचे 2 मजदूर उतरकर गड्ढे में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मिट्टी ढहने से दोनों मजदूर दब गए, वहां मौजूद अन्य साथी मजदूरों ने तुरंत पुलिस को सूचना देकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब 5 मिनट की मशक्कत के बाद मिट्टी में दबे दोनों मजदूरों को निकाल लिया गया।

पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाले गए दोनों मजदूरों को मामूली घायल होने पर एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। पुलिस का कहना है कि समय रहते दोनों मजदूरों को बाहर निकाल लेने के चलते उनकी जान बच गई। हादसे में किसी के हताहत होने की बात से इनकार किया है।

## मंदिर जा रही महिला से दिनदहाड़े चाकू की नोक पर लूटी चेन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में चाकू की नोक से डराते हुए बदमाश ने महिला से चेन छीन ली। महिला सुबह गाय को रोटी देने के बाद मंदिर जा रही थी, उसके पीछे-पीछे बदमाश कुछ दूर तक साथ चलता रहा। इसके बाद मौका पाकर बदमाश ने चाकू दिखाते हुए महिला को रोक लिया। फिर उसके गले पर झपट्टा मारकर बदमाश सोने की चेन तोड़कर फरार हो गया। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए लुटेरे की तलाश कर रही है। मानसरोवर थाना पुलिस के एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि किरण पथ निवासी भावना के साथ गली में लूट की वारदात हुई। इस पर पीड़िता भावना ने रविवार सुबह मामला दर्ज कराया है। बदमाश चाकू की नोक पर गले से सोने की चेन तोड़कर भाग निकला। जैसे ही महिला ने बदमाश का पीछा करते हुए शोर मचाया तो वह तेजी से गलियों में होते हुए फरार हो गया। चेन स्नेचिंग की सूचना पर मानसरोवर थाना पुलिस वारदात स्थल पर पहुंची। पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला। फुटेज में लुटेरे की पूरी करतूत कैद मिली। पीड़िता ने रविवार को शिकायत दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर फुटेज के आधार पर लुटेरे की तलाश शुरू कर दी है।

## छोटे भाई को फंदे पर लटका देख बहन ने खाया जहरीला पदार्थ

### दोनों नाबालिगों में किसी मामूली बात को लेकर हो गई थी कहासुनी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**बीकानेर।** शहर में दो नाबालिग भाई-बहनों में कहासुनी हो गई। गुस्से में बड़ी बहन ने छोटे भाई को डांट दिया, इससे नाराज 13 वर्षीय भाई ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। वहीं भाई को फंदे से लटका देख 15 वर्षीय बहन ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। इस दौरान भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बहन का पीबीएम हॉस्पिटल में इलाज जारी है। घटना रविवार शाम करीब साढ़े 4 बजे हुई। थानाधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया कि दोनों बच्चों में किसी मामूली बात पर विवाद हुआ था। इसके बाद बड़ी बहन ने छोटे भाई को गुस्से में डांट दिया। इससे नाराज भाई घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में गया और वहां चुन्नी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पड़ोसियों ने उसे खिड़की से फंदे से लटकते हुए देखा तो घर में आकर बताया। इस दौरान नीचे कमरे में पढ़ रही बहन ऊपर गई तो भाई फंदे से लटका मिला। इसके बाद बहन ने भी घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया और उसकी भी हालत बिगड़ गई।

घटना के समय माता-पिता घर पर नहीं थे। दोनों पड़ोसियों से मिली सूचना पर घर पहुंचे और बच्चों को पीबीएम हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद भाई को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि बहन का गंभीर हालत में इलाज जारी है। थानाधिकारी का कहना है कि मामले में हर पहलू से जांच की जा रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# डिवाइडर फांद कार से टकराई पुलिस की तेज रफ्तार गाड़ी

## भीड़ ने फेंके पत्थर, बोनट पर रखी थी बीयर की कैन और बोतल

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** एयरपोर्ट रोड स्थित 6 नंबर बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार राजस्थान पुलिस लिखी स्कॉर्पियो डिवाइडर फांदकर रॉन्ग साइड में जाकर दूसरी कार से टकरा गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं स्कॉर्पियो का एक टायर भी फट गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और स्कॉर्पियो को घेर लिया। लोगों ने स्कॉर्पियो पर पत्थर फेंके, जिससे स्कॉर्पियो के शीशे टूट गए। भीड़ ने अंदर रखी बीयर की कैन और बोतल बाहर निकालकर बोनट पर रख दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो ने सांगानेर की ओर जा रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और देखते ही देखते हंगामा शुरू हो गया। प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने स्कॉर्पियों पर पत्थर फेंककर उसके शीशे तोड़ दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो सांगानेर से तेज गति से कोचिंग हब की ओर आ रही थी। वह अनियंत्रित डिवाइडर पार कर रॉन्ग साइड में पहुंच गई और एयरपोर्ट रोड से सांगानेर की ओर जा रही कार से टकरा गई। उस कार में तीन लोग सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो का दाहिना अगला टायर फट गया और अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि दुर्घटना के तुरंत बाद वरना कार को मौके से हटा दिया गया, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस वाहन के शीशे तोड़ने के बाद भीड़ ने उसमें से बीयर के कैन और बोतलें निकालकर वाहन के बोनट पर रख दीं। इस घटनाक्रम को लेकर मौके पर काफी देर तक चर्चा होती रही। हंगामे के दौरान एक बाइक सवार युवक ने भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन गुस्साई भीड़ ने उसके साथ मारपीट कर दी। युवक किसी तरह वहां से जान बचाकर निकल सका।

## क्लब-कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर मारा छापा

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** अवैध रूप से संचालित हुक्का बारों के खिलाफ जयपुर पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में जयपुर पूर्व के बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एयरपोर्ट क्षेत्र स्थित नियो बार क्लब में चल रहे अवैध हुक्का बार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से हुक्का संचालन में उपयोग होने वाला सामान जब्त कर क्लब के मैनेजर को गिरफ्तार किया है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। डीसीपी ईस्ट रंजिता शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध हुक्का बारों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर नियो बार क्लब पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस ने वहां से 5 हुक्के, 5 चिलम, 5 पाइप, एक चिमटा व तीन खुले फ्लेवर पैकेट बरामद कर जब्त किए। कार्रवाई के दौरान क्लब के मैनेजर अरुण बर्मन निवासी सुशीलपुरा सोडाला को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में पूछताछ और जांच कर रही है। इससे पहले जयपुर दक्षिण के अशोक नगर थाना पुलिस ने लायला कैफे पर छापा मारकर कैफे की आड़ में संचालित अवैध हुक्का बार का खुलासा किया था। पुलिस ने वहां से भी हुक्का, फ्लेवर सहित अन्य सामग्री जब्त की थी। यह कार्रवाई डीसीपी साउथ राजर्षि राज वर्मा के निर्देश पर की गई थी। जयपुर पुलिस का कहना है कि शहर में अवैध हुक्का बारों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कार से भिड़ी बाइक, 20 फीट उछला युवक, मौत

## हादसे के बाद कार में लगी आग, गाड़ी के गेट ऑटोमैटिक लॉक हुए, ज्वेलर जीजा-साले बाल-बाल बचे

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में कार से भिड़ंत में 20 फीट तक हवा में उछलकर गिरे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। भिड़न्त के तुरंत बाद कार के अगले हिस्से में बाइक फंसने से शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। कार के दरवाजे ऑटोमैटिक लॉक हो गए, लेकिन पीछे का एक दरवाजा खुलने से ज्वेलर समेत तीन की जान बच गई। बाइक सवार युवक के पास पड़े मोबाइल से सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया गया। हादसा 18 जुलाई की रात करीब 9 बजे जैसलमेर-नेहड़ाई रोड पर बोहा और नेहड़ाई गांव के बीच हुआ।

जानकारी के अनुसार रामगढ़ निवासी पंकज सोनी (28) पुत्र पुखराज सोनी कार चला रहे थे। उनके साथ आगे की सीट पर उनके साले मोतीलाल सोनी (22) पुत्र कमल किशोर सोनी और पीछे की सीट पर महेंद्र सोनी (27) पुत्र देवीलाल सोनी, जो पंकज के काकी ससुर का बेटा है, बैठे थे। तीनों जैसलमेर से बोहा गांव में एक ग्राहक को सोने के गहने देकर रामगढ़ लौट रहे थे।

शनिवार रात करीब 9 बजे बोहा और नेहड़ाई गांव के बीच सामने से आ रही एक बाइक से उनकी कार की भिड़न्त हो गई। पंकज सोनी के अनुसार बाइक सवार तेज रफ्तार में रॉन्ग साइड से आया और सीधे उनकी कार से भिड़ गया। भिड़न्त के बाद बाइक कार के बोनट में फंस गई, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और कार में आग लग गई। आग लगते ही कार के तीन गेट लॉक हो गए। काफी कोशिश के बाद एक गेट का लॉक मुश्किल से खुला, जिसके बाद तीनों युवक जान बचाकर बाहर निकलने में सफल रहे।

**हादसे में एक कार सवार घायल:** हादसे में कार सवार मोतीलाल सोनी पुत्र कमल किशोर सोनी के सिर पर चोट आई। वहीं कार से बाहर निकलने के बाद युवकों ने घायल बाइक सवार की मदद करने की कोशिश की। इसी दौरान मृतक के पास गिरे मोबाइल पर उसके परिजनों का फोन आया तो उन्होंने कॉल उठाकर हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलने पर नेहड़ाई गांव से परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान फकीरा राम भील (28) निवासी नेहड़ाई के रूप में हुई।

**परिजनों ने पुलिस की मदद से पहुंचाया हॉस्पिटल:** घटना की सूचना मिलते ही नेहड़ाई चौकी प्रभारी देवी सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और परिजनों की मदद से शव को जैसलमेर के राजकीय जवाहिर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया। मोहनगढ़ थाना पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है।

शेयर बाजार में तेजी के कारण टीसीएस टॉप गेनर, रिलायंस-एसबीआई के मार्केट कैप में भी बढ़ोतरी

# टॉप-10 कंपनियों में से 5 की वैल्यू 1.54 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में पिछले हफ्ते रही तेजी के कारण देश की टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 5 के मार्केट वैल्यूएशन यानी मार्केट कैप में संयुक्त रूप से 1.54 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। इस तेजी में आईटी सेक्टर की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज यानी टीसीएस टॉप गेनर रही।




पिछले कारोबारी हफ्ते में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई का बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 582.06 अंक यानी 0.75 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई का निफ्टी 127.4 अंक यानी 0.52 फीसदी मजबूत हुआ। टीसीएस का वैल्यूएशन 72,072.3 करोड़ रुपए बढ़कर 8,20,672.70 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टीसीएस के अलावा जिन चार अन्य कंपनियों को फायदा हुआ है, उनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। बाजार में तेजी के बावजूद टॉप-10 की बाकी 5 कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा। लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) को सबसे ज्यादा घाटा हुआ। एल एंड टी का मार्केट कैप 18,097.72 करोड़ रुपए घटकर 5,24,840.68 करोड़ रुपए रह गया। एसबीआई सरकारी बीमा कंपनी का वैल्यूएशन 12,080.75 करोड़ रुपए घटकर 5,48,124.30 करोड़ रुपए पर आ गया। एयरटेल का वैल्यूएशन 7,706.45 करोड़ रुपए घटकर 11,91,067.77 करोड़ रुपए रहा। एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में 7,084.61 करोड़ रुपए की मामूली गिरावट आई और यह 12,62,369.81 करोड़ रुपए रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 1,221.79 करोड़ रुपए घटकर 5,03,775.86 करोड़ रुपए रह गया। रेलीगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के रिसर्च एसवीपी अजीत मिश्रा के मुताबिक ग्लोबल मार्केट में ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और जियो पॉलिटिकल टेंशन के बावजूद भारतीय शेयर बाजार रिकवरी करने में कामयाब रहा और हफ्ते के आखिरी दिनों में मजबूती के साथ बंद हुआ। उन्होंने बताया कि आईटी सेक्टर में टीसीएस के शानदार तिमाही नतीजों और बैंकिंग व फाइनेंशियल शेयरों में दोबारा लौटी खरीदारी ने बाजार को सहारा दिया। इसके अलावा भारत के मजबूत आर्थिक आंकड़े भी बाजार को मजबूती दे रहे हैं।

## इंस्टाग्राम और फेसबुक की सर्विस ठप, यूजर्स परेशान

**नई दिल्ली (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम डाउन हो गया है। इसके अलावा फेसबुक और मैसेंजर पर भी यूजर्स को दिक्कत हो रही है। आउटेज ट्रैक करने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक 4000 से ज्यादा लोगों ने इंस्टाग्राम में आ रही समस्याओं की शिकायत की है। वहीं, फेसबुक पर 3000 से अधिक यूजर्स ने शिकायत की। वहीं, मैसेंजर पर भी 100 से ज्यादा लोगों ने सर्विस में रुकावट की रिपोर्ट की है। यह आउटेज पूरी तरह से ग्लोबल है। हालांकि, भारतीय यूजर्स ने डाउन की कोई शिकायत नहीं की है। हालांकि, इस आउटेज की असली वजह क्या है, यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है। मेटा या इसकी व्यक्तिगत सर्विसेज की तरफ से यूजर्स को आ रही दिक्कतों पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं आया है। कई यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी शिकायतें की हैं। एक इंस्टाग्राम यूजर ने बताया कि उनका फीड तो काम कर रहा है, लेकिन प्रोफाइल नहीं देख पा रहे हैं। दूसरे यूजर ने कहा कि होम पेज लोड नहीं हो रहा है और वे स्टोरीज पोस्ट नहीं कर पा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि इंस्टाग्राम डाउन है।

मौजूदा आर्थिक हालात को देखते हुए 50-50 वाला फार्मूला किया लागू

# आईटी कंपनी ने कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाने का बदला नियम

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** ग्लोबल इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) सर्विस कंपनी एक्सेंचर ने मौजूदा आर्थिक हालात को देखते हुए ज्यादा कर्मचारियों को सैलरी बढ़ोतरी का फायदा देने के लिए अपने सैलरी रिविजन के तरीके में बदलाव किया है। कंपनी अब सैलरी बढ़ोतरी का 50 प्रतिशत हिस्सा बेस पे में जोड़ेगी, जबकि बाकी 50 प्रतिशत हिस्सा एक बार के पेमेंट के तौर पर दिया जाएगा। कंपनी के एक इंटरनल डॉक्यूमेंट के अनुसार यह नया सिस्टम इस साल जून में सैलरी में बदलाव के मुख्य दौर के दौरान लागू किया गया था। इस व्यवस्था के तहत टैलेंट और ग्रुप लीड योग्य कर्मचारियों के लिए




सैलरी में कुल कितने प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी, यह तय करते हैं और फिर इसे दो बराबर हिस्सों में बांट दिया जाता है।

उदाहरण के लिए, अगर किसी कर्मचारी की सैलरी में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाती है तो 1.5 प्रतिशत उनकी बेसिक सैलरी में जोड़ा जाता है, जबकि बाकी 1.5 प्रतिशत एकमुश्त रकम के तौर पर दिया जाता है। कंपनी का कहना है कि इस व्यवस्था से कर्मचारियों को तुरंत कैश का फायदा मिलेगा, जो उनके लिए काफी अहम है। साथ ही, बेसिक सैलरी पर लंबे समय के बोझ को सीमित करके कंपनी ज्यादा कर्मचारियों को सैलरी में बढ़ोतरी का फायदा दे पाएगी। हालांकि, यह 50-50 वाला नियम उन कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें प्रमोशन मिलता है, उनके लिए सैलरी में होने वाली पूरी बढ़ोतरी पहले की तरह सिर्फ बेसिक सैलरी में ही जोड़ी जाएगी। कंपनी ने यह भी सार्फ किया है कि जून में दिया जाने वाला एकमुश्त पेमेंट, दिसंबर में मिलने वाले रेगुलर बोनस की जगह नहीं लेगा। इसके अलावा बेसिक सैलरी में बढ़ोतरी और एकमुश्त पेमेंट दोनों को 2025-26 फाइनेंशियल ईयर के लिए कर्मचारी की योग्य आय का हिस्सा माना जाएगा और बोनस की गणना इन्हीं रकमों के आधार पर की जाएगी। वॉलंटरी इक्विटी इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम या एम्प्लॉई स्टॉक परचेज प्लान में हिस्सा लेने वाले कर्मचारियों के एकमुश्त पेमेंट पर स्टैंडर्ड डिडक्शन भी लागू होंगे।

# जना स्मॉल फाइनेंस बैंक की जयपुर नई शाखा का शुभारंभ

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भारत के अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंकों में से एक जना स्मॉल फाइनेंस बैंक की जयपुर के वैशाली नगर में नई शाखा का उद्घाटन कोऑपरेटिव और सिविल एविएशन डिपार्टमेंट के राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने किया। इस अवसर पर जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के हैड, ब्रांच बैंकिंग व चीफ मार्केटिंग ऑफिसर श्रीनिवास मूर्ति, जोनल हैड लाइबिलिटीज नीरज कुमार व बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। वैशाली नगर के ए-ब्लॉक में स्थित यह नई शाखा शहर के प्रमुख आवासीय व व्यावसायिक क्षेत्रों के ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगी। यह शाखा वैशाली नगर व आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले वेतनभोगी पेशेवरों, कारोबारियों, स्वरोजगार से जुड़े लोगों, व्यापारियों व



परिवारों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

इस शाखा के माध्यम से ग्राहकों को बचत खाता, चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट, किफायती व माइक्रो हाउसिंग लोन, गोल्ड लोन, दोपहिया वाहन ऋण, पुरानी कार ऋण व रिटेल फाइनेंशियल सर्विसेज की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध होगी। साथ ही ग्राहकों को उनकी बदलती वित्तीय जरूरतों के अनुरूप व्यक्तिगत सेवाएं और सहज बैंकिंग अनुभव भी मिलेगा। इस अवसर पर जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के हैड श्रीनिवास मूर्ति ने कहा कि वैशाली नगर शाखा का उद्घाटन प्रमुख बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने की हमारी निरंतर मौजूदगी का हिस्सा है।

नीलामी में उम्मीद से 16 गुना ज्यादा मिली कीमत, फेलोशिप-रिसर्च पर खर्च होगा पैसा

# एनवीडिया के सीईओ की ब्लैक लेदर जैकेट 9.4 करोड़ में बिकी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**वाशिंगटन।** अमेरिकी टेक कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग की पहचान बन चुकी उनकी खास ब्लैक लेदर जैकेट करीब 9.4 करोड़ रुपए यानी 9.60 लाख डॉलर में नीलाम हुई है। ऑक्शन हाउस सोथबी द्वारा आयोजित इस नीलामी में जैकेट की कीमत उम्मीद से 16 गुना ज्यादा मिली है। पहले इसके 40 हजार से 60 हजार डॉलर यानी करीब 33 लाख से 50 लाख रुपए में बिकने का अनुमान लगाया गया था। इस नीलामी से मिलने वाली पूरी रकम को टेक व साइंस सेक्टर के युवा इनोवेटर्स की मदद के लिए दान किया जाएगा। फॉर्च्यन की रिपोर्ट के मुताबिक इस नीलामी से मिली राशि सैन फ्रांसिस्को की वेंचर कैपिटल फर्म



लॉन्ग जर्नी वेंचर्स द्वारा शुरू की गई एक पहल में जाएगी। यह पहल 'एज इंस्टीट्यूट' नाम के एक नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन की मदद के लिए काम करती है। एज इंस्टीट्यूट टेक, साइंस, कल्चर व सोसाइटी से जुड़े लोगों को एक साथ लाता है, ताकि वे नए आइडियाज पर काम कर सकें। सिलिकॉन वैली में जिस तरह एप्पल के फाउंडर स्टीव जॉब्स का ब्लैक टर्टलनेक और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की ग्रे टी-शर्ट या हुडी उनका सिग्नेचर स्टाइल रही है, उसी तरह जेन्सन हुआंग की ब्लैक लेदर जैकेट टेक जगत में एक बड़ा सिंबल बन चुकी है। जेन्सन एनवीडिया के बड़े प्रोडक्ट लॉन्चेस, डेवलपर कॉन्फ्रेंस और कीनोट प्रेजेंटेशन्स में हमेशा इसी लुक में नजर आते हैं। साल 2016 में रेडिट के एक 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन में जेन्सन ने मजाकिया अंदाज में लिखा था कि शायद आप मुझे लेदर जैकेट वाले उस शख्स के रूप में बेहतर जानते होंगे, जो अपनी बात को तीन बार दोहराता है। उनका यह लुक इतना पॉपुलर हुआ कि 2021 में जब टाइम मैगजीन ने उन्हें अपने कवर पेज पर जगह दी, तब भी वे इसी सिग्नेचर जैकेट में दिखे थे। सोथबी में जिस जैकेट की नीलामी हुई है, वह लग्जरी ब्रांड टॉम फोर्ड की ब्लैक लेदर जैकेट है।

## अब उमंग एप से एक्टिवेट होगा यूनिवर्सल अकाउंट नंबर

महानगर टाइम्स संवाददाता


**नई दिल्ली।** शेयर बाजार सबसे बड़ी खबर रिलायंस से जुड़ी रही। ईपीएफओ ने अब अपनी आधिकारिक वेबसाइट से यूनिवर्सल अकाउंट नंबर यानी यूएएन एक्टिवेशन और नया यूएएन जनरेट करने की सुविधा को बंद कर दिया है। अब इन दोनों सर्विसेज को 'उमंग' एप पर शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं, पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल के दाम में 5.44 रुपया प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल में 31.05 रुपया प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 316.15 रुपया और हाई-स्पीड डीजल की कीमत 354.35 रुपया लीटर हो गई है।

करीब 10 सप्ताह तक चली व्यापक कानूनी रणनीति ने निभाई अहम भूमिका

# रिश्वतखोरी मामले में 600 पन्नों की दलीलों पर मिली अदाणी को राहत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे अमीर शख्स गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में चल रहे बहुचर्चित रिश्वतखोरी और प्रतिभूति धोखाधड़ी मामले को खत्म कराने में करीब 10 सप्ताह तक चली एक व्यापक कानूनी रणनीति ने अहम भूमिका निभाई। हाल ही में पब्लिक किए गए अदालती दस्तावेजों से पता चलता है कि अदाणी की ओर से बचाव पक्ष के लगभग 600 पृष्ठ के कानूनी तर्क, प्रस्तुतियों और विशेषज्ञ रिपोर्ट की वजह से अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) मामले पर पुनर्विचार करने पर सहमत हुआ। अदाणी के प्रमुख वकील और सुलिवन एंड क्रॉमवेल एलएलपी के को-हेड



रॉबर्ट जे. गिफ्रा जूनियर ने गत 14 जुलाई को दाखिल दस्तावेज में बताया कि तीन फरवरी से 17 अप्रेल 2026 के बीच बचाव पक्ष ने अभियोजन अधिकारियों के समक्ष अपना जवाब और प्रस्तुतियां दाखिल कीं। इसके अलावा मार्च में अमेरिकी प्रतिभूति व विनिमय आयोग (एसईसी) को 151 पेज की एक अलग प्रस्तुति दी गई। इस मामले की शुरुआत 20 नवंबर 2024 को हुई थी, जब अमेरिकी अभियोजकों ने आरोप पत्र पब्लिक किया था। इसमें गौतम अदाणी, उनके भतीजे और अदाणी ग्रीन एनर्जी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सागर अदाणी, पूर्व सीईओ विनीत जैन और अन्य लोगों पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सोलर एनर्जी सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारत में सरकारी अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर से अधिक की रिश्वत देने की साजिश रची। अमेरिकी अभियोजकों का आरोप था कि इन अनुबंधों से अगले दो दशक में दो अरब डॉलर से अधिक का शुद्ध लाभ मिलने की संभावना थी। अभियोजन पक्ष ने यह भी दावा किया था कि निवेशकों को कथित योजना के बारे में गलत जानकारी दी गई, जिसके आधार पर समूह ने तीन अरब डॉलर से अधिक की राशि ऋण और बॉन्ड के जरिये जुटाई। अदाणी समूह ने इन आरोपों को लगातार खारिज करते हुए इन्हें निराधार बताया था। करीब 600 पृष्ठ की कानूनी दलीलों की रणनीति अदालती दस्तावेजों के अनुसार अगस्त 2025 में नियुक्त हुई कानूनी टीम ने कई महीनों तक मामले से जुड़े दस्तावेजों और अभियोजन पक्ष के तर्कों का गहन अध्ययन किया। इसके बाद फरवरी से अप्रेल 2026 के बीच सरकार को विस्तृत जवाब सौंपे गए। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि अमेरिकी प्रतिभूति कानूनों का इस्तेमाल ऐसे मामलों में किया जा रहा है।

## इस सप्ताह महत्वपूर्ण फैक्टर्स से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**नई दिल्ली(महानगर टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण फैक्टर्स से तय होगी। विश्लेषकों का कहना है कि कंपनियों के पहली तिमाही के नतीजे, पश्चिम एशिया में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों की दिशा बाजार की चाल को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति, खरीफ फसलों की बुवाई की स्थिति और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार के लिए प्रमुख संकेतक रहेंगी।

रिलायंस ब्रोकिंग के सीनियर वाइस-प्रेसिडेंट (रिसर्च) अजित मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह घरेलू कंपनियों के तिमाही परिणाम, घरेलू मैक्रोइकोनॉमिक आंकड़े और वैश्विक घटनाक्रम बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि मानसून और खरीफ बुवाई पर निवेशकों की नजर रहेगी, क्योंकि इनका असर ग्रामीण मांग, खाद्य महंगाई और भारतीय रिजर्व बैंक की भविष्य की नीतियों पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर निवेशक पश्चिम एशिया में जारी तनाव और उसके कारण कच्चे तेल की कीमतों और जोखिम वाली परिसंपत्तियों पर पड़ने वाले प्रभाव पर करीबी नजर रखेंगे। इस सप्ताह कई बड़ी कंपनियां अपने तिमाही परिणाम जारी करेंगी। इनमें इन्फोसिस, वन97 कम्युनिकेशंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, बजाज ऑटो, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी पावर, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, डॉ. रेड्डीज लैब, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, नेस्ले इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी शामिल हैं।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने राजस्थान में कैंसर देखभाल की सुदृढ़

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपनी सीएसआर इकाई एयू फाउंडेशन के माध्यम से एयू कर्तव्य - हेल्थकेयर पहल के अंतर्गत राजस्थान के अग्रणी धर्मार्थ कैंसर चिकित्सा संस्थानों में से एक भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर जयपुर को जीई केयर स्टेशन 750 एनेस्थेसिया वर्क स्टेशन प्रदान कर सहयोग किया है। एयू



फाउंडेशन के योगदान से उपलब्ध कराया गया यह अत्याधुनिक जीई केयर स्टेशन 750 एनेस्थेसिया वर्क स्टेशन सुरक्षित एनेस्थेसिया देखभाल, बेहतर सर्जिकल दक्षता व उन्नत पेरिऑपरेटिव देखभाल मानकों के माध्यम से बीएमसीएचआरसी की सर्जिकल अवसंरचना को सशक्त बनाएगा। जटिल कैंसर सर्जरी को अधिक सटीकता और सुरक्षा के साथ करने की अस्पताल की क्षमता को मजबूत करते हुए इस उपकरण से बेहतर उपचार परिणामों की अपेक्षा है। इस अवसर पर संजय अग्रवाल संस्थापक प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि एयू फाउंडेशन में स्वास्थ्य सेवा हमारी सामुदायिक पहलों के प्रमुख स्तंभों में से एक है। गुणवत्तापूर्ण और समय पर उपचार की उपलब्धता, विशेष रूप से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में, उपचार परिणामों को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित कर सकती है। इस अवसर पर मेजर जनरल एससी पारीक कार्यकारी निदेशक ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता है ।

क्षेत्रीय बाजारों की जरूरतों के हिसाब से अपने प्रोडक्ट्स में कर रही है बदलाव

# बिस्किट कंपनी का नया दांव, कस्बों-गांवों के लिए बनाया मास्टरप्लान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** बिस्किट बनाने वाली कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज क्षेत्रीय ब्रांड्स से बढ़ती प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए अपनी लोकल रणनीति को मजबूत कर रही है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) रक्षित हरगवे ने कहा कि कंपनी क्षेत्रीय बाजारों की जरूरतों के हिसाब से अपने प्रोडक्ट्स में बदलाव कर रही है और लोकल टीमों को ज्यादा अधिकार दे रही है। ब्रिटानिया केक और ब्रेड भी बेचती है। ब्रिटानिया की शुरुआत मूल रूप से 1892 में मध्य कोलकाता के एक छोटे से घर में ब्रिटिश व्यापारियों के एक समूह




ने की थी, जिसमें शुरुआती निवेश सिर्फ 295 रुपए था।

यह भारत की सबसे पुरानी बिस्कुट में से एक है। हर्गेव ने कहा कि क्षेत्रीय उत्पाद बेचने वाली स्थानीय कंपनियों की बढ़ती मौजूदगी अब एक सच्चाई है और उनसे मुकाबला करने के लिए एक अलग रणनीति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ब्रिटानिया को इन कंपनियों से बराबरी के स्तर पर मुकाबला करना होगा। इंडस्ट्री बॉडी एफआईसीसीआई के एक कार्यक्रम के दौरान हर्गेव ने बताया कि कंपनी ने खास भारतीय बाजारों पर ध्यान देने के लिए छोटी और फुर्तीली टीमें बनाई हैं, ये टीमें स्थानीय ग्राहकों की पसंद के हिसाब से उत्पाद विकसित करने पर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि कंपनी को एक मजबूत राष्ट्रीय ब्रांड पहचान से निश्चित रूप से फायदा होता है, लेकिन ग्राहकों के स्तर पर सफलता पाने के लिए कीमत, स्वाद और पैकेजिंग जैसे मामलों में स्थानीय प्रतिस्पर्धियों का मुकाबला करना जरूरी है। हालांकि, उन्होंने कीमत तय करने की रणनीति पर कोई टिप्पणी नहीं की। पैक्ड फूड सेक्टर में क्षेत्रीय कंपनियों के विस्तार ने बड़ी कंपनियों के लिए चुनौती बढ़ा दी है। ये कंपनियां स्थानीय पसंद के हिसाब से बनाए गए प्रोडक्ट्स, आकर्षक कीमतों और बेहतरीन डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के जरिए बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रही हैं। मांग की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए हारग्रेव ने कहा कि महंगाई की स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और इंडस्ट्री इस पर कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने बताया कि कच्चे तेल की ऊँची कीमतों के कारण बढ़ी महंगाई का असर अभी भी दिखाई दे रहा है।

### ब्रिटानिया का 1.30 लाख करोड़ का मार्केट कैप

**सीईओ ने** क्विक कॉमर्स को नए प्रोडक्ट्स को आजमाने और प्रीमियम प्रोडक्ट्स की रेंज बढ़ाने का एक अहम जरिया बताया। उनके अनुसार ये प्लेटफॉर्म कंपनियों को कम से कम जोखिम के साथ बाजार में नए प्रोडक्ट्स का ट्रायल करने और तेजी से ग्राहकों की प्रतिक्रिया हासिल करने का मौका देते हैं। हारग्रेव ने कहा कि क्विक कॉमर्स में प्रयोग करने और सीखने के काफी मौके हैं। हालांकि, इस क्षेत्र में असफलता की लागत भी जल्दी ही पता चल जाती है। अगर कोई प्रोडक्ट सफल होता है, तो उसे बाद में दूसरे सेल्स चैनलों के जरिए भी बाजार में उतारा जा सकता है। ब्रिटानिया भारतीय शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी है। इसका मार्केट कैप 1,30,370 करोड़ रुपए है। ब्रिटानिया इंडिस्ट्रीज शेयर प्राइस अभी 5,412 पर है। कंपनी अपने डिविडेंड के जानी जाती है, इसका डिविडेंड यील्ड 1.67 फीसदी है। हाल ही में कंपनी ने प्रति शेयर 90.50 का फाइनल डिविडेंड तय किया है। इस पेमेंट के लिए एक्स-डिविडेंड और रिकॉर्ड डेट 31 जुलाई, 2026 है और भुगतान सितंबर 2026 की शुरुआत में तय है।

## आईटीआर के लिए ऑनलाइन फॉर्म और एक्सेल यूटिलिटी उपलब्ध

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** अगर आप भी पहली बार इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने जा रहे हैं, तो कुछ जरूरी बातों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 (आकलन वर्ष 2026-27) के लिए आईटीआर-1 (सहज), आईटीआर-2, आईटीआर-3, आईटीआर-4 (सुगम), आईटीआर-5 और आईटीआर-7 के ऑनलाइन फॉर्म और एक्सेल यूटिलिटी उपलब्ध करा दी है। एक्सेल यूटिलिटी की मदद से करदाता ऑफलाइन अपनी जानकारी भरकर बाद में उसे आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। वहीं, सीधे ऑनलाइन भी रिटर्न दाखिल किया जा सकता है। इस बार बिना लेट फीस के आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 तय की गई है। अंतिम समय में वेबसाइट पर अधिक ट्रैफिक, तकनीकी दिक्कतों या गणना संबंधी गलतियों से बचने के लिए विशेषज्ञ समय रहते रिटर्न दाखिल करने की सलाह दे रहे हैं। आयकर नियमों के अनुसार यदि आपकी कुल आय निर्धारित सीमा से अधिक है तो आपको आईटीआर दाखिल करना अनिवार्य है। इसके अलावा यदि आपके पास भारत या विदेश में संपत्ति है, शेयर बाजार या ईएसओपी में निवेश किया है, बैंक खातों में निर्धारित सीमा से अधिक राशि जमा है, सालाना बिजली बिल 1 लाख रुपए से ज्यादा है, विदेश यात्रा पर 2 लाख रुपए से अधिक खर्च किया है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter


## जम्मू कश्मीर के सांबा में फिर बरामद किया संदिग्ध ड्रोन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सांबा /जम्मू ।** जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में सुरक्षा बलों ने एक और संदिग्ध ड्रोन बरामद करने में सफलता हासिल की है। सेना के अधिकारियों ने रविवार को जानकारी दी कि एक सप्ताह के भीतर इस सीमावर्ती जिले में ड्रोन मिलने की यह दूसरी घटना है। इस बरामदगी के बाद सीमा पार से होने वाली तस्करी और घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने क्षेत्र में अपनी निगरानी और जांच अभियान को और अधिक कड़ा कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, शनिवार देर रात प्रादेशिक सेना के जवानों ने पुरमंडल क्षेत्र के संगर गांव में खेतों के बीच एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखा और उसे कब्जे में ले लिया। ड्रोन को अब फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।

# वांगचुक को दिया जा रहा जरूरी इलाज, हेल्थ पैरामीटर स्थिर

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को लेकर वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी) और सफदरगंज अस्पताल ने रविवार को हेल्थ बुलेटिन जारी किया है। जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराया था। सफदरगंज अस्पताल ने हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया कि सोनम वांगचुक को अस्पताल में जरूरी मेडिकल इलाज दिया जा रहा है। अभी उनके जरूरी हेल्थ पैरामीटर स्थिर हैं। उनके ब्लड पैरामीटर में थोड़ा बदलाव है। लंबे समय तक उपवास के कारण शरीर पर पड़ने वाले तनाव और असर को देखते हुए उन्हें विशेषज्ञों की एक मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम की कड़ी निगरानी में लगातार मेडिकल देखभाल की जरूरत है। हेल्थ बुलेटिन में आगे बताया गया है कि सफदरजंग अस्पताल और एम्स के डॉक्टरों का मानना है कि सोनम वांगचुक की मौजूदा स्थिति, किसी भी संभावित जटिलता का तुरंत पता लगाने और उसे संभालने के लिए लगातार मेडिकल इलाज और 24 घंटे क्लिनिकल निगरानी जरूरी है, इसलिए उन्हें सभी जरूरी मेडिकल देखभाल दी जा रही है और क्लिनिकल स्टेटस, ब्लड पैरामीटर की लगातार निगरानी की जा रही है। बता दें कि जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ने के बाद शनिवार तड़के उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश और चिकित्सकों की सलाह पर सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सोनम वांगचुक कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के उस आंदोलन में शामिल हुए, जो 6 जून से कथित नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। वांगचुक ने 28 जून से औपचारिक रूप से आमरण अनशन शुरू किया था। वहीं, वांगचुक को अस्पताल में भर्ती कराए जाने का विपक्ष के नेता, समाजिक कार्यकर्ता और कुछ फिल्मी हस्तियों ने विरोध जताया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा,'केंद्र सरकार के मुख्य सिद्धांत असत्य और हिंसा हैं। सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाना, जब वे अहिंसक भूख हड़ताल पर थे, गलत है। पेपर लीक, शिक्षा की बढ़ती लागत और छात्रों की आत्महत्या भारत के भविष्य के लिए गंभीर मुद्दे हैं। कोई भी ताकत भारत के छात्रों और हममें से उन लोगों को, जो उनसे प्यार करते हैं और उनमें विश्वास रखते हैं, इन मुद्दों को उठाने से नहीं रोक सकती। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार और शिवसेना-यूबीटी सांसद संजय राउत ने भी पुलिस की कार्रवाई की निंदा की है।

### वांगचुक की पत्नी ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली।** पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने सफदरजंग अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उनका सफदरजंग सरकारी अस्पताल पर से भरोसा उठ गया है। साथ ही उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की है। गीतांजलि ने दावा किया कि अस्पताल ने उन्हें बताया था कि सोनम वांगचुक का पोटेशियम स्तर घटकर 2.9 रह गया है और इसे चिंताजनक व जानलेवा स्थिति बताया गया। हालांकि, अस्पताल द्वारा जारी सार्वजनिक हेल्थ बुलेटिन में वास्तविक आंकड़ा साझा नहीं किया गया और केवल इतना कहा गया कि पोटेशियम का स्तर कम हो रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि एक स्वतंत्र प्रयोगशाला की जांच में पोटेशियम स्तर 3.5 पाया गया, जो सामान्य सीमा के भीतर है।

### वार्ड के बाहर लगभग 30 पुलिसकर्मी

उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद अस्पताल प्रशासन सोनम वांगचुक को डिस्चार्ज करने या उनकी पसंद के किसी निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की अनुमति नहीं दे रहा है। उनके अनुसार, वार्ड के बाहर लगभग 30 पुलिसकर्मी और पूरे अस्पताल परिसर में 100 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं, जिससे उनकी आवाजाही सीमित हो गई है। उन्होंने इसे चिकित्सकीय देखभाल नहीं, बल्कि 'अवैध हिरासत' बताया। गीतांजलि ने कहा कि यदि सोनम वांगचुक के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन और सरकार की होगी। उन्होंने बताया कि इसी कारण उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की है। याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि सोनम वांगचुक की सेहत और अधिक बिगड़ने से पहले उन्हें उनकी पसंद के निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाए।

## वृंदावन से लौटते समय सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत, तीन की हालत गंभीर

**पलवल (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** पलवल में दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। इस हादसे में ग्रेटर नोएडा के दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके तीन अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार सुबह करीब 6:30 बजे हुई। सभी दोस्त वृंदावन में शनिदेव के दर्शन कर अपने घर ग्रेटर नोएडा लौट रहे थे। मृतकों में ग्रेटर नोएडा के दादरी निवासी हिमांशु और राजपुर निवासी निशांत शामिल हैं। घायलों में जुनपथ के शिवम और निशांत, तथा सादोपुर का लकी शामिल हैं। वापसी के दौरान उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई। कार दिल्ली से आगरा जाने वाली लेन में चल रही एक अन्य कार से जा टकराई।

## सीएम विजय का भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस एक्शन, तमिलनाडु में 7 जीसीसी अधिकारी सस्पेंड

**चेन्नई (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान को तब और तेजी मिली, जब ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन (जीसीसी) के सात अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया और कथित भ्रष्टाचार व बिना हिसाब-किताब वाले वित्तीय लेन-देन के लिए एफआईआर दर्ज की गई। यह कार्रवाई पिछले हफ्ते चेन्नई के दो जोन में की गई जांच के बाद हुई, जिसमें अधिकारियों के कथित तौर पर बिना हिसाब-किताब वाला कैश और संदिग्ध डिजिटल लेन-देन मिले। इसके बाद से ब्यूरोक्रेट में हड़कंप है।

# खड़े ट्रक में घुसी बाइक, छुट्टी पर आए जवान समेत तीन की मौत

महानगर टाइम्स संवाददाता



**दरभंगा।** दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान पूर्वी थाना क्षेत्र में शनिवार रात एसएच-56 पर धबौलिया पुल के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बुलेट बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में छुट्टी पर घर आए एक आर्मी जवान भी शामिल है।

हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने कुशेश्वरस्थान-दरभंगा मुख्य मार्ग (एसएच-56) को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही बिरौल एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी, कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष गौरव प्रसाद और आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची तथा लोगों को समझाकर जाम हटाने का प्रयास शुरू किया।

### खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार बुलेट

बताया जाता है कि शनिवार शाम करीब साढ़े आठ से नौ बजे के बीच धबौलिया से कुशेश्वरस्थान की ओर एक बुलेट बाइक पर तीन युवक सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान धबौलिया पुल पर पहले से खड़े ट्रक के पीछे तेज रफ्तार बुलेट जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने बिना देर किए तीनों घायलों को करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित कुशेश्वरस्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मोहम्मद सोहराब ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

### मृतकों के परिजनों में मचा कोहराम

घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष गौरव प्रसाद ने बताया कि मृतकों की पहचान बड़गांव निवासी अरुण कुमार राय के पुत्र और भारतीय सेना के जवान अखिलेश आनंद के रूप में हुई है। अखिलेश छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे। दूसरे मृतक की पहचान धबौलिया निवासी स्वर्गीय राम सिंह के 38 वर्षीय पुत्र पंकज राय तथा तीसरे मृतक की पहचान केवटगामा पंचायत के भरडीहा निवासी संतोष यादव के 30 वर्षीय पुत्र बादल यादव के रूप में हुई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बपूई, पंचायत समिति बौंली, जिला सवाई माधोपुर**

क्रमांक- 95 दिनांक-16.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या-01/2026-27**

**NIB code PIJ2627A0034 and UBN is: PIJ2627GLOB00034**

वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत बपूई में विकसित भारत जी.राम.जी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न एवं योजनाओं में कार्यो के लिये निर्माण सामग्री क्रय हेतु, उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 के तहत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में पंजीकृत विक्रेताओं/ निविदादाताओं से वार्षिक दर दिनांक 31.3.2027 तक के लिये निम्नानुसार निविदा दरें ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धति से द्विस्तरीय (तकनिकी एवं वित्तीय अलग-अलग आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते एवं सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की बेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बपूई — प्रशासक, ग्राम पंचायत बपूई

भारत सरकार का उपक्रम

**आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड IREL (India) Limited**

Formerly Indian Rare Earths Limited
(भारत सरकार का उपक्रम)
(A Government of India Undertaking)
CIN : U15100MH1950GO1008187 Website : www.irel.co.in
ISO 9001: 2015, ISO 14001: 2015 & ISO 45001 : 2018 Company

संदर्भ-विज्ञा 26-27/8 निविदा नोटिस दि. 15.07.2026/ Ref.ADVT.NO. 26-27/8 TENDER NOTICE Date : 15.07.2026
IREL (India) Limited, Chavara invitews Bid for the following item / job description.

| कार्य नं./ Evant No. (GeM) | कार्य/मद विवरण / Job/ Item Description |
|---|---|
| GEM/2026/B/7788631 | Mechanical loading, transportation and leveling of tails sand from HUP tails yard/ MSP tails yard to excavated pits of Karithura area of Chavara village - For 240000 T |

बिड्डर निविदा फार्म http://irel.co.in or http://gem.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है।
निविदा में कोई शुद्धिपत्र / विस्तार वेबसाइट में ही डाल सकते है।
Bidder may download tender document from http://irel.co.in or http://gem.gov.in website.
Any corrigendum / e&tension to above tenders shall be hosted in above websites only.

cbc 48139/11/0009/2627 — ह. प्रधान, चवरा / -Sd/- Head, Chabara

स्पीकर के फैसले पर बवाल

## टीएमसी और शिवसेना के बागी सांसदों को मान्यता

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र से पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक से रविवार को विपक्ष ने वॉकआउट किया। उन्होंने स्पीकर के उस फैसले का विरोध किया जिसमें तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और शिवसेना (यूबीटी) के बागी सांसदों को बैठक में बुलाया गया था। यह घटनाक्रम तब हुआ जब लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शिवसेना (बीटी) के छह सांसदों के, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय को मंजूरी दे दी। साथ ही, उन्होंने टीएमसी के उन 20 बागी सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था की मंजूरी भी दी, जो एनसीपीआई नाम की एक कम जानी-पहचानी पार्टी में शामिल हो गए हैं। विपक्ष का रुख बताते हुए कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पार्टियों ने विरोध स्वरूप बैठक का बहिष्कार करने का सामूहिक फैसला किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने टीएमसी और शिवसेना (यूबीटी) के बागी सांसदों के बारे में स्पीकर के फैसले के विरोध में सर्वदलीय बैठक से वॉकआउट करने का फैसला किया। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि आज कांग्रेस, समाजवादी पार्टी,डीएमके, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, वामपंथी पार्टियों और शिवसेना (बीटी) समेत पूरे विपक्ष ने सर्वदलीय बैठक से विरोध स्वरूप वॉकआउट किया। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि तथाकथित एनसीपीआई (जो एक गैर-मान्यता प्राप्त पार्टी है) के सदस्यों को मिलाकर, टेबल ऑफिस द्वारा दी गई सूची में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की सदस्य संख्या 28 दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि इन तथाकथित बागी 20 सांसदों के विलय को स्पीकर ने मंजूरी नहीं दी है। उनकी सदस्यता रद्द करने से जुड़ी 20 याचिकाएं अभी भी लंबित हैं। 91वें संविधान संशोधन के बाद अलग गुट (ब्लॉक) बनाने की कोई गुंजाइश नहीं है।

गृह मंत्री अमित शाह ने ली बंगाल की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक

## अवैध घुसपैठ, संगठित अपराध और सीमा प्रबंधन पर मंथन



महानगर टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन रविवार को राज्य की कानून-व्यवस्था, सीमा सुरक्षा व आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। उत्तर बंगाल का दौरा पूरा करने के बाद वे कोलकाता पहुंचे, जहां दक्षिण कोलकाता के अलीपुर स्थित राज्य अतिथि गृह सौजन्य में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल, पुलिस महानिदेशक सिद्धनाथ गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य फोकस अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा, अवैध घुसपैठ पर रोक, संवेदनशील जिलों की सुरक्षा व्यवस्था, सीमा प्रबंधन और हाल ही में लागू 'पश्चिम बंगाल लोक सुरक्षा व असामाजिक गतिविधियां नियंत्रण अधिनियम' के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहा। गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को संगठित अपराध, जबरन वसूली, अवैध खनन, साइबर अपराध व सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों के खिलाफ कठोर व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से पश्चिम बंगाल की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं अत्यंत संवेदनशील हैं और बांग्लादेश से लगी जिन सीमाओं पर अब तक बाड़ का निर्माण पूरा नहीं हुआ है, वहां कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता है। इससे पहले शनिवार को अमित शाह ने सिलीगुड़ी कॉरिडोर के निकट भारत-बांग्लादेश सीमा का दौरा कर बीएसएफ की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने करीब 77.06 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया और सीमा चौकियों पर जवानों से संवाद किया।

**घोषणा**

मैं महेश चंद्र शर्मा पुत्र गैंदा लाल शर्मा निवासी मुही बसवा जिला दौसा राजस्थान घोषणा करता हूं कि मेरी धर्मपत्नी पिस्ता शर्मा को घर में सुनीता शर्मा के नाम से भी जाना जाता है। अतः पिस्ता शर्मा और सुनीता शर्मा एक ही महिला का नाम है।

महेश चंद्र शर्मा
7976640847

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै ओमप्रकाश मीणा दत्तक पुत्र स्व. श्री गंगाराम मीणा निवासी प्लॉट नं 4057 नाहरगढ़ किले के नीचे, मीणापाड़ा, पुरानी बस्ती, जयपुर हाल निवासी प्लॉट नं. 21 श्रीराम बिहार, ज्ञान मार्ग, सरस्वती नगर, मालवीय नगर, जयपुर से हूं । मै आम सूचना के माध्यम से सूचित करता हूं कि श्री गंगाराम मीणा व श्रीमती लाडा देवी ने संयुक्तरूप से परिवार की सहमति से रिश्तेदारों व अपने गांव के पंच पटेल के समक्ष मुझे दत्तक पुत्र के रूप में दिनांक 17/4/1980 को गोद लिया था । जिस गोदनामे को माननीय न्यायालय कलेक्टर मुद्रांक जयपुर व्रत प्रथम के पत्र क्रमांक 4088 दिनांक 08/05/2026 के द्वारा पूर्ण मुद्रांकित किया गया । मैने अपना नाम ओमप्रकाश मीणा पुत्र स्व. दुर्गा नारायण मीणा से परिवर्तित कर ओमप्रकाश मीणा दत्तक पुत्र स्व. श्री गंगाराम मीणा समस्त दस्तावेजों के संबंध में प्रस्तुत कर रहा हूं । अब भविष्य में मुझे ओमप्रकाश मीणा दत्तक पुत्र स्व. श्री गंगाराम मीणा के नाम से जाना जावे ।

ओम प्रकाश मीणा मोबाइल नं.- 98295 57101

**उत्तर मध्य रेलवे**

जेम बिड सूचना 11/2026 — **ई-निविदा सूचना** — दिनांकः 17.07.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल सामग्री प्रबंधक/आगरा, उत्तर मध्य रेलवे के अधीन निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

**जेम बिड संख्याः** GEM/2026/B/7709849 dt. 16.07.2026 | **ईएमडी (रू.)ः** 196180/-
**विवरणः** एक्सएलपीई केबल फॉर वर्किंग वोल्टेज
**मात्राः** 16450 MTR | **जेम बिड खुलने की तिथिः** 17.08.2026

**नोटः** 1. उपरोक्त सभी जेम बिड का पूरा विवरण GEM की वेबसाईट https://www.gem.gov.in पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त बिड हेतु जेम बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको GEM की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिए। 5. ड्राइंग की कीमत के लिए विनिधान जेड 650- एवं बयाना राशि (ई.म.डी) जमा करने के लिए विनिधान विविध भंडार 00844517 है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए GEM की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1656/26(K)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्या 15/2026/आर.एस./जे.एच.एस. — दिनांकः 16.07.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (**ई-टेन्डरिंग**) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं.ः** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी3-2026-27-आर.टी.1
**निविदा मूल्यः** Rs. 1770888.00
**कार्य का विवरणः** विद्युत लोको शेड, झाँसी के इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल, मेजरिंग तथा टेस्ट उपकरणों का वार्षिक कैलिब्रेशन करना तीन वर्ष की अवधि के लिए।
**बयाना राशिः** Rs.35400.00 | **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 36 माह
**निविदा सं.ः** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी1-2025-26-आर.टी.5
**निविदा मूल्यः** Rs. 37878000.00
**कार्य का विवरणः** हिटैची टैक्शन मोटर HS-15250 का इलेक्ट्रिकल रिपेयर करना।
**बयाना राशिः** Rs. 757600.00 | **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 24 माह
**निविदा बंद होने की तिथिः** 14.08.2026 प्रत्येक निविदा हेतु। निविदाकार निविदा दिनांक **14.08.2026** को **15:00 बजे** तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 1640/26(K)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम प्रताप नगर, जयपुर**

-: जाहिर आम-सूचना :-


क्रमांक : 2129 दिनांक :- 13.07.26

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 263/447 (EWS), (एरिया 50.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती शान्ती देवी बूटोलिया पत्नी श्री कृष्ण बूटोलिया को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 8363 दिनांक 04.12.2005 को जारी किया था। श्रीमती शान्ती बूटोलिया के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 17.02.2011 को उप पंजीयक सांगानेर प्रथम, जयपुर, के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती शान्ती बूटोलिया द्वारा उक्त आवास को दिनांक 25.04.2011 के द्वारा श्री राजकुमार मूरजानी पुत्र श्री गुलाब राय मूरजानी को विक्रय कर सब रजिस्ट्रार जयपुर-पंचम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री राजकुमार मूरजानी द्वारा श्री ईश्वर दास बच्चानी पुत्र स्व. श्री प्रहलाद रॉय को दिनांक 28.07.2011 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री ईश्वर दास बच्चानी द्वारा मुख्त्यारनामा राम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 13.09.2012 यो द्वारा श्रीमती सुनीता देवनानी पत्नी श्री ललित कुमार देवनानी को विक्रय कर उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्रीमती सुनीता देवनानी पत्नी श्री ललित कुमार देवनानी द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत् किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती सुनीता देवनानी पत्नी श्री ललित कुमार देवनानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

# बीसीआई ने जारी किया सर्कुलर, कोर्टरूम में रील बनाने वाले वकीलों पर होगी कार्रवाई

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने वकीलों के लिए सोशल मीडिया और डिजिटल नैतिकता के नियमों को लेकर सर्कुलर जारी किया है। इसके तहत वकीलों के कोर्टरूम या अदालत परिसर में सोशल मीडिया के लिए रील बनाने पर रोक लगाई गई है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वकीलों, कानून के छात्रों और इंटर्न के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बीसीआई ने सभी राज्य बार काउंसिल को वकीलों के सोशल मीडिया इस्तेमाल और डिजिटल आचरण से जुड़े नए नियम तुरंत लागू करने का निर्देश दिया है। 17 जुलाई को जारी पत्र में बीसीआई ने सभी राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और सचिवों से कहा है इन दिशा-निर्देशों को वकीलों, लॉ फर्मों, बार एसोसिएशनों और कानूनी संस्थानों तक व्यापक रूप से पहुंचाया जाए, ताकि इनका सख्ती से पालन हो। नए नियमों के अनुसार, वकीलों को सोशल मीडिया पर पेशेवर आचरण बनाए रखना होगा। अदालतों के खिलाफ भ्रामक अपमानजनक, या मानहानिकारक पोस्ट करने पर रोक रहेगी। साथ ही, मुवक्किल की गोपनीय जानकारी और अदालत की गोपनीय कार्यवाही सार्वजनिक नहीं की जा सकेगी। बार काउंसिल ने वकीलों से डिजिटल माध्यम में भी अदालत की गरिमा बनाए रखने, एआई से तैयार सामग्री का अनैतिक उपयोग न करने और सभी ऑनलाइन संवाद को पेशे की नैतिक मर्यादा के अनुरूप रखने को कहा है। बीसीआई ने राज्य बार काउंसिल को निर्देश दिया है कि वे इन नियमों को अपनी वेबसाइट, सोशल मीडिया और नोटिस बोर्ड पर जारी करें। साथ ही वेबिनार, कार्यशाला और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वकीलों को नए नियमों की जानकारी दें। नामांकन या नवीनीकरण के समय वकीलों से इन दिशा-निर्देशों का पालन करने का लिखित घोषणा-पत्र भी लिया जाएगा। कानूनी शिक्षा से जुड़े छोटे वीडियो, रील, पॉडकास्ट क्लिप या पोस्ट साझा करने की इजाजत रहेगी, बशर्ते वे तथ्यात्मक, संतुलित, गोपनीयता का सामना करने वाले और भ्रामक दावे करने वाले न हों। बीसीआई ने सभी बार काउंसिल और बार एसोसिएशन को सोशल मीडिया एथिक्स नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया, जो डिजिटल आचार संहिता से जुड़े मामलों और शिकायतों का निगरानी करेगा।

**नगर निगम, जयपुर**

(पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड़, जयपुर-16)
क्रमांकः एफ-6()उपा.राजस्व-द्वितीय(सा.प्र.)/ननिज./2026/447 दिनांक-17/7/2026

**सार्वजनिक सूचना**

भूखण्ड संख्या 26, वसुन्धरा कॉलोनी, भारत भवन गृह निर्माण सहकारी समिति, जयपुर की मूल पत्रावली रिकॉर्ड शाखा में उपलब्ध नहीं होने के कारण इस कार्यालय द्वारा पत्रांक 371 दिनांक 02.07.2026 को खोज पत्र जारी किया गया। तत्पश्चात् भी मूल पत्रावली उपलब्ध नहीं हो पा रही है। मूल पत्रावली गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने बाबत् पत्रांक 427 दिनांक 14.07.2026 को थानाधिकारी ज्योति नगर थाना, जयपुर को पत्र भिजवाया गया। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की छायाप्रतियों के आधार पर सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में स्थित खसरा नं. 59, 57/171, 58/175. ग्राम मानपुरा देवरी, तहसील जयपुर का भूखण्ड संख्या 26, वसुन्धरा कॉलोनी, भारत भवन गृह निर्माण सहकारी समिति, जयपुर क्षेत्रफल 1000 वर्गगज की लीज डीड़ अतिरिक्त जिलाधीश, कृषि रूपान्तरण, जिला जयपुर द्वारा श्री दीनदयाल शर्मा पुत्र स्व. श्री मेहर चंद शर्मा के नाम से जारी किया गया था। अब उक्त भूखण्ड संख्या 26, वसुन्धरा कॉलोनी, भारत भवन गृह निर्माण सहकारी समिति, जयपुर क्षेत्रफल 1000 वर्गगज का रजिस्टर्ड वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड उपहार पत्र एवं अन्य श्रृंखलाबद्ध दस्तावेजों के आधार पर श्री मनोज वशिष्ठ एवं श्री संजय वशिष्ठ पुत्रान स्व. श्री दीनदयाल शर्मा, निवासी 26, वसुन्धरा कॉलोनी, टोंक रोड़, जयपुर दूरभाष नं. 94144-41819 के द्वारा नाम हस्तान्तरण एवं फ्री होल्ड पट्टा चाहा गया है। अतः उक्त भूखण्ड संख्या 26, वसुन्धरा कॉलोनी, भारत भवन गृह निर्माण सहकारी समिति, जयपुर क्षेत्रफल 1000 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण एवं फ्री होल्ड पट्टा श्री मनोज वशिष्ठ एवं श्री संजय वशिष्ठ पुत्रान स्व. श्री दीनदयाल शर्मा, निवासी 26, वसुन्धरा कॉलोनी, टोंक रोड़, जयपुर के पक्ष में किये जाने बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी अथवा अन्य हित सम्बन्ध व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय, कक्ष संख्या 227 प्रथम तल, नगर निगम जयपुर मुख्यालय, लालकोठी, जयपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार पत्रावली का पुनर्गठन करते हुए नाम हस्तान्तरण एवं फ्री होल्ड किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

(अशोक कुमार शर्मा) R.A.S. उपायुक्त (राजस्व द्वितीय) नगर निगम जयपुर

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 26/33 दिनांक 17.07.2026

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38261306 | ब्रेक बीम | 2110 नग | 17.08.2026 |
| 2 | 38261221 | साइड फ्रेम की | 42075 नग | 25.08.2026 |
| 3 | 30262821 | डम्प वाल्व फॉर एलएचबी कोचेज | 54 नग | 18.08.2026 |
| 4 | 30262040 | प्राइमरी वर्टिकल डैम्पर | 4720 नग | 11.08.2026 |
| 5 | 38264283 | आटोमेटिक प्रेशर मॉडिफिकेशन डिवाइस | 419 नग | 20.08.2026 |
| 6 | 30252877A | फ्लेक्स बॉल केबल शॉर्ट | 108 नग | 31.08.2026 |
| 7 | 30261692 | कट ऑफ एंगल कॉक विद वेंट | 8437 नग | 03.09.2026 |
| 8 | 38262717 | साइड बेयरर असेंबली | 1168 सेट | 10.09.2026 |
| 9 | 38261435 | पिन विद वाशर एंड बल्ब कटर | 83779 नग | 15.09.2026 |
| 10 | 38261926 | सेंटर पिवोट टॉप | 962 नग | 22.09.2026 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 1655/26 (PH)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# ‘अनमोल आशीर्वाद हो तुम... ईश्वर की शुक्रगुजार हूं’



कैटरीना कैफ ने साझा कीं बेटे विहान के साथ खूबसूरत तस्वीरें

**कैटरीना** कैफ ने हाल ही में अपना 43वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया। यह जन्मदिन उनके लिए बेहद खास रहा, क्योंकि इस बार जन्मदिन पर उनके बेटे विहान भी शामिल हुए। बेटे के साथ कैट ने पहला जन्मदिन मनाया। थोड़ा देर से ही सही, रविवार को उन्होंने झलकियां साझा की हैं।

**बेबी विहान के साथ मनाया कैट ने जन्मदिनः** कैटरीना कैफ ने 16 जुलाई को अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने रविवार को फोटोज साझा किए हैं। इनमें बेटे विहान की भी झलक है। कैटरीना बेबी विहान को गोद में लेकर पोज देती नजर आ रही हैं। एक फोटो में विहान मम्मा की नाक पकड़ते दिखे हैं। हालांकि, सामने आई तस्वीरों में विहान का फेस रिवील नहीं किया गया है।

**लिखा- ‘हमेशा शुक्रगुजार रहूंगी’:** पोस्ट के साथ कैटरीना कैफ ने कैप्शन लिखा है, ‘तुम मेरी जिंदगी का सबसे अनमोल आशीर्वाद हो, जिसके लिए मैं हमेशा ऊपर वाले की शुक्रगुजार रहती हूं। मेरा यह जन्मदिन बेस्ट रहा। वैसे तुम भी कुछ कम नहीं हो’। कैटरीना ऑरेंज कलर की ड्रेस में दिख रही हैं। वहीं, एक तस्वीर में वे ब्लू ड्रेस में हैं। साथ में विक्की कौशल भी हैं।

### नेटिजंस ने बेबी विहान कौशल पर लुटाया प्यार

कैटरीना के पोस्ट पर नेटिजंस प्यार लुटा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ‘कैटरीना की ये तस्वीरें देखकर मुझे उनका सॉफ्ट ड्रिंक वाला विज्ञापन याद आ गया’। एक यूजर ने लिखा, ‘कैटरीना, विक्की और विहान, बेहद प्यारी फैमिली मूमेंट्स। किसी की नजर न लगे’। एक अन्य यूजर ने लिखा है, ‘कैटरीना के जीवन का यह मातृत्व पड़ाव बेहद प्यारा है। हमें भी बहुत अच्छा लग रहा है’। वहीं, तमाम यूजर्स विहान कौशल पर प्यार लुटा रहे हैं और आशीर्वाद दे रहे हैं। फैंस के अलावा अदिति राव हैदरी और दीया मिर्जा समेत कई सेलेब्स ने भी कमेंट किए हैं।

# ‘नकाब’ की ओपनिंग नाइट बनी यादगार



### नवाजुद्दीन सिद्दीकी और बेटी शोरा को मिला स्टैंडिंग ओवेशन, जमकर बरसी तालियां

**नवाजुद्दीन** सिद्दीकी 25 साल बाद थिएटर में ‘नकाब’ पर परफॉर्म किया। इस बीच उन्हें अपने पहले ही शो को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और पूरा शो हाउसफुल रहा। शिकागो में शो इस खास मौके को नवाजुद्दीन ने अपनी बेटी शोरा सिद्दीकी के साथ साझा किया। उनके लिए ये पल बेहद भावुक रहा, क्योंकि उन्होंने उसी मंच पर वापसी की, जहां से एक कलाकार के तौर पर उनका सफर शुरू हुआ था।

### शोरा ने किया थिएटर डेब्यू

नकाब के जरिए शोरा सिद्दीकी ने भी थिएटर में अपना डेब्यू किया और अपने पिता के साथ मंच पर नजर आईं। इससे पहले ही नवाजुद्दीन की वापसी को लेकर काफी एक्साइटमेंट थी, लेकिन शोरा ने भी अपने कॉन्फिडेंस और शानदार स्टेज प्रेजेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया और शाम की सबसे खास झलकियों में से एक बन गईं।

### शो को मिला जबर्दस्त रिस्पॉन्स

शिकागो में पहले शो को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स ने ‘नकाब’ के इंटरनेशनल टूर की शानदार शुरुआत कर दी है। इस सफल पहले शो ने एक बार फिर साबित कर दिया कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी की स्टेज पर पकड़ आज भी उतनी ही मजबूत है।

वहीं, शोरा सिद्दीकी ने भी अपने शानदार थिएटर डेब्यू से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। बाप-बेटी की इस दिल छू लेने वाली प्रस्तुति को दर्शकों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया और नकाब की ओपनिंग नाइट को हमेशा के लिए यादगार बना दिया।

# आमिर खान के घर के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा

### लॉरेंस गैंग की कथित धमकी के बाद वायरल पोस्ट और ऑडियो की जांच शुरू

**आमिर** खान को तीसरी शादी करने पर मिली कथित धमकी को लेकर जांच शुरू कर दी गई। शनिवार को वॉयस क्लिप और सोशल मीडिया पोस्ट सामने आने के बाद पुलिस ने बांद्रा पश्चिम के पाली हिल स्थित आमिर खान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी। हालांकि, आमिर खान फिलहाल देश से बाहर हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अभी तक न तो वॉयस क्लिप और न ही सोशल मीडिया पोस्ट की असलियत कन्फर्म हुई है। वहीं, मुंबई पुलिस कमिश्नर देवन भारती ने कहा, ‘हम सोशल मीडिया पोस्ट और वॉयस क्लिप की सत्यता की जांच कर रहे हैं।’

गौरतलब है कि शनिवार को आमिर खान को लॉरेंस गैंग की तरफ से कथित तौर पर जान से मारने की धमकी मिलने



की खबर सामने आई थी। आमिर खान की 5 जुलाई को हुई गौरी स्प्रैट से शादी को लव जिहाद बताया गया था।

सोशल मीडिया पर कथित तौर पर लॉरेंस गैंग की तरफ से एक लेटर और ऑडियो नोट जारी किया गया है। लेटर में लिखा था-

‘हमारे देश में आमिर खान जैसे लोग लव जिहाद को बढ़ावा दे रहे हैं, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसका जवाब बहुत जल्द इसको दिया जाएगा। ये चीज हमारे सनातन धर्म में और देश के खिलाफ है। ये जो स्टारडम के नाम पर इस चीज को बढ़ावा दे रहे हैं, इनकी हम सांसें दबा लेंगे।’



नितेश तिवारी की ‘रामायण’ का हिस्सा बनकर खुशी से झूमीं रकुल प्रीत सिंह

# ‘यह अहसास शब्दों से परे है’

**रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म ‘रामायण’ का हिस्सा बनकर रकुल प्रीत सिंह बेहद खुश हैं। शनिवार को इस फिल्म का भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट आयोजित किया गया। इस मौके पर रकुल प्रीत सिंह भी शामिल हुईं। फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेत्री बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुशी जताई है।**

### रकुल ने ‘रामायण’ को बताया सिनेमा से आगे की यात्रा

रकुल प्रीत सिंह ने इस प्रोजेक्ट को सिनेमा से भी आगे की एक यात्रा बताया है। रविवार को रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने ‘रामायण’ के भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट की झलकियां शेयर कीं। साथ ही इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के बारे में बात की। इवेंट में रकुल प्रीत येलो कलर की ड्रेस में नजर आईं।

### रकुल बोलीं- ‘बेसब्री से इंतजार है’

उन्होंने लिखा है, ‘एक ऐसी चीज का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, जो जिंदगी और सिनेमा से भी कहीं बड़ी है। हमारा इतिहास, हमारी विरासत, हमारी रामायण। हम दुनिया के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह एहसास सचमुच शब्दों से परे है। आप सभी के हमारे साथ इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है।’

### रकुल की भूमिका क्या होगी?

रकुल प्रीत सिंह को नितेश तिवारी की फिल्म ‘रामायण’ में शूर्पणखा की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में होंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता का रोल कर रही हैं। एक्टर यश रावण की अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला हिस्सा इस साल दीपावली पर आएगा। वहीं, दूसरा पार्ट अगले साल यानी 2027 में दीपावली के अवसर पर रिलीज होगा।

# 37 साल बाद मीनाक्षी शेषाद्रि ने ‘नाचे नागिन गली-गली’ पर किया डांस



### बोलीं- ‘फैंस की फरमाइश पर किया रिक्रिएट’

फिल्म ‘नाचे नागिन गली गली’ में मीनाक्षी शेषाद्रि को नागिन के रूप में देखा गया था। वहीं, अभिनेता नितीश भारद्वाज उनके अपोजिट दिखे। दिग्गज अभिनेत्री ने फिल्म के टाइटल सॉन्ग को रिक्रिएट किया है। उन्होंने तमाम दर्शकों और प्रशंसकों की गुजारिश पर फिर से इस गाने पर डांस किया है और सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है।

### रानी रॉय और श्रीदेवी को क्यों किया याद?

अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि ने फिल्म ‘नाचे नागिन गली गली’ की यादें फिर से ताजा की हैं। इसी के साथ उन्होंने रीना रॉय और श्रीदेवी को भी याद किया है। अपना डांस वीडियो शेयर करते हुए मीनाक्षी शेषाद्रि ने लिखा है, ‘70 के दशक के बीच में आई फिल्म ‘नागिन’ ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त धूम मचाई थी। इसमें रीना रॉय मुख्य भूमिका में थीं। 80 के दशक के बीच में श्रीदेवी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म ‘नगीना’ के साथ इतिहास ने खुद को दोहराया। मैंने भी इसी तरह की थीम पर एक फिल्म ‘नाचे नागिन गली-गली’ की थी।

### बोलीं- ‘कई लोगों ने की थी गुजारिश’

मीनाक्षी शेषाद्रि ने आगे लिखा है, ‘मैंने इसके टाइटल सॉन्ग को फिर से बनाने का फैसला किया। रूप बदलने वाले सांपों या ‘इच्छाधारी नागों’ का कॉन्सेप्ट हिंदू लोक-कथाओं की एक अनोखी विशेषता है। इस फिल्म में मेरे साथ नीतीश भारद्वाज थे। यह कहानी कई कस्बों, शहरों और गांवों में दर्शकों को बहुत पसंद आई थी। मुझे इस गाने को फिर से बनाने के लिए कई अनुरोध मिले थे, तो लीजिए आपकी फरमाइश पर पेश है।’

### यूजर्स ने की तारीफ

गाने में देखा जा सकता है कि अभिनेत्री नागिन के रूप में नजर आ रही हैं। उन्होंने गोल्डन और ब्लैक कलर की साड़ी पहनी है। उसी तरह का मेकअप रखा है। माथे पर ‘नागमणि’ लगाकर वे शानदार तरीके से थिरक रही हैं। उन्होंने एक बार फिर फैंस को मुरीद बना लिया है। उनके डांस की यूजर्स जमकर तारीफ कर रहे हैं।

# मुंबई इवेंट में दुबले नजर आए सलमान खान!

### उतरा चेहरा, थकी आंखों के साथ दिखे एक्टर

**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान हाल ही में मुंबई में एक पब्लिक इवेंट के दौरान दुबले नजर आए। उनके इस नए लुक के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद फैंस उनकी सेहत को लेकर चिंता जता रहे हैं। कई सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि वे काफी थके हुए और बीमार लग रहे हैं, वहीं कुछ फैंस ने उनका बचाव करते हुए कहा कि वे करीब 60 साल की उम्र में बिना किसी दिखावे के नेचुरल दिख रहे हैं। सलमान खान शुक्रवार को मुंबई में स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी (एसआरए) के ऑफिस पहुंचे थे, जहां उनके इस लुक ने सबका ध्यान खींचा। वहां उन्होंने अथॉरिटी के नए डेटा कलेक्शन एंड वेरिफिकेशन सपोर्ट सेंटर (आईटी सर्वर रूम) का उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद लाभार्थियों को उनके नए घरों की चाबियां भी सौंपीं। कार्यक्रम के दौरान सलमान खान के साथ उनके बॉडीगार्ड शेरा भी मौजूद थे। इस इवेंट के कई वीडियो इंटरनेट पर सामने आए, जिसके बाद उनकी शारीरिक हालत को लेकर चर्चा शुरू हो गई।

### सोशल मीडिया पर फैंस ने किया कमेंट सेहत को लेकर जताई चिंता

वायरल वीडियो को देखकर एक यूजर ने लिखा कि वे बीमार लग रहे हैं, भगवान उन्हें ठीक रखे। एक दूसरे यूजर ने कमेंट किया कि उन्हें कोई हेल्थ इश्यू लग रहा है, क्योंकि वे ठीक से चल भी नहीं पा रहे हैं। एक अन्य फैन ने लिखा कि उनकी आंखों में थकान साफ दिख रही है, फिल्मों में अकेले 50 लोगों से लड़ने वाले भाई का औरा इस वक्त गायब लग रहा है। हालांकि, कुछ लोगों ने सलमान का सपोर्ट भी किया। एक यूजर ने लिखा कि बॉलीवुड के स्टार्स अपनी कमियों को छिपाने के लिए किसी भी हद तक जाते हैं, लेकिन सलमान ने बिना किसी झिझक के कैमरे के सामने अपनी असली उम्र को स्वीकार किया है, इसके लिए उनकी तारीफ होनी चाहिए।





### विवादों में है सलमान खान की फिल्म मातृभूमि

- सलमान खान की फिल्म ‘मातृभूमि’ (पहले नाम ‘बैटल ऑफ गलवान’) पिछले कुछ महीनों से कई विवादों में रही है। इसकी कहानी 2020 की भारत-चीन गलवान घाटी झड़प से प्रेरित बताई गई थी।
- कई लोगों ने इस पर विरोध जताया, क्योंकि फिल्म के टीजर के सीन असल लड़ाई की तरह नहीं थे। विवाद बढ़ने पर मेकर्स ने फिल्म का नाम बदलकर मातृभूमि कर दिया।
- नाम बदलते ही सोशल मीडिया पर आरोप लगे कि फिल्म से युद्ध वाला एंगल हटाकर इसे ‘शांतिवादी’ बनाया जा रहा है और चीन को लेकर नरमी दिखाई जा रही है।
- जुलाई 2026 में सीबीएफसी (सेंसर बोर्ड) ने फिल्म को सर्टिफिकेट देने से रोक दिया है और रिलीज अटक गई है।
- इसके बाद सलमान खान फिल्म्स ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यह खबर पूरी तरह झूठी है।
- प्रोडक्शन हाउस ने स्पष्ट किया कि फिल्म को उस समय तक सीबीएफसी के पास सर्टिफिकेशन के लिए भेजा ही नहीं गया था, इसलिए रोक लगने का सवाल ही नहीं उठता।
- फिल्म की शूटिंग काफी पहले पूरी हो चुकी थी, लेकिन अब तक इसकी नई रिलीज डेट घोषित नहीं हुई है।
- इसी वजह से लगातार अलग-अलग तरह की अटकलें लगती रहीं, किसी ने राजनीतिक दबाव बताया, किसी ने सेंसर विवाद और किसी ने री-एडिटिंग की बात कही। लेकिन इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### राजस्थान के निवेश प्रोत्साहन प्रयासों पर लगी राष्ट्रीय मुहर

# नियमों के सरलीकरण में देश में दूसरा, निवेश प्रोत्साहन नीतियों में तीसरा स्थान

## नीति आयोग की निवेश अनुकूलता में 'अग्रणी राज्यों' में शामिल हुआ प्रदेश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निवेश प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण मुहर लगी है। नीति आयोग द्वारा जारी निवेश अनुकूलता सूचकांक में राजस्थान को 'अग्रणी राज्य' की श्रेणी में स्थान मिला है। समग्र रैंकिंग में राज्य देशभर में 10वें तथा बड़े राज्यों में 8वें स्थान पर रहा। वहीं बड़े राज्यों की श्रेणी में नियमों के सरलीकरण में राजस्थान ने दूसरा, निवेश प्रोत्साहन नीतियों में तीसरा तथा संसाधनों के क्षेत्र में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। यह राज्य में निवेश को बढ़ावा देने, उद्योगों के लिए बेहतर माहौल तैयार करने और कारोबार को आसान बनाने की दिशा में किए गए सुधारों का परिणाम है।



राज्य में उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने, निवेशकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने, औद्योगिक भूमि, आधारभूत सुविधाओं तथा निवेश-अनुकूल वातावरण विकसित करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब नीति आयोग की रिपोर्ट में भी दिखाई दिया है। बड़े राज्यों की श्रेणी में नियामकीय सुगमता के क्षेत्र में राजस्थान ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। राज्य सरकार ने निवेशकों को तेज, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज निवेश पोर्टल को लगातार सुदृढ़ किया है। वर्तमान में इस पोर्टल पर 18 विभागों की 190 सेवाएं उपलब्ध हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पोर्टल पर कुल 34,704 आवेदन मिले, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 30 जून तक कुल 30 हजार से अधिक आवेदन आए हैं, जिनमें से 17 हजार से अधिक का निस्तारण किया जा चुका है। इस अवधि में आवेदनों के निस्तारण की समग्र दर 64 प्रतिशत रही, जबकि सर्वाधिक उपयोग वाली 11 प्रमुख सेवाओं में यह दर 68 प्रतिशत रही। साथ ही प्रमुख सेवाओं के औसत निस्तारण समय में कमी दर्ज की गई है। प्रदेश में नए विद्युत कनेक्शन की औसत स्वीकृति अवधि पिछले वित्तीय वर्ष के 20 दिनों से घटकर 10 दिन हो गई है, इसी प्रकार पर्यटन परियोजनाओं की स्वीकृति अवधि 22 दिनों से घटकर 16 दिन हो गई है।

### ढाई वर्षों में 30 से अधिक नई नीतियां लागू

राज्य सरकार द्वारा पिछले ढाई वर्षों में निवेश और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 30 से अधिक नई नीतियां लागू की गई हैं। इनमें एमएसएमई, निर्यात प्रोत्साहन, टेक्सटाइल एवं अपैरल, लॉजिस्टिक्स, स्वच्छ ऊर्जा, डेटा सेंटर, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, सेमीकंडक्टर, एयरोस्पेस एवं डिफेंस जैसी सेक्टर आधारित नीतियां शामिल हैं। साथ ही इसमें कई ऐसे क्षेत्र भी शामिल हैं, जिनके लिए राजस्थान में पहली बार नीतियां बनाई गई हैं। इन्हीं व्यापक नीतिगत सुधारों का परिणाम है कि नीति आयोग ने निवेश प्रोत्साहन के लिए बनाई गई सरकारी नीतियों के मामले में बड़े राज्यों की श्रेणी में राजस्थान को देश में तीसरा स्थान दिया है।

### राजस्थान में निवेशकों का विश्वास लगातार हो रहा मजबूत

नीति आयोग के इस सूचकांक की विशेषता यह है कि इसमें केवल सरकारी आंकड़ों के आधार पर ही मूल्यांकन नहीं किया गया है, बल्कि देशभर के निवेशकों से प्राप्त सुझावों और अनुभवों को भी शामिल किया गया है। इस कारण यह रिपोर्ट निवेशकों की वास्तविक धारणा को भी सामने लाती है। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि राजस्थान में निवेशकों का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है और राज्य निवेश के लिए अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय तथा उद्योग-अनुकूल गंतव्य के रूप में उभरा है।

### राइजिंग राजस्थान समिट से बना सकारात्मक निवेश माहौल

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट ने प्रदेश में निवेश का नया माहौल तैयार किया है। समिट के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में 35 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश समझौते (एमओयू) हुए, जिनमें से करीब 9 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग भी हो चुकी है। इन निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार नियमित समीक्षा, विभागों के बीच समन्वय और निवेशकों की समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। राइजिंग राजस्थान समिट से बने इसी सकारात्मक निवेश माहौल और सरकार द्वारा किए गए सतत सुधारों का प्रतिबिंब नीति आयोग के निवेश अनुकूलता सूचकांक में भी दिखाई देता है।

## शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री ने गांवों में सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को जोधपुर से बिराई गांव जाते समय बावड़ी पंचायत समिति क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गांवों में सार्वजनिक स्थानों, मुख्य मार्गों तथा आबादी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का अवलोकन करते हुए ग्रामीणों से पंचायत स्तर पर की जा रही नियमित सफाई और कचरा संग्रहण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। दिलावर सर्वप्रथम ग्राम पंचायत भवात के गांव भवात में रुके। उन्होंने गांव में पंचायत द्वारा प्रतिदिन करवाई जा रही सफाई, घरों एवं सार्वजनिक स्थानों से कचरा एकत्रित करने तथा उसके समुचित निस्तारण के संबंध में ग्रामीणों से संवाद किया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत गंगाणी के गांव गंगाणी में एवं ग्राम सेवकी कलां में भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि गांवों में सफाई व्यवस्था को नियमित, प्रभावी और परिणामपरक बनाया जाए।

### सीएम ने किया उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुख्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण

# हर नागरिक को है विश्वास, संकट में साथ खड़ी है सरकार : योगी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) मुख्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। यह भवन 200 करोड़ से अधिक की लागत से बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण की वेबसाइट का भी शुभारंभ किया और यहां लगाई प्रदर्शनी व भवन का अवलोकन कर कार्यों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हर आपदा से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश को ऐसा राज्य बनाना है, जहां प्रत्येक नागरिक यह विश्वास लेकर जीवन जी सके कि संकट की खड़ी में सरकार के साथ वह भी तैयार है।

सीएम ने कहा कि प्रायः आपदा व जनधन की व्यापक हानि के बाद हम लोग सक्रिय होते हैं और संवेदना व्यक्त करते हैं, लेकिन आपदा के प्रति पहले से सतर्कता,



तैयारी व जागरूकता जनधन की हानि को न्यूनतम स्तर पर ला सकती है। दैनिक जीवन, स्कूली पाठ्यक्रम व परिवार में संवाद के जरिए इसके बचाव के बारे में बताने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने घटनाओं को नजरअंदाज करने की प्रवृत्ति को खतरनाक बताया। उन्होंने प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि 45 हजार होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। जिन आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया है, उन्हें इस भर्ती में प्राथमिकता देंगे।

### मगरमच्छ की चपेट में आने से बच्चे की मौत पर जताया दुख

सीएम ने बाढ़, आकाशीय बिजली, अतिवृष्टि, अग्निकांड, भवन के धराशायी होने संबंधी प्राकृतिक व भौतिक आपदा की भी चर्चा की। उन्होंने दो दिन पहले बहराइच में हुई घटना पर दुख जताया। कहा कि 12 साल के बच्चे को मगरमच्छ ने निगल लिया। सभी लोग मगरमच्छ वाले संवेदनशील क्षेत्र के साथ ही यह भी जानते हैं कि वे पूरे जीवन में चार-पांच किमी के दायरे में ही रहता है। ऐसे में जीव-जंतु से जबर्दस्ती खिलवाड़ नहीं करें।

### आकाशीय बिजली से बचाव के बताए तरीके

मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशीय बिजली की घटना में भी जान बचाई जा सकती है। इसके लिए उन्होंने तकनीक पर जोर दिया, कहा कि इसका उपयोग करके डेढ़-दो घंटे पहले भी बता सकते हैं कि किस एरिया में आकाशीय बिजली गिरने वाली है। उन्होंने कहा कि 40 साल पहले तकनीक नहीं थी, फिर भी बताया जाता था कि बादल नजदीक हों और लगता हो कि आपस में घने व विशेष रंग के हैं तो सावधानी बरतने की आवश्यकता है। ऐसे में खुले स्थान या पेड़ के नहीं खड़ा होना है और ना ही लोहे या कोई धातु की वस्तु लेकर चलना है, बल्कि पक्के भवन के नीचे शरण लेनी है।

### आपदा प्रबंधन से जुड़े बेहतरीन संस्थानों से समन्वय आवश्यक

सीएम ने कहा कि प्राधिकरण आपदा प्रबंधन से जुड़े बेहतरीन संस्थानों से समन्वय और एमओयू करे। हर तबके के लोगों को प्रशिक्षण से जोड़े। मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म के जरिए भी जागरूकता फैलाए और सावधानी/सतर्कता के बारे में बताएं। सीएम ने जनपद, तहसील, थाना, विकास खंड, नगर निकायों में भी मॉकड्रिल को बढ़ाने पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि सभी 17 नगर निगम एसडीएमए के उपकेंद्र के रूप में आपदा प्रबंधन के कार्यक्रम को बढ़ाएं।

## बंगाल में कोरोना की फिर दस्तक, दक्षिण कोलकाता का 10 वर्षीय बच्चा कोविड पॉजिटिव

### बुखार, खांसी और सांस लेने में तकलीफ के बाद हुई पुष्टि

महानगर टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता।** देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच पश्चिम बंगाल से भी कोविड-19 का नया मामला सामने आया है। दक्षिण कोलकाता के गड़िया क्षेत्र का रहने वाला 10 वर्षीय एक बच्चा कोरोना संक्रमित पाया गया है। तबीयत बिगड़ने पर उसे शनिवार सुबह शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। अस्पताल के अनुसार बच्चे को पिछले चार दिनों से लगातार बुखार, खांसी और सांस लेने में परेशानी की शिकायत थी। लक्षणों को गंभीरता से लेते हुए डॉक्टरों ने कोविड जांच कराई, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। संक्रमण की पुष्टि होते ही एहतियाती कदम उठाते हुए बच्चे को तत्काल अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान स्थिति को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। दिनों में देश के कुछ हिस्सों में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं, लेकिन अधिकांश मरीजों में संक्रमण के लक्षण हल्के हैं और अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत बहुत कम पड़ रही है।






स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2024-26